सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 5:46

आज का तापमान

शिमला	12.0 न्यू	22.4 अधि
धर्मशाला	15.0 न्यू	26.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81224.75
निफ्टी	24854.05

सोना 77,667 | चांदी 97,249

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 20 अक्तूबर 2024 | 4 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 304, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

विजया राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विजया किशोर को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के अध्यक्ष रूप में नामित किया है। अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के तहत की गई यह नियुक्ति तीन साल की अवधि या विजया किशोर के 65 वर्ष के होने (दोनों में जो भी पहले हो) तक के लिए होगी। विजय किशोर की नियुक्ति के अलावा सरकार ने एनसीडब्ल्यू के नए सदस्य भी नामित किए हैं। डॉ. अर्चना मजूमदार को आधिकारिक तौर पर तीन साल के कार्यकाल के लिए एनसीडब्ल्यू का सदस्य नियुक्त किया है।

वायनाड सीट से 23 को नामांकन भरेंगी प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने जा रही हैं, जो राहुल गांधी के छोड़ने के बाद खाली हुई है। प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से अपना नामांकन 23 अक्तूबर को दाखिल करेंगी। झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ ही 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है।

बिहार में एसयूवी ने छह लोगों को रौंदा, मौत

बांका। बिहार के बांका जिले में तेज रफ्तार एसयूवी ने छह लोगों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। यह दुर्घटना फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र में नगरडीह चौराहे के पास शुक्रवार रात को हुई। उप संभागीय पुलिस अधिकारी बिपिन बिहारी ने बताया कि ये लोग पैदल पथ पार कर रहे थे। चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एसयूवी चालक तुरंत घटनास्थल से भाग गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर शोक जताया है।

झारखंड में भाजपा ने 66 उम्मीदवार मैदान में उतारे

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को धनवार से प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) चंपई सोरेन को सरायकेला से उम्मीदवार बनाया है, जबकि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला सुरक्षित सीट से मौका दिया गया है। भाजपा ने पूर्व जेएमएम नेता (अब भाजपा में) लोबिन हेम्ब्रम को बोरियो विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है।

केदारनाथ धाम के तीन नवंबर को होंगे कपाट बंद

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस बीच उत्तराखंड सरकार ने शनिवार को चारों धामों के कपाट बंद होने की तारीखों का ऐलान कर दिया। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मुताबिक, नवंबर में चारों धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि एक नवंबर को गंगोत्री धाम के कपाट बंद होंगे। इसके अलावा यमुनोत्री धाम और केदारनाथ धाम के कपाट तीन नवंबर को बंद होंगे, जबकि तुंगनाथ धाम के कपाट चार नवंबर को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को बंद होंगे।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शानन प्रोजेक्ट हिमाचल को न मिलना प्रदेश के साथ अन्याय : शांता -पेज 2
- दियोटसिद्ध में दुकानों से भरे प्रसाद के सैंपल -पेज 6
- कांग्रेस किसानों के हकों की लड़ रही लड़ाई : राठौर -पेज 12
- मणिपुर में उग्रवादियों ने किया हमला, फिर भड़की हिंसा -पेज 13
- आज दुनिया को मिलेगा नया वर्ल्ड चैंपियन -पेज 14

देवताओं का नजराना और बजंतरियों का भत्ता बढ़ा

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के समापन पर दी सौगात

कमलेश वर्मा, कुल्लू

- नजराना में पांच और बजंतरियों के मानदेय और दूरी भत्ते में 20-20% वृद्धि
- आपदा राहत कार्यों के लिए लोक निर्माण मंडल कुल्लू को आठ करोड़ रुपए दिए
- पिरडी में ब्यास नदी के लेफ्ट और राइट बैंक को जोड़ने के लिए पुल बनाने को 26 करोड़
- देवी-देवता कारदार संघ ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए पांच लाख रुपए

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कला केंद्र से जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने देवी-देवताओं की नजराना राशि में पांच फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की। साथ ही बजंतरियों के भत्ते को 20 फीसदी और देवी-देवताओं के दूरी भत्ते को 20 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया। उन्होंने मनाली के हरिपुर दशहरा के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

सीएम ने आपदा राहत कार्यों के लिए लोक निर्माण मंडल कुल्लू को आठ करोड़ और मनाली मंडल को पांच करोड़ रुपए देने की घोषणा की। कुल्लू जिले के पिरडी में ब्यास नदी के लेफ्ट और राइट बैंक को जोड़ने के लिए लगभग 26 करोड़ रुपए की लागत से पुल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भूभू-जोत टनल का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाया गया है। यह कार्य जल्द ही शुरू होगा, यदि जयराम ठाकुर दिल्ली जाकर अड़ंगा न डालें। (अनंत ज्ञान)

कुल्लू में भी दिख रहा व्यवस्था परिवर्तन का नारा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा कुल्लू दशहरा में भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष आई आपदा के दौरान कुल्लू जिले में सबसे ज्यादा तबाही हुई, लेकिन वह खुद और मंत्रिमंडल के सभी सहयोगी दिन-रात यहां लोगों को राहत पहुंचाने के धरातल पर डटे रहे।

बोले- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर रही राज्य सरकार

सीएम सुक्खू ने कहा कि त्योहरों के दृष्टिगत राज्य सरकार सभी कर्मचारियों और पेंशनरों को 28 अक्तूबर को ही वेतन और पेंशन देने जा रही है। राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास कर रही है और बहुत जल्द इसके लिए कई योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी वर्गों के सहयोग की आवश्यकता है।

विदा दशमी री तूसा सभी बै बधाई

मुख्यमंत्री ने कुल्लूवी बोली में अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि विदा दशमी री तूसा सभी बै बधाई। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है और वह गत वर्ष भी यहां आना चाहते थे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ सके। उन्होंने कहा कि अब इस उत्सव का वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन हो रहा है और हर वर्ष इसे और ज्यादा बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

बिजली महादेव रोपवे के बेस स्टेशन की साइट का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने कुल्लू जिले के पिरडी में 273 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बिजली महादेव रोपवे के बेस स्टेशन की साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि रोपवे के निर्माण के लिए राज्य सरकार को एफसीए क्लीयरेंस मिल चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने पिरडी में प्रस्तावित राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल और ज्यूडिशियल कांप्लेक्स स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने हाथीथान में पर्यटन विभाग के माध्यम से तैयार किए जा रहे वे-साइड एमिनिटिज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हिमाचल की अर्थव्यवस्था को लेकर दुष्प्रचार कर रही भाजपा, हम आत्मनिर्भर बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा दुष्प्रचार कर रही है, जबकि राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। आबकारी नीति में बदलाव कर सरकार ने एक वर्ष में पिछली सरकार के चार वर्षों के बराबर राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र का बंटाधार किया। कुल्लू जिले में सिर्फ भवन बनाकर छोड़ दिए गए और न ही यहां डॉक्टर और न ही नर्सों व अन्य स्टाफ की नियुक्ति की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ कर रही है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद के भाई गोपाल गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई गोपाल जोशी को महिला से 2 करोड़ रुपए ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें पूर्व जेडी (एस) विधायक देववंद फूल सिंह चव्हाण की पत्नी सुनीता चव्हाण की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। सुनीता की दर्ज कराई एफआईआर में प्रह्लाद जोशी की बहन विजयलक्ष्मी और बेटे अजय जोशी का भी नाम है। सुनीता के मुताबिक, उन्होंने साल 2023 में विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जिसमें हार का सामना करना पड़ा था। उनका आरोप है कि गोपाल राय ने लोकसभा चुनाव का टिकट दिलाने की बात कहकर उनसे 25 लाख रुपए लिए थे, लेकिन टिकट नहीं मिला।

छत्तीसगढ़ में बारूदी सुरंग में विस्फोट से दो जवान शहीद

एजेंसी, नारायणपुर

- दो जवान भी हुए घायल, नक्सल विरोधी अभियान से लौट रहे थे वापस

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिसमें भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए और जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोडलियर गांव के निकट एक जंगल में यह विस्फोट हुआ, जिसमें आईटीबीपी की 53वीं बटालियन के दो जवान अमर पनवार (36) और के राजेश (36) शहीद हो गए। नारायणपुर जिले के ओरछा, मोहंदी और ईरकभट्टी पुलिस शिविर से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) और जिला रिजर्व गार्ड के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए धुरबेड़ा गांव की ओर रवाना किया गया था। दल की वापसी के दौरान शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे एक बारूदी सुरंग में विस्फोट हुआ, जिसमें आईटीबीपी के दो जवान और जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए। दो अन्य जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ज्ञानवापी : सर्वेक्षण याचिका पर बहस पूरी 25 को आएगा फैसला

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की खुदाई कर सर्वेक्षण कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस पूरी हो गई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने बताया कि अदालत 25 अक्तूबर को होने वाली अगली सुनवाई पर अपना आदेश सुना सकती है। ज्ञानवापी परिसर की खुदाई कर भारत पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने की मांग वाली याचिका पर शनिवार को दीवानी न्यायाधीश युगल किशोर शंभू की अदालत में सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष पहले ही अपनी दलीलें दे चुका है।

पुंछ में 2 आतंकी गिरफ्तार, 3 ग्रेनेड बरामद

मंदिर और अस्पताल पर हमला करने को तैयार थे, जेकेजीएफ संगठन से जुड़े

अशोक ठाकुर, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल बरामद की गई है। ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजवा-ए-हिंद (जेकेजीएफ) संगठन से जुड़े हाइब्रिड आतंकी हैं।

हाइब्रिड आतंकी आम नागरिकों की तरह ही इलाके में रहते हैं, लेकिन चोरी-छिपे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। जम्मू संभाग के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि हरि गांव से अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन से पूछताछ में पता चला कि दोनों आतंकी मंदिर, सेना के ठिकानों और एक अस्पताल पर ग्रेनेड फेंकने की प्लानिंग कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे

लोगों में डर पैदा करने के लिए पुंछ में एंटी नेशनल पोस्टर भी चिपकाते थे। ये आतंकी बॉर्डर के पार पाकिस्तान में बैठे आतंकियों के संपर्क में थे। उन्हें हथियारों और गोला-बारूद की चार खेप मुहैया कराई थी और 1.50 लाख रुपए की नकदी दी थी। पुलिस के मुताबिक, अजीज पिछले साल 15 नवंबर को सुरनकोट के शिव मंदिर पर, इस साल 26 मार्च को पुंछ जिले के गुरुद्वारा महंत साहिब पर, जून में पुंछ जिले में ही कमसर स्थित सेना की संतरी चौकी पर और 14 अगस्त को सीआरपीएफ की संतरी चौकी के पास स्कूल मैदान में ग्रेनेड से हमले में संलिप्त था। हुसैन ने 18 जुलाई को जिला अस्पताल के कर्मियों के घरों के पास ग्रेनेड हमला किया था।

पीएम नेतन्याहू के आवास पर हिजबुल्लाह का ड्रोन से हमला

एजेंसी, तेल अवीव

- हाउस में पीएम और परिवार मौजूद नहीं था

हिजबुल्लाह ने लेबनान से इसराइल पर ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के घर को निशाना बनाने की कोशिश की गई। इसरायल सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री के घर की ओर एक ड्रोन लांच किया गया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

इसराइल पीएमओ ने कहा कि इस ड्रोन अटैक में पीएम नेतन्याहू का निजी आवास निशाने पर था। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। ड्रोन सिसेरिया की एक इमारत पर गिरा। कोई हताहत नहीं हुआ है। इसराइली डिफेंस फोर्स ने कहा कि शनिवार को लेबनान से इसराइल पर 3 ड्रोन दागे गए। इसराइली फोर्सेस ने 2 ड्रोन को मार गिराया। अटैक के बाद गिलोट सैन्य अड्डे पर अलार्म बजने लगे। आईडीएफ ने माना है कि उनका एयर डिफेंस सिस्टम हमले को रोकने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि वे ड्रोन घुसपैठ की जांच कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड के प्रस्ताव को एलजी की मंजूरी

जल्द प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

एजेंसी, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें केंद्र सरकार से राज्य का दर्ज बहाल करने का अनुरोध किया गया है।

राज्य के दर्जे की बहाली के लिए वीरवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने प्रस्ताव पास किया था। डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि केंद्र को अपना वादा पूरा करना चाहिए और राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए, यह हमारा अधिकार है। हम वही मांग रहे हैं जो उन्होंने पहले ही वादा किया था। इस मांग को लेकर उमर अब्दुल्ला 2 दिन में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। गौर रहे कि केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था।

उमर ने विधानसभा चुनाव के दौरान कहा था कि कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूर किया जाएगा। 16 अक्तूबर को सीएम पद की शपथ लेने के बाद अगले दिन ही उन्होंने प्रस्ताव पास किया।

आदिवासी इस देश के सबसे पहले मालिक हैं : राहुल गांधी

एजेंसी, रांची

- बोले- संविधान पर हर तरफ से किया जा रहा हमला

राहुल गांधी ने झारखंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं, तब वे आपके इतिहास, आपके जीने के तरीके को खत्म करने की कोशिश करते हैं। आदिवासी का मतलब है, देश के सबसे पहले मालिक हैं।

आदिवासी सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि आपका पूरा इतिहास है। उन्होंने दावा किया कि संविधान पर हर तरफ से हमला किया जा रहा है और इसकी रक्षा की जानी चाहिए। भाजपा आदिवासियों की विरासत, इतिहास, परंपरा और चिकित्सा पद्धतियों को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा प्रणाली हमें मूल निवासियों के बारे में सिखाने में विफल रही। आदिवासियों, किसानों और ओबीसी का इतिहास नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नौकरशाही में शीर्ष 90 आईएएस अधिकारियों में केवल तीन ओबीसी हैं, जबकि वित्त मंत्रालय में कोई दलित, आदिवासी नहीं है।

खुलासा त्योहारी सीजन में बढ़े फ्लाइट में बम धमकी के मामले, एयरलाइंस को हो रहा करोड़ों का नुकसान

बम की एक फर्जी कॉल से एयरलाइन को 3 करोड़ का चूना

एजेंसी, नई दिल्ली

बम की एक फर्जी कॉल से एयरलाइंस को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। ईंधन डंपिंग, विमान को ग्राउंड करने और यात्रियों और क्रू को होटल में ठहराने का खर्च 3 करोड़ से अधिक है। हाल ही में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिससे एयरलाइंस का करीब 60-80 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च हुआ है।

14 अक्तूबर को मुंबई से न्यूयॉर्क स्थित एयरपोर्ट के लिए एयर इंडिया की एक फ्लाइट ने उड़ान भरी। यह बोइंग 777 विमान लगभग 130 टन जेट फ्यूल के साथ 16 घंटे की नॉन-स्टॉप यात्रा के लिए न्यूयॉर्क रवाना हुआ। उड़ान भरने के तुरंत बाद, एयरलाइन को एक कॉल आई, जिसमें कहा गया कि फ्लाइट में बम है। जेएफके एयरपोर्ट जा रहे एआई 119 को तुरंत डायवर्ट किया गया। उड़ान भरने के दो घंटे में ही वह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने की तैयारी कर रहा था। हालांकि, इसमें एक समस्या थी। एक वरिष्ठ पायलट ने बताया कि बी-777 (बोइंग 777) का अधिकतम लैंडिंग वजन 250 टन है। इस तरह की पूरी उड़ान का वजन यात्रियों, सामान और कार्गो के साथ उड़ान भरने पर लगभग 340-350 टन होता है। दो घंटे के भीतर उतरने का मतलब है लगभग 100 टन ईंधन बर्बाद करना। लगभग एक लाख रुपए प्रति टन पर, अकेले ईंधन की बर्बादी की लागत 1 करोड़ रुपए बैठती है। इसमें आईजीआई एयरपोर्ट पर अप्रत्याशित लैंडिंग और पार्किंग शुल्क जैसे अन्य खर्च, दिल्ली के होटलों में 200 से अधिक यात्रियों और क्रू मेंबर्स को रखना, छूटे हुए कनेक्शन के लिए बाद में उन्हें मुआवजा देना जैसे खर्च शामिल हैं। झूठी अफवाह पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग फिर पूरी तरह से जांच के बाद विमान को सेवा में वापस सेवा में लाने से पहले ऑपरेटिंग क्रू की नई जोड़ी की व्यवस्था करना शामिल होता है। अधिकारियों के मुताबिक, ऑपरेटिंग क्रू, फ्लाइट के जेएफके एयरपोर्ट तक नहीं पहुंचने से यात्रियों को परेशानी होती है।

30 से ज्यादा फ्लाइट्स में बम की धमकी मिली

नई दिल्ली/मुंबई। भारतीय विमानन कंपनियों की 30 से अधिक उड़ानों में शनिवार को बम होने की धमकी मिली है। एयर इंडिया, इंडिगो, अकासा एयर, विस्तारा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और एलायंस एयर की उड़ानों को धमकियां मिली हैं। इनमें इंडिगो की दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल तथा जोधपुर से दिल्ली की उड़ानें व विस्तारा की उदयपुर से मुंबई की उड़ानें शामिल हैं। इंडिगो ने दो अलग-अलग बयानों में कहा कि वह मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली उड़ान 6ई17 और दिल्ली से इस्तांबुल जाने वाली उड़ान 6ई11 से जुड़ी स्थिति से अवगत है।

न्यूज ब्रीफ

डिपुओं में प्रति व्यक्ति मिलेगी 100 ग्राम अतिरिक्त चीनी

अनंत ज्ञान, शिमला। त्योहारी सीजन में लोगों को डिपुओं के जरिए सरकार 100 ग्राम प्रति व्यक्ति अतिरिक्त चीनी को फेस्टिवल कोटा दे सकती है। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने एक प्रस्ताव सरकार को भेजा है। यहां से मंजूरी मिलते ही 19 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को चीनी का फेस्टिवल कोटा जारी किया जाएगा। प्रदेश में 5200 से अधिक डिपुओं के माध्यम से बीपीएल परिवारों को 13 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चीनी दी जा रही है। इसी तरह से नॉन टैक्स पेयर एपीएल परिवारों को यही चीनी 33 रुपए प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध हो रही है। वहीं टैक्स पेयर उपभोक्ताओं को डिपुओं में चीनी प्रति किलो के हिसाब से 44 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं।

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिया ने हासिल किया प्रथम स्थान

दशमी रावत, रोहड़ू। राजकीय महाविद्यालय सीमा में शुक्रवार को फैशन डिजाइनिंग विभाग, यंग डिजाइनर क्लब और महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सुहाना ने दूसरा और अंकिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के भीतर छिपी सृजनात्मकता को उजागर करने में सहायक होते हैं।

मोहन लाल ने पटवारखाना का किया लोकार्पण

दशमी रावत, रोहड़ू। मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने ग्राम पंचायत ढाकगांव में राजस्व विभाग के पटवारखाना का लोकार्पण किया। ब्राक्टा ने ढाकगांव पंचायत में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते हुए लोगों की समस्याओं का निदान किया जाए।

छात्रों को बताई अंगदान की बारीकियां

अनंत ज्ञान, शिमला। प्रदेश विश्विद्यालय में शुक्रवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत महाजन ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए छात्रों को अंगदान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों को अंगदान संबंधी बारीकियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अंगदान एक नया जीवनदान है जो कि व्यक्ति मरने के बाद दे सकता है। एक व्यक्ति जिसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष हो वह स्वैच्छिक रूप से अपने करीबी रिश्तेदारों को देश के कानून और नियमों के दायरे में रहकर अंगदान कर सकता है और अंगदान करने की शपथ ले सकता है। अंगदान से संबंधित सही जानकारी वह भ्रम होने की वजह से अधिकतर लोग अंगदान करने से पीछे हट जाते हैं । इसलिए अंगदान को लेकर पर्याप्त जानकारी होगी तभी ऐसे मौके जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो सकते हैं।

बिलासपुर की वर्षा शर्मा की छोटे पर्दे पर एंट्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर की वर्षा शर्मा ने छोटे पर्दे पर धमाकेदार एंट्री की है। वर्षा शर्मा पंजाबी चैनल पर शुरू होने वाले टीवी सीरियल जमाई जी में सर्वेंट की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरियल में छोटे पर्दे के कई नामी कलाकार शामिल हैं। यह सीरियल आगामी 28 अक्तूबर से शुरू होने जा रहा है। बिलासपुर के साईं फरड़या की रहने वाली वर्षा शर्मा एक अभिनेत्री होने के साथ डांसर और मॉडल भी हैं। पिछले कई वर्षों रंगमंच के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाले उड़ान थियेटर ग्रुप के साथ जुड़ी हैं और अभिनय की बारीकियां सीख रही हैं। इसके साथ ही देवभूमि हम कला मंच शिमला की ब्रांड एंबेसडर हैं और उनके साथ जुड़कर हिमाचली संस्कृति, पारंपरिक लोकगीत, पहनावा, बोली, खानपान और रहन-सहन को भी बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। श्रवण कुमार और सुनीता देवी की पुत्री वर्षा शर्मा ने बताया कि इस टीवी सीरियल में काम करने का मौका उन्हें एक ऑडिशन के माध्यम से मिला है, जिसमें देव सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने इसके लिए अपने माता-पिता और गुरुओं का आभार प्रकट किया है।

प्रतियोगिता का दबाव बढ़ा रहा मानसिक तनाव

अनंत ज्ञान, बरठीं। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बड़गांव सीएचसी बरठीं में किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधान ग्राम पंचायत निक्कू राम ने की व कार्यक्रम का संचालन गोपाल कौशल स्वास्थ्य शिक्षक द्वारा किया गया । कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी अति आवश्यक है और आप जिस स्थान पर कार्य कर रहे हैं। वहां का वातावरण मैत्रीपूर्ण, तनाव रहित, सह-अस्तित्व भाव व साफ-सुथरा होना चाहिए। इसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. अभिषेक शर्मा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य अधिकारी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र बडगांव ने व प्रवीण शर्मा ने बताया कि आजकल की व्यस्त व तनावपूर्ण जीवनशैली, एकीकृत परिवार व शिक्षा क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव बच्चों में मानसिक तनाव को बढ़ा रहा है।

डाइट जुखाला में करवाई भाषण प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ डाइट जुखाला के अंतर्गत प्रशिक्षणार्थियों को आपदाओं के बारे में सजग बनाने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गय। जिसका शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को आपदाओं के प्रति संवेदनशील और सचेत रहने का आह्वान किया। आपदा प्रबंधन के समन्वयक राकेश ठाकुर ने बताया कि आपदा प्रबंधन पर समुदाय की तैयारी, विगत आपदाओं से सीखे जाने वाले सबक, आपदाओं के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव एवं भावी पीढ़ियों को आपदा प्रबंधन पर तैयार रहने जैसे विषयों पर सभी सदनों के प्रशिक्षूओं ने अपने विचारों द्वारा सबको प्रभावित किया। इसमें द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षणार्थी संचिता शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान प्रथम वर्ष की कंचन ने हासिल किया। तथा तृतीय स्थान पर प्रथम वर्ष की निशा और नेहा ने संयुक्त रूप में बाजी मारी। इस अवसर पर संस्थान के उप प्रधानाचार्य श्री संजय शर्मा जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं एवं आपदाओं के प्रति अपने कर्तव्य को निभाने के लिए प्रेरित किया।

टटोह में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। ग्राम पंचायत धार टटोह गांव टटोह में बैंक प्रबंधक राजीव शर्मा ने लोगों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें ग्राम पंचायत प्रधान धार टटोह सुन्दर राम ,सुभाष चंद सेवानिवृत एसडीओ बाबू राम करण ठाकुर व अन्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर बैंक सहयोगी उपस्थित रहे। उपभोक्ताओं को बैंकिंग के स्वरूप में हुए बदलाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक धार टटोह शाखा ने वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता शिविर का टटोह में आयोजन किया। प्रबंधक राजीव शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 75 सालों में बैंकिंग के स्वरूप में क्या-क्या बदलाव हुए हैं तथा देश की आर्थिकी के साथ-साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं में भारी सुविधाजनक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने ऋण सुविधा के बारे में कहा कि ऋण व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए बैंक की ओर से एक सुविधा है जबकि कई लोग इसे अपना अधिकार समझते हैं तथा ऋण लौटाने के मामले में आनाकानी करते हैं। ऐसे तत्वों के खिलाफ बैंक कानूनी कार्यवाही भी करता है।

शिमला में होगा ड्रोन सर्वेक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार शिमला शहर में भूस्खलन और भूमि धंसने की विभिन्न घटनाओं का अध्ययन हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण करवाने जा रही है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस बारे में सुझाव दिया था, जिसके बाद हिप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कान्वुलेशन इंजिनियरिंग कन्सल्टेंसी एलएलपी कंपनी के माध्यम से सर्वे करवाने के फैसला किया है।

शिमला शहर का 21 अक्तूबर से 21 नंवबर 2024 तक ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि शहर में भूस्खलन और भूमि धंसने की

भूस्खलन एवं भूमि धंसने की घटनाओं पर होगा अध्ययन

घटनाओं में वृद्धि हुई है। सरकार ने इस मामले को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के रखा था ताकि शिमला शहर की विस्तृत जांच हो सके और भविष्य के लिए बेहतर योजना के तहत ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने में सफल प्रयास हासिल हो सकें।

राज्य आपदा प्राधिकरण ने इस सर्वे का जिम्मा एक कंपनी को सौंपा है जोकि अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। शिमला शहर में ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण की योजना के लिए 7 सितंबर 2024 को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बैठक आयोजित की गई थी। इसमें जिला प्रशासन शिमला, जीएसआई चंडीगढ़ के प्रतिनिधि, जीएचआरएम के प्रतिनिधि, वरिष्ठ भूविज्ञानी (जीएसआई कोलकाता), नगर निगम और राज्य आपदा प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में लिए निर्णय अनुसार जिला प्रशासन, डीडीएमए शिमला पूरी प्रक्रिया का समन्वय कर रहा है। शिमला शहर के नो-फ्लाई जोन में ड्रोन सर्वे की अनुमति से जुड़ी सारी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था की ओर से शिमला ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण के लिए अनुमति आदेश जारी कर दिए गए है।

क्या है एलआईडीएआर

ड्रोन आधारित एलआईडीएआर तकनीक का इस्तेमाल ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण, भौगोलिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए लेजर सेंसर का इस्तेमाल करने की एक तकनीक है। इस तकनीक में ड्रोन पर लगे एलआईडीएआर सेंसर से लाखों लेजर पल्स जमीन पर भेजते है। सेंसर, इन पल्स के वापस लौटने में लगने वाले समय को मापता है और सतह के साथ संपर्क बिंदु को रिकॉर्ड करता है। इस तरह, लाखों बिंदुओं को इकट्ठा करके, ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण, जमीन की सटीक और विस्तृत 3डी छवि बनाता है।

चेतन बरागटा दो बार की हार से बौखलाहट में हैं: युवा कांग्रेस

भरत ठाकुर, कोटखाई

विधानसभा चुनावों में लगातार दो बार करारी हार मिलने की बौखलाहट के चलते भाजपा के स्थानीय नेता चेतन बरागटा क्षेत्र में आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

यह बात ब्लॉक युवा कांग्रेस जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष कपिल ठाकुर, जुब्बल जोन के प्रभारी दीपक काल्टा, कोटखाई जोन के प्रभारी अतुल चौहान और नावर-टिक्कर जोन के प्रभारी यशपाल ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थानीय नेता चेतन बरागटा आधारविहीन बयानबाजी करने से पहले अपने गिरेबांन में झांक कर देख लें। चेतन बरागटा याद करें कि उपचुनाव में लोगों को घर में पत्थर मारने की बात किसने कही थी। उन्होंने कहा कि चेतन बरागटा के संरक्षण में ही उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीलम सरैईक और उनके समर्थकों को रोककर हाथापाई की गई और फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी भाजपा करती हैं पुलिस थाना कोटखाई को भाजपा के संरक्षण में फूंका गया था जिसकी किरकिरी पूरे प्रदेशभर में हुई थी। चेतन बरागटा के संरक्षण में गुम्मा बाज़ार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुला उत्पात मचाया और भाजपा के झंडे को पैर से कुचला।

कांग्रेस ने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता के आशीर्वाद से रोहित ठाकुर प्रदेश सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री हैं और शिक्षा जैसा महत्वपूर्ण विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं।

इंटरनेट और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तेजी से हुए विकसित

अनंत ज्ञान, शिमला

सोशल मीडिया अपनी एक अलग छवि बनाने और सोशल मीडिया पर लोगों को प्रभावित करने और अपना खुद का प्रशंसक आधार स्थापित किया है।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शब्द हाल के दिनों में बहुत लोकप्रिय हो गया है, वास्तव में इंटरनेट और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तेजी से विकसित हुए हैं। लकी गर्ग, एक महत्वाकांक्षी चित्रकार, वर्तमान में सोशल मीडिया पर लकी आर्ट लाइन के रूप में अपना नाम बना रहा है। इस दौरान कई गणमान्य को यूथ आइडल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

दिव्यांगों को मिलेंगे सहायक उपकरण

चौपाल, नेरवा। सिविल अस्पताल नेरवा में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त सहायता उपकरण के आकलन संबंधी शिविर का 21 अक्तूबर को लगाया जाएगा। तहसील कल्याण अधिकारी चौपाल आशा तोमर ने कहा कि ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक है वह मोबाइल नंबर सहित आधार कार्ड की प्रति सहित भाग लें सकते हैं।

ढांक से गिरकर 3 वर्षीय बच्चे की मौत

अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा

तहसील नेरवा के अंतर्गत गांव शीहरी, ग्राम पंचायत धनत के तहत तीन वर्षीय बालक की ढांक से गिर कर दर्दनाक मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार घास काटने गई महिला अपने साथ तीन वर्षीय बच्चे को साथ ले गई थी। मां ने अपने बच्चे को घासनी में एक सीधी जगह पर बिठा दिया और खुद घास काटने लग गई। इस दौरान बच्चा उठकर खेलते खेलते पहाड़ी कि और चला गया और घासनी से निचे फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। घायल बच्चे को सिविल अस्पताल नेरवा पहुंचाया गया जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक बच्चे की पहचान सूरज पुत्र हरिराम गांव शीहरी ग्राम पंचायत धनत तहसील नेरवा के रूप में की गई है। उधर तहसीलदार विनोद कुमार ने कहा कि मृतक के परिजनों को दस हजार बतौर फौरी राहत प्रदान किए गए है।

सड़क हादसे में एक की मौत

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। अंध्रेऊठी कैंची पर हुए सड़क हादसे में एक बागवान की मौत हो गई है, जबकि दो मजदूर घायल हुए हैं। मृतक की पहचान भूमि देव शर्मा (54) निवासी भमनोली रोहडू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कार एचपी10ए-2351 बेकाबू होकर खाई में जा गिरा, जिससे तीनों कार सवार घायल हो गए। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र ने मामले की पुष्टि की है।

सुशील ने यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

शिमला। राजकीय महाविद्यालय नेरवा के एमए राजनीति विज्ञान के थर्ड सेमेस्टर के छात्र सुशील कारालटा ने अपने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट जून 2024 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

सुशील, जो गांव भरानु, तहसील नेरवा के निवासी हैं, अत्यंत गरीब किसान परिवार से संबंध रखते हैं। उनके माता-पिता, दोनों किसान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बेटे को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अनिरुद्ध ने 135 परिवारों को वितरित की सोलर लाइट

सपना सूद, चौपाल/नेरवा

स्ट्रीट लाइट्स वितरण समारोह के दौरान अनिरुद्ध व साथ हैं अन्य।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत खगना के टिकरी नाला में सोलर स्ट्रीट लाइट्स वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ग्रामीण विकास मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सोलर एनर्जी के क्षेत्र में ग्राम पंचायत खगना की यह एक अनूठी पहल है, जिसमें आज ग्राम पंचायत के लगभग 135 परिवारों को विभिन्न मदों के माध्यम से सोलर लाइट वितरित की गई है। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है और कांग्रेस कार्यकाल के दौरान ही अधिकतर विकासात्मक कार्य पूर्ण हुए है।

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि वितीय वर्ष 2024-25 में जिला शिमला के विकास खंड चौपाल में 17 करोड 44 लाख 60 हजार रुपए खर्च करने वाला पहला विकास खंड है। उन्होंने कहा कि वितीय वर्ष 2023-24 में विकास खंड चौपाल में मनरेगा के अंतर्गत 22 करोड़ 58 लाख 86 हजार की राशि के 2176 कार्य स्वीकृत हुए है।

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री ने ग्राम पंचायत खगना के पंचायत भवन की दूसरी मंजिल के निर्माण के लिए 35 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं टिकरी नाला में अधूरे खेल मैदान कार्य को पूरा करने के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

थप्पड़ मारने के बाद बनाया मुर्गा तलवार से काटने की दी धमकी

अनंत ज्ञान, शिमला

शिमला में एक फेरी (वेंडर) वाले युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इसमें एक लोकल व्यक्ति फेरी वाले की पिटाई करते नजर आ रहा है।

वहीं थप्पड़ के बाद फेरी वाले को कुछ व्यक्ति मुर्गा बनाए नजर आ रहे है। इतना ही नहीं लोकल व्यक्ति फेरी वाले को मार देने की भी धमकी वीडियो में दे रहा है। वायरल वीडियो शिमला के धामी क्षेत्र का बताया जा रहा है, जो शिमला के बालूगंज पुलिस थाना के अधीन आता है। पुलिस द्वारा मार खाने वाले व्यक्ति की भी पहचान की जा रही है, क्योंकि पीड़ित व्यक्ति ने खुद इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी।

फेरी वाला अपनी सफाई देने की कोशिश करता है, लेकिन उसकी नहीं सुनी जाती और वह मार खाता नजर आ रहा है। वीडियो में पिटाई करने वाला व्यक्ति एक अन्य व्यक्ति से बात करते हुए सुना जा सकता है। इसमें दोनों कह रहे हैं कि नीचे से तुझे भगा दिया था, तो तू यहां क्यों आया। इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि पुलिस जांच आगे बढ़ने के बाद होगी।

फूड सेफ्टी विभाग ने फिंकवाई 40 किलो मिठाई

सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने स्वयं फील्ड में जाकर दुकानों का किया निरीक्षण

शुभम राही, बिलासपुर

त्योहारी सीजन के चलते फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप अपनी टीम के साथ फील्ड में उतरे और उन्होंने बिलासपुर के कुठेड़ा क्षेत्र की मिठाई की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर 30 किलो गुलाब जामुन और 10 किलो बर्फी फिंकवाई।

इन मिठाई में मक्खियां लगी हुई थी और यह मिठाई खाने के लाइक बिलकुल भी नहीं थी, जिसके चलते विभाग ने मौके पर ही यह सारी मिठाई फिंकवाई और दुकानदार को सख्त रूप से हिदायत दी गई। खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि त्योहारी सीजन को लेकर विभाग प्रतिदिन जिला की दुकानों का औचक निरीक्षण कर रहा है। उन्होंने सभी मिठाई दुकानदारों को

कहा, मिठाइयों में मिलावट हुई तो काटा जाएगा चालान

सख्त आदेश दिए हैं कि मिठाई में किसी भी तरह की मिलावट न की जाए। अगर मिलावटी मिठाई या फिर मिठाई में कोई रंग इत्यादि का इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने फास्ट फूड बेचने वालों से अपील की है कि अपनी दुकानों के किचन को साफ-सुथरा रखे। इसी के साथ दुकान में काम करने वाले वर्कर्स का भी लाइसेंस अनिवार्य किया है। इन सभी की जानकारी विभाग के पास होना जरूरी है। वहीं, साथ ही विभाग ने यह भी अनिवार्य किया है कि सभी दुकानदार अपना फूड सेफ्टी लाइसेंस बनाएं। अगर निरीक्षण के दौरान कोई भी दुकानदार बिना लाइसेंस से पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से लगातार सैंपल भरे जा रहे हैं। जिले में कई सैंपल फेल भी पाए गए हैं, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। खाद्य पदार्थों में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विभाग ने इसके लिए एक विशेष अभियान भी शुरू किया है। इसमें मिठाई की दुकानों की प्रतिदिन जांच की जाएगी। यह टीम प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण कर रही है। इस दौरान अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

> कुठेड़ा क्षेत्र में 30 किलो गुलाब जामुन व 10 किलो बर्फी फिंकवाई गई है। यह मिठाई खाने योग्य नहीं थी। विभाग फेस्टिवल सीजन के चलते मिठाई की दुकानों का औचक निरीक्षण कर रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **-महेश कश्यप, फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर सहायक आयुक्त।**

डीएसपी को ज्ञापन सौंप निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

घुमारवीं। उपमंडल घुमारवीं के गांव बणी भपराल निवासी राजेश कुमार ने दो अन्य व्यक्तियों पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए डीएसपी चंद्रपाल सिंह को ज्ञापन सौंप कर मामले में निष्पक्ष जांच करने तथा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर जय गुग्गा जाहरवीर टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल बाना दा घाट के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन में व्यक्ति ने बताया कि वह पेशे से टैक्सी ड्राइवर है तथा जय गुग्गा जाहरवीर पंजीकृत यूनियन में टैक्सी चलाने का काम करता है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 14 अक्तूबर को करीब रात 9 बजे मुझे एक व्यक्ति द्वारा जो बाना दा घाट में हलवाई की दुकान करता है फोन पर उसे घर छोड़ने के लिए बुलाया और जैसे ही वह पहुंचा तो गाड़ी से उतरते ही रविंदर कुमार व गुलशन पठानिया ने उसे लात घूंसों से मारना शुरू कर दिया और सड़क पर गिरा दिया और धमकी दी के अगर उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई तो उसे जान से मार देंगे, जिस वजह से वह दो-तीन दिन काम पर भी नहीं आ पाया। शुक्रवार शाम को जब व्यापार मंडल और टैक्सी यूनियन को इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने उसे बुलाकर सारी बात जानी और पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज करवाई। इन सभी लोगों ने शनिवार को डीएसपी कार्यालय में हाजिर होकर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। डीएसपी ने मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

महेंद्र धर्माणी ने सरकार पर उठाए सवाल

घुमारवीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में तकनीकी अधिकारियों के 51 पद खत्म करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सुख की सरकार अपने चुनावी वादे को भूल गई है और अब कांग्रेस चुनाव के दौरान दी गई गारंटीयों के विपरीत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है और इसी परिवर्तन के तहत अब सरकार में लोगों को नौकरियां मिलना तो दूर की बात अब नौकरियां छीनी जा रही है। एक तरफ तो सरकार 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई थी, लेकिन अब सत्ता में आने के बाद दिन प्रतिदिन जन विरोधी निर्णय लेकर लोगों के विश्वास के साथ खिलवाड़ कर रही है।

सेऊ में वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित

बिलासपुर। प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की कलरी शाखा के तत्वावधान में सेऊ पंचायत में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत प्रधान पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देने के साथ ही उन्हें ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान धोखाधड़ी से बचाव के टिप्स भी दिए गए। राज्य सहकारी बैंक की कलरी शाखा के प्रबंधक दिनेश चोपड़ा ने कहा कि सुखी और खुशहाल भविष्य के लिए बचत करना बेहद जरूरी है। बच्चों में बचत की आदत शुरू से ही होनी चाहिए। बच्चे 'सपनों का संचय' जैसी अन्य बचत योजनाएं अपना सकते हैं।

कल शुरू होगा भागवत कथा सप्ताह

बिलासपुर। जिला मुख्यालय के साथ लगते दनोह-कुनाला स्थित गोपाल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह 21 अक्तूबर से शुरू होगा। प्रदीप शर्मा 'बॉबी' के परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे कथा सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। गोपाल मंदिर निर्माण एवं विकास समिति के महासचिव राजपाल कपिल ने बताया कि कथा सप्ताह में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथा व्यास पंडित पंकज गौतम प्रवचनों के माध्यम से भक्तिरस की गंगा बहाएंगे। हर दिन सुबह 8 बजे पूजा तथा शाम को 8 बजे आरती होगी। 27 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति होगी। उसके बाद दोपहर 2 बजे से जनसहयोग से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

लव-कुश युवा मंडल निहाल ने विधायक का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लव कुश युवा मंडल निहाल ने सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल का आभार प्रकट किया है। बीते वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर बिलासपुर नगर के निहाल सेक्टर में स्थित वाल्मीकि मंदिर में पहुंचे सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल द्वारा मंदिर सराय को 2 लाख 11 हजार की मंजूरी दी गई।

मंदिर परिसर को बेहतर बनाने और मंदिर में सराय बनाने को लेकर काफी समय से विधायक से मांग उठाई गई थी। ऐसे में विधायक ने वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर वाल्मीकि समाज के लोगों को एक तोहफा दिया है। जिसका लव कुश युवा मंडल निहाल ने स्वागत किया है। जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि निहाल सेक्टर में वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई।

ऐसे में एक छोटे से आग्रह पर सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल पहुंचे और उन्होंने यहां पर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी का आर्शीवाद भी प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में मंदिर सराय को लेकर घोषणा भी की। साथ ही विधायक ने यह भी कहा है कि अगर इस कार्य में कोई अन्य कमी भी आएगी तो भी हर संभव मदद की जाएगी।

सौगात मंत्री राजेश धर्माणी ने दधोल स्कूल में बाल साइंस कांग्रेस के समापन समारोह में की शिरकत

बास्केटबॉल कोर्ट बनाने के लिए दिए 15 लाख

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, दधोल में आयोजित दो दिवसीय बाल विज्ञान सम्मेलन (बाल साइंस कांग्रेस) के समापन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल और नवाचार की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच और सृजनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, 'बच्चों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे प्रदेश के बच्चे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।' बाल साइंस कांग्रेस के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'यह सम्मेलन हमारे बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं और विज्ञान के प्रति अपनी रुचि को विकसित कर सकते हैं।' मंत्री ने दधोल स्कूल में बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की वित्तीय सहायता की घोषणा की। इस बाल विज्ञान सम्मेलन में घुमारवीं-1 और घुमारवीं-2 शिक्षा खंड के 82 विद्यालयों से 455 छात्रों ने भाग लिया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी, मैथ ओलंपियाड और विज्ञान मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का चयन जिला स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन के लिए किया गया।

कुल्लू के प्रसिद्ध ढालपुर मैदान में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव लंका दहन के साथ संपन्न

जिला कुल्लू के प्रसिद्ध ढालपुर मैदान में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव लंका दहन के साथ संपन्न हो गया। यहां पर दशहरा उत्सव में आए सैकड़ों देवी-देवता वापस अपने देवालयों की ओर लौट गए। ऐसे में एक साल के बाद फिर से देवी-देवताओं का भव्य मिलन होगा। भगवान रघुनाथ पालकी में सवार होकर अपने देवालय रघुनाथपुर के लिए रवाना हुए।

हिमाचली संस्कृति

सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बातल में दशहरा मेले में हिमाचली संस्कृति की झलक पेश करते कलाकार।

हिमाचली परिधान

शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो के दौरान हिमाचली परिधान में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

मंडी के राजमहल में विराजमान बढंती महादेव की अद्भुत कलात्मक मूर्ति, जो अनायाश ही अपनी ओर आकर्षित करती है।

हेरिटेज पार्क

सोलन के मोहन हेरिटेज पार्क की कलाकृतियां पर्यटकों को आकर्षित करती है ।

काली बाड़ी मंदिर

शिमला के काली बाड़ी मंदिर का निर्माण 1845 में जाखू हिल पर बंगाली ब्राह्मण राम चरण ब्रह्मचारी ने करवाया था। यह शिमला के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है और शहर के हिंदू समुदाय द्वारा इसका बहुत सम्मान किया जाता है। बाद में ब्रिटिश शासकों ने मंदिर को वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया। आज भी यहां पर पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों की भीड़ लगी होती है।

सुजानपुर दशहरे के दौरान श्रीराम की वेषभूषा में सजा एक नन्हा बच्चा।

जिला सोलन के अर्की में आयोजित दशहरे के दौरान रामलीला की झलकियां।

देहरे दा मेला

चंब के राजा राजसिंह के बेटे जीतसिंह ने 1794 से 1796 के मध्य उनकी यादगार में एक शिव मंदिर, देहरे दा मंदिर का निर्माण करवाया और उसी वर्ष से एक मेले के आयोजन की परंपरा भी डाली। तभी से राजा राजसिंह के शहीदी दिवस पर 20 अथवा 21 जून को उनकी स्मृति में देहरे दा मेला आयोजित होता है। राजा राजसिंह के खून से लथपथ पंजे का वह निशान आज भी उस शिला पर अंकित है और वही शिला स्मृति शिला एवं राजे दा देहरा के रूप में पूजनीय है। चंबा के गद्दी समुदाय के लोग इस देहरे को अपनी कुलज के रूप में भी मानते व पूजते हैं।



न्यूज ब्रीफ

देय तिथि तक कर दें बिजली बिलों का भुगतान

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने कहा विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अपने अक्तूबर माह के बिजली के बिलों का भुगतान बिजली बिलों पर दर्शायी गई देय तिथि या इससे पहले कर दें, अन्यथा देह तिथि के अगले दिन आपके बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। इस बारे में अलग से नोटिस नहीं दिया जाएगा।

मेहंदी प्रतियोगिता में रीमा फर्स्ट, निकिता सेकेंड

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। राजकीय महाविद्यालय मटौर के महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 20 छात्राओं ने भाग लिया। इस

अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपना चहुंमुखी विकास करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में रीमा पहले, निकिता दूसरे और अंकिता तीसरे स्थान पर रही। मानसी और शैफाली को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पूरा कार्यक्रम प्रकोष्ठ संयोजिका प्रोफेसर शिवानी दत्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नीतू सिन्हा, प्रो. सुदेश कुमारी, प्रोफेसर राजलक्ष्मी, पूजा सरस्वती, सिम्मी कुमारी, ऊषा देवी सहित समस्त महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

हंडोल पट्ट स्कूल में खेल प्रतियोगिता संपन्न

अनंत ज्ञान, डरोह। संभाग उत्तर हिमाचल अंचल पालमपुर एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब संच थुरल के राजकीय प्राथमिक स्कूल हंडोल पट्ट में शनिवार को उपमंडल स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, योगा आदि खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस प्रतियोगिता में 30 विद्यालयों से विद्यार्थी आए थे, उनमें से कुल 34 बच्चों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ। जिला स्तरीय खेल का आयोजन 27 तारीख को नगरी में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में संच के अध्यक्ष जगरूप सिंह, समिति के सदस्य, संच व्यास कथाकार और आचार्य आदि शामिल रहे।

सिहोरपाई स्कूल में मनाया बाल मेला

अनंत ज्ञान, गरली। शिक्षा खंड रक्कड़ के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला सिहोरपाई में चार स्कूलों को क्लब करके बाल मेले का आयोजन किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने मेले में भाग लिया। बच्चों के शिक्षण अधिगम को बढ़ाने के लिए अध्यापकों तथा बच्चों ने टीएलएम कॉर्नर, स्टॉल्स तथा खाद्य पदार्थों की दुकानें भी सजाईं। बच्चों ने अध्यापकों से खेल-खेल सीखने के कई गुर भी सीखे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र मुख्य शिक्षिका नीना देवी ने की। इस मेले के को-ऑर्डिनेटर मदन जीत तथा इवेंट मैनेजर मनोहर लाल के साथ तमाम गतिविधियों का अवलोकन किया।। बाल मेला कॉर्डिनेटर मदन जीत ने बताया कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत होने वाले मेलों से विद्यार्थियों का बौद्धिक तथा सामाजिक विकास होता है तथा बच्चे खेल-खेल में चीजों को अच्छी तरह सीख पाते हैं। मेले में करीब 100 लोगों ने भाग लिया।

धर्मशाला शहरी क्षेत्र में पानी के मीटर लगाना अनिवार्य

जल्द ही आदेश जारी कर एक माह का समय देगा जल शक्ति विभाग

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

प्रदेश में अब पानी के मीटर लगाने के लिए जल शक्ति विभाग ने कदमताल शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारी मानते हैं कि इससे सरकार को अच्छा खासा राजस्व मिलेगा। हालांकि कई जगह मीटर लग चुके हैं। जानकारी के अनुसार इसको लेकर उपभोक्ताओं को मीटर लगाने के लिए करीब एक माह का समय दिया जाएगा। इसके बाद बिना मीटर के बिलों की वसूली फॉल्टी रेट पर होगी जो मीटर वाले कनेक्शनों की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा होगा।

लिहाजा अब जल्द ही जल शक्ति मंडल धर्मशाला के तहत शहरी क्षेत्र में पानी के मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। उपभोक्ताओं को पानी का मीटर खरीद कर जल शक्ति विभाग में इसकी जांच तथा पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए विभाग को 10 रुपए का शुल्क देय होगा। जानकारी के अनुसार धर्मशाला शहर में पानी के कुल 15000 घरेलू तथा 1550 व्यवसायिक कनेक्शन हैं। इनमें से करीब 60 से 65 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने पानी के मीटर लगा रखे हैं जबकि 35 से 40 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने पानी के मीटर नहीं लगाए हैं।

ऐसे में उनसे फिलहाल फ्लैट रेट पर पानी का बिल वसूला जा रहा है। वहीं पानी के मीटर लगाने की तय समय सीमा गुजर जाने के बाद प्रति माह 444.07 रुपए प्रति कनेक्शन की दर से शुल्क वसूला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

मीटर खरीदकर विभाग से जांच करवाएं लोग

इस बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता पंकज चौधरी ने बताया कि जल्द ही ऐसा सर्कुलर विभाग जारी करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी के मीटर लेकर विभाग से पंजीकरण करवा कर लगाएं, ताकि उन्हें पानी के बिलों का जुर्माना के तौर पर ज्यादा मूल्य न चुकाना पड़े। उपभोक्ताओं को पानी का मीटर खरीदकर जल शक्ति विभाग में इसकी जांच तथा पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए विभाग को 10 रुपए का शुल्क देय होगा। विभागीय अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की कि बढ़िया कंपनी का आईएसआई मार्क मीटर लगाएं। उन्होंने बताया कि इस कदम से इससे विभाग का राजस्व बढ़ेगा।

शानन प्रोजेक्ट हिमाचल को न मिलना प्रदेश के साथ अन्याय : शांता कुमार

अनंत ज्ञान, पालमपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि छोटे से हिमाचल प्रदेश के साथ पिछले करीब 60 वर्ष से एक बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। हालांकि पिछले 10-12 वर्षों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर कहते हैं। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर की शानन बिजली परियोजना 110 मैगावाट की हिमाचल प्रदेश में है। हिमाचल के पानी से हिमाचल की धरती पर बिजली पैदा होती है और उस पर अधिकार पंजाब सरकार का है। इस प्रकार का भयंकर अन्याय और कहीं नहीं होता है।

शांता कुमार ने कहा कि 1966 में पंजाब पुर्नगठन कानून बना, उसमें स्पष्ट निर्देश था कि उस कानून के बाद सांझे पंजाब की जो संपत्ति जिस नए प्रदेश में होगी, वह उसी प्रदेश की मलकीयत बनेगी। इस दृष्टि से 1966 में शानन विद्युत परियोजना हिमाचल को मिलनी चाहिए थी। शांता कुमार ने कहा कि 1977 में मैंने प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के साथ यह सवाल रखा था। उन्होंने समर्थन किया, सुब्रमण्यम कमेटी बनाई। बाद में सरकार चली गई और कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मंडी रियासत के साथ अंग्रेजी सरकार से की गई लीज-डीड की अवधि भी समाप्त हो गई। ऐसे में अब हर दृष्टि से शानन बिजली परियोजना हिमाचल प्रदेश की मलकीयत में आनी चाहिए। इतने वर्षों से होने वाला यह अन्याय एक दुर्भाग्य है। शांता कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस संबंध में प्रयत्न कर रहे हैं। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वह हिमाचल के प्रमुख नेताओं जयराम ठाकुर, अनुराग ठाकुर और जगत प्रकाश नड्डा के साथ मिलकर प्रधानमंत्री मोदी से मिलें। हिमाचल के इस अधिकार के लिए पूरे हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए ये चारों नेता प्रधानमंत्री से मिलें और सर्वोच्च न्यायालय में जबरदस्त पैरवी करें।

कहा, सीएम सुक्खू भाजपा के बड़े नेताओं को साथ लेकर प्रधानमंत्री से उठाएं यह मुद्दा

513 ग्राम चरस के साथ युवक काबू

जवाली। जिला पुलिस कांगड़ा द्वारा नशे के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस थाना शाहपुर की पुलिस टीम चंबी में एक युवक को 513 ग्राम चरस के साथ पकड़ा है। आरोपी की पहचान हरि प्रकाश (29) निवासी गांव देयाश, डाकघर तरेला तहसील चुराह, जिला चंबा के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह पांच बजे पुलिस ने गश्त के दौरान चंबी में एक युवक को खराब हुई खड़ी मोटरसाइकिल के साथ देखा। पुलिस ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल की तलाशी ली तो सीट के नीचे पॉलिथीन में रखी 513 ग्राम चरस बरामद की गई। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी हरी प्रकाश के खिलाफ पुलिस थाना शाहपुर में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी में करवाचौथ पर करवाई मेहंदी प्रतियोगिता

अशोक ठाकुर, पठानकोट

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कैंपस में प्रिंसिपल पुनीत सवाल और एसएसजीआई महिला स्टाफ की देखरेख में करवाचौथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर करवाई गई मेहंदी प्रतियोगिता में ग्रुप की एमडी तृप्ता पुंज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एमडी तृप्ता पुंज ने बताया कि करवाचौथ भारत में महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। यह मुख्य रूप से शादीशुदा स्त्रियों द्वारा मनाया जाता है। बॉलीवुड ने भी इस व्रत के प्रचार और प्रसार में काफी अहम भूमिका निभाई है और इसे भारत ही नहीं विदेशों में भी विख्यात कर दिया है। आज विदेशी महिलाएं भी इस अनोखेत्योहार को खुशी और सम्मान से मनाती हैं। उन्होंने कहा कि करवाचौथ प्रमुख हिंदू त्योहारों में एक विशेष स्थान रखता है। इस दिन अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं उपवास रखती हैं। महिलाएं दिनभर व्रत रखती हैं और रात में चंद्रमा दिखने के बाद व्रत खोलती हैं। करवाचौथ के दिन महिलाएं शिव-पार्वती और भगवन गणेश की पूजा करती हैं। उपवास रखने वाली महिला की सास उसे फल, सुहाग के सामान आदि भेंट करती हैं, जिसे 'सरगी' कहा जाता है। वहीं, इस अवसर पर करवाई गई मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर डिजाइन बनाए गए, जिसमें कार्ड मेकिंग, करवा चौथ थाली, कलश डेकोरेशन, बास्केट डेकोरेशन, आर्टिफीसियल ज्वेलरी आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इस अवसर पर नीलिशि सैनी, रितिका, जसवंत कौर, सुमन, निशा, अलका शर्मा, सतिंदरजीत कौर, अनु, डिप्लोमा, फार्मेसी स्टाफ और एजुकेशन स्टाफ आदि उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

कार सवार दो लोगों से तीन किलो 575 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, नूरपुर

पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसके चलते दो व्यक्तियों से करीब 3 किलो 575 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी देते हुए एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंडी-पठानकोट मार्ग पर थाना नूरपुर के अंतर्गत जोंटा के पास पुलिस द्वारा नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक स्विफ्ट कार को जब रोका गया तथा कार की तलाशी ली गई तो 3 किलो 575 ग्राम चरस बरामद की गई। इसमें सवार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र सिंह ठाकुर पुत्र छपेराम तथा जितेंद्र ठाकुर पुत्र हरिचंद्र निवासी भूमतीर जिला कुल्लू के तौर पर की गई है। इन दोनों आरोपियों पर थाना नूरपुर में 20/ 25/ 29 एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के खिलाफ आगे भी लगातार जारी रहेगी।

जीजीडीएसडी कॉलेज में 34 यूनिट रक्त एकत्रित

शिविर में कॉलेज की 13 छात्राओं और 21 छात्रों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, पालमपुर

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के रेड रिबन और रोटरेक्ट क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने पालमपुर रोटरी क्लब के सहयोग से महाविद्यालय में इस शिविर का आयोजन किया। पालमपुर सिविल अस्पताल से डॉक्टर डीएस. बिंद्रा और उनके साथ आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य विनता, नीजू, पूजा और देसराजने महाविद्यालय से 34 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जिसमें 13 छात्राओं और 21 छात्रों ने रक्तदान किया। डॉक्टर डी एस बिंद्रा ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए इसके लाभ और सावधानियों की जानकारी भी दी। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने रक्त दान करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन गतिविधियों से न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों और सेवा भावना के प्रति भी गहन चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर रोटरी क्लब पालमपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सुरेंद्र मोहन व सचिव रोटेरियन राजेश सूद ने महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित विविध सामाजिक व सेवा कार्यों की प्रशंसा की और आपातकालीन परिस्थितियों में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को आगे आगे आने का संदेश दिया ताकि किसी जरुरतमंद की मदद हो सके। महाविद्यालय के रोटरेक्ट क्लब, एनएसएस, व रेड रिबन क्लब के प्रभारी सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार, सहायक प्राध्यापक डॉ. शिल्पी और क्लब के सभी छात्रों और महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग ने स्वस्थ्य विभाग की टीम के साथ रक्तदान शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपना संपूर्ण सहयोग दिया।

चंडीगढ़ विवि में धर्मशाला कॉलेज ने पाया दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के यूआईटीएचएम यानी यूनिवर्सिटी संस्थान ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट विभाग द्वारा 18-19 अक्तूबर को हाइब्रिड मोड में टेक इन्वेंटर-2024 क्रिएटिविटी और इनोवेशन का आयोजन किया गया। 18 अक्तूबर को एक फ्लैगशिप इवेंट, वेंचर वॉयस-टूरिज्म एंटरप्रेन्योरशिप विकास पर आधारित कंपटीशन कराया गया। देशभर के अलग-अलग राज्यों के बड़े नामी विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से 100 से अधिक टीमों ने इसमें हिस्सा लिया। धर्मशाला के विद्यार्थियों ने फाइनल राउंड में अपना दमखम दिखाकर पैनलिस्ट को इंप्रेस कर दूसरा स्थान हासिल किया। पहले स्थान पर जम्मू विश्वविद्यालय की टीम रही, जबकि तीसरे स्थान पर अंबाला की टीम रही। फाइनल राउंड में 100 में से 15 टीमें पहुंचीं थीं। डिग्री कॉलेज के छात्रों ने इनोवेशन चैलेंज में दूसरा शीर्ष सम्मान प्राप्त कर महाविद्यालय के नाम के साथ-साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य राकेश पठानिया व नोडल ऑफिसर डॉ. अजय कुमार चौधरी सहित तमाम स्टाफ ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया।

ट्रेड यूनियनों के सहयोग से श्रम कल्याण बोर्ड में हो रहा कामगारों का पंजीकरण

अनंत ज्ञान, पालमपुर

अंतराष्ट्रीय बिल्डिंग एंड बुड वर्कर्स (बीडब्ल्यूआई) व ऑल हिमाचल पीडब्ल्यूडी-आई पीएच एवं कंस्ट्रक्शन वर्कर यूनियन का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पालमपुर के टी बड्डु होटल में हुआ। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष दीप धीमान ने की। इसमें बोर्ड के मोटिवेटर राजकुमार द्वारा श्रम कल्याण बोर्ड में पंजीकरण, नवीनीकरण आवर वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सभी ट्रेड यूनियनों के सहयोग से भी श्रम कल्याण बोर्ड में कामगारों का पंजीकरण हो रहा है। श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी हर पंचायत में कैंप लगा रहे हैं।

सेवानिवृत्त अधीक्षक ग्रेड 1 रवि स्याल ने कहा कि जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा विभिन्न निर्माण प्रोजेक्ट में कार्यरत कामगारों को यूनियन का सदस्य बनाना, इस वर्कशॉप का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र में यूथ कामगारों महिला कामगारों के साथ श्रम मानकों का पालन होना चाहिए। क्योंकि यूथ कामगार की किसी भी देश व प्रदेश के विकास में अहम भूमिका है। सभी निर्माण स्थलों में महिला कामगार को श्रम मानकों के तहत सुविधाएं मिलना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए यूथ और महिलाओं की भागीदारी बनाना व फैसले लेने के लिए अधिकृत करना बहुत आवश्यक है। इंटक प्रदेश महासचिव जगतार सिंह व संजय सैनी ने कहा कि निर्माण स्थलों में कामगारों को उनके जीवन सुरक्षा उपकरण को उपलब्ध करवाना यूनियन का प्रथम कर्तव्य बनता है। संबंधित प्रदेश सरकार से एमओयू साइन करवाया है, कि श्रम मानकों का सबसे पहले पालन होना चाहिए।

92 ग्राम चरस समेत एक काबू

बैजनाथ। पुलिस थाना बैजनाथ के तहत काली माता मंदिर सड़क बैजनाथ-पालमपुर पर गाड़ी नंबर एचपी68ए4056 के चालक रविंद्र कुमार निवासी उपरला मैंझा तहसील पालमपुर से 92 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा में दर्ज किया गया है। एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है

पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण परिणाम किया घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष तथा उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने प्रेस के नाम जारी वक्तव्य में बताया कि बोर्ड द्वारा जुलाई, 2024 में संचालित की गई दसवीं व जमा दो (नियमित) कक्षा की अनुपूरक, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार य डिप्लोमा धारक परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण हेतु जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था उनका पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण का परिणाम शनिवार घोषित किया गया है। सम्बन्धित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नं001892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

पुड़वा में हैपिनेस प्रोग्राम 22 से

डरोह। ग्राम पंचायत पुड़वा के पटियाल मैरिज पैलेस में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 22 से 27 अक्तूबर तक हैपिनेस प्रोग्राम शिविर लगाया जा रहा है। इस 6 दिवसीय शिविर का समय हर रोज सायं पांच से सात बजे तक होगा। इस शिविर के प्रशिक्षक अमिता साध्वी व अमन पलहानिया होंगे। इसमें उज्जै सांस, भस्त्रिका व सुदर्शन क्रिया करने पर मानसिक शक्ति में वृद्धि, ऊर्जा शक्ति में वृद्धि,तनाव एवं चिंता से छुटकारा मिलता है।

कर्नल जय सिंह बने एक्स सर्विसमैन लीग के चेयरमैन

बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर

हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विसमैन लीग यूनिट शाहपुर का चुनाव धर्मशाला लीग हेड क्वाटर से आए कर्नल आरपी गुलेरिया जरनल सेक्रेटरी हिमाचल प्रदेश, केसी ठाकुर वाइस प्रेसिडेंट की अध्यक्षता में हुआ। इसमें 100 के करीब पूर्व सैनिक, वीर नारियां और विधवा माता-बहनों ने भाग लिया। चुनाव में कर्नल जय सिंह को दोबारा चेयरमैन, एसएस राणा को सीनियर वाइस चेयरमैन, कुलदीप बलौरिया को वाइस चेयरमैन और सूबेदार मेजर रतन चंद को सेक्रेटरी चुना गया। इस मौके पर सूबेदार मेजर पुरुषोतम चंद और सूबेदार मेजर खेम चंद ने कैंटीन के बारे में सुझाव रखा। इस मौके पर मेजर पीसी डोगरा, सीटीओ राजेश राणा, कुलभूषण चौहान, कैप्टन भगवान सिंह, जनमेज सिंह, गोविंद सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरिंदर पटियाल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

पूरी तरह से नौकरशाही के कब्जे में सुक्खू सरकार : संजय शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि हिमाचल सरकार के ऊपर पूरी तरह से नौकरशाही का कब्जा है और राजनीतिक नेतृत्व व्यवस्था में बेबस नजर आ रहा है। अधिकारी वर्ग सामान्य कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रहा है और अपने लिए अलग नीतियां बनाकर सरकार को गुमराह कर रहा है। यहां मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे हैं कि उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों को 4 प्रतिशत डीए दिया है, वहीं अधिकारियों ने अपने लिए रास्ता निकाल करके खुद के लिए प्रदेश सरकार से एकमुश्त 12 प्रतिशत डीए सरकार ले लिया और इसके अतिरिक्त तीन प्रतिशत दिए केंद्र सरकार से भी ले लिया, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों को अभी तक यह भी भरोसा नहीं है कि उसकी चार प्रतिशत भी मिलेगा या नहीं। प्रदेश के आईएएस, आईपीएस, तथा आईएफएस अधिकारियों के लिए प्रदेश में अलग नीति बनाई गई है जिसका लाभ प्रदेश के चुनिंदा अधिकारियों को मिल रहा है, जबकि ईमानदारी से काम करने वाला कर्मचारी वर्ग हमेशा ठगा गया है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि जो अधिकारी सरकार को गुमराह करके ऐसी नीतियां बना रहे हैं और खुद को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, उनके ऊपर अंकुश लगाए और ऐसी विसंगतियों को दूर करने के लिए एक नीति बनाए।

स्पोर्ट्स कांगड़ा में चल रही अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए दो मैच

चुवाड़ी ने बनीखेत और तीसा ने चंबा को हराया

आशीष दमीर, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा कांगड़ा में आयोजित की जा रहे अंतर-महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला मैच राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी और बीटीसी डीएवी महाविद्यालय बनीखेत के बीच खेला गया। समाजसेवी अमित वर्मा ने इस मैच में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्यातिथि का विधिवत स्वागत किया। बनीखेत के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उनका यह फैसला गलत साबित हुआ और चुवाड़ी की घातक गेंदबाजी के सामने पूरी टीम मात्र 13 ओवर में 79 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी की टीम ने मात्र 11 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

दिन का दूसरा मैच राजकीय संस्कृत महाविद्यालय चंबा और राजकीय महाविद्यालय तीसा के बीच खेला गया। इस मैच में नगर परिषद कांगड़ा के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर चमन लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए तीसा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 239 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय संस्कृत महाविद्यालय चंबा की टीम 20 ओवरों में 107 रन बनाकर ऑलआउट हो गई । मोहित ने 21 और आदर्श ने 13 रन बनाए । मैच में राजकीय महाविद्यालय तीसा की तरफ से खेमराज ने 5, सुनील और अजीत ने 2-2 और हिम्मत ने 1 विकेट हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

REQUIREMENT
As per H.P. Board Norms
P.G.T Physic, Chemistry, Bio, Maths
TET QUALIFY
P.G.T English, Hindi, History
Pol. Science, Physical Education
TET QUALIFY
Walk in Interview with in 15 days
Dhar Public Sr. Sec. School
Kailashpur, Teh. Palampur, Distt. Kangra
Contact: 9418137827, 8219718703

न्यूज ब्रीफ

मेहंदी स्पर्धा में टैगोर सदन की कोमल फर्स्ट

अनंत ज्ञान, गगल। आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन से कोमल, द्वितीय स्थान पर शिवाजी सदन से मुस्कान, तृतीय स्थान पर शिवाजी सदन से कृतिका विजेता रही। संस्था अध्यक्ष सुभाष चंद धलौरिया ने सभी सदनों को बधाई दी तथा उनके मनोबल को बढ़ावा देकर आयोजन का समापन किया।

मेहंदी स्पर्धा में लाल सदन की लावंया अव्वल

राकेश डोगरा, डरोह। पारस पब्लिक स्कूल भवारना में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर

मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चारों सदनों की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अध्यापिकाओं के हाथों में मेहंदी के आकर्षक डिजाइन बनाए। नीले सदन से अमृता, हरे सदन से कृतिका, लाल सदन से लावंया और पीले सदन से अक्षिता ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्राओं ने अध्यापिकाओं की हथेलियों पर मोर, फूल, दुल्हन, अरेबिक आदि आकर्षक डिजाइन बनाए। प्रतियोगिता में लाल सदन की लावंया ने प्रथम, हरे सदन की कृतिका ने द्वितीय, नीले सदन की अमृता ने तृतीय और पीले सदन की अक्षिता ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। विद्यालय निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने सभी को करवाचौथ पर्व की बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

डीएवी कॉलेज में मेहंदी स्पर्धा में अमृता प्रथम

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में केमिस्ट्री विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ बलजीत सिंह पटियाल के निर्देशन में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमकॉम तृतीय सत्र की छात्रा अमृता ने प्रथम स्थान, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पल्लवी ठाकुर ने द्वितीय स्थान और बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने विजेता छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग में डॉ.यांचन डोलमा, डॉ. अंकिता शमा, डॉ. रिचा बोहरा, डॉ. रितु, डॉ. मधुरिका, डॉ. नेहा, प्रो. सुरभि, डॉ. वसुधा, प्रो. राखी महाजन, डॉ. शैलजा ठाकुर और डॉ. सविता भी उपस्थित रहीं।

डीपीएस स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

सालबिया शर्मा, गरली। डीपीएस स्कूल खबली में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना अटक के कैंप का 19 अक्तूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। समारोह में बतौर चीफ गेस्ट स्कूल प्रधानचार्य रमा सिंह ने शिरकत की। रमा सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी पूंजी है, जिसके बल पर कोई भी युवा अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। प्रधानाचार्य ने तमाम स्वयंसेवियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि अगर कोई छात्र शिक्षा के क्षेत्र में एक बार भटक गया तो वह कभी भी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाएगा। वहीं, स्वयंसेवियों ने एनएसएस गीत की प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम शुरू किया। इस दौरान लड़कियों ने पहाड़ी नाटी, झमाकड़ा, पजांबी गिद्दा व नशे पर लघु हास्य नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर नशे पर प्रहार किया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने सप्ताह भर चले कैंप में स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों से अवगत करवाया। स्वयंसेवियों द्वारा आयोजित स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामाजिक कुरीतियां, अनुशासन और यातायात के नियमों प्रति जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य रमा सिंह ने सभी को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

विभाग ने बैजनाथ बस स्टैंड के बाहर पड़े गड्ढे भरे

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। आखिरकार बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर के अनुरोध पर बैजनाथ बस स्टैंड के बाहर पड़े गड्ढे भर दिए गए हैं। मनोज कपूर ने बताया कि बैजनाथ बस अड्डे के बाहर काफी दिनों से बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए थे, जिसकी वजह से जहां छोटे वाहनों को क्षति पहुंच रही थी, वहीं राहगीरों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा था। समस्या के निवारण के लिए उन्होंने विधायक किशोरी लाल के आदेश अनुसार अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बैजनाथ को अनुरोध किया। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन गड्ढों को भर कर तारकोल भी बिछा दी है। मनोज कपूर ने विधायक किशोरी लाल तथा विभाग के अधिशाषी अभियंता का आभार जताया है।

भाली स्कूल में नशे के खिलाफ निकाली रैली

अनंत ज्ञान, जवाली। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक भाली में एनएसएस के सौजन्य से नशा के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों व द्रोणाचार्य महाविद्यालय से आए हुए प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस दौरान नशे के खिलाफ हाथों में कई स्लोगन बोर्ड लिए छात्रों ने जागरूकता को लेकर नारे भी लगाए। भाली स्कूल से शुरू हुई रैली ग्रामीण क्षेत्र से होते हुए स्कूल में आकर रैली का समापन हुआ। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों से लोगों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। वहीं, प्रधानाचार्य डॉ. राहुल देव ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागृति आती है और उन्नति की राहें तैयार होती हैं।

इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया पूर्व छात्र मिलन समारोह

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां स्थित राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में दूसरा पूर्व छात्र मिलन समारोह (एल्यूमिनी मीट) आयोजित किया गया। इस समारोह में 30 के लगभग पूर्व छात्रों ने शिरकत की। संस्थान में पहुंचने पर पूर्व छात्रों का मंगल तिलक किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। संस्थान के निदेशक प्राचार्य प्रोफेसर दीपक बंसल ने सभी का स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों के बारे में पूर्व छात्रों को अवगत करवाया। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों के साथ संवाद किया और अपने जीवन के अनुभव साझा किए।

छात्राओं को मासिक धर्म बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान, डरोह। द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट-5 भवारना द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी में जागरूकता सत्र का आयोजना किया गया, जिसमें डॉ. संगम ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के विषय में छात्राओं को अवगत करवाया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शक्ति ने छात्राओं को द हंस फाउंडेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों को उपलब्ध की जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किए। इस मौके पर फाउंडेशन की टीम फार्मासिस्ट आकृति, चालक अनिल कुमार ने सहयोग किया। स्कूल की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने द हंस फाउंडेशन की पूरी टीम का धन्यवाद किया।

थुरल स्कूल का एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, डरोह। शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मुख्यातिथि रवि जम्वाल सेवानिवृत्त उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपम बाला की अध्यक्षता में किया गया। एनएसएस इकाई के प्रभारी सिकंदर मिन्हास द्वारा जानकारी देते बताया कि यह सात दिवसीय विशेष शिविर 13 से 19 अक्तूबर तक चला। इस शिविर में कुल 66 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस शिविर में स्वयंसेवियों को छह सदनों में विभाजित किया गया था।

पौंग बांध में जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के लिए मिल गई है अनुमति : नेगी

राजस्व एवं बागवानी मंत्री ने कहा, प्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को दिया जाएगा व्यापक प्रोत्साहन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल क्रीड़ा गतिविधियों को बहुआयामी तरीके से विस्तार प्रदान कर रही है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना और राज्य के जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है। जल क्रीड़ा आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के सरकार के इस प्रयास से हिमाचल प्रदेश देशी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरेगा।

शनिवार को खटियाड़ में क्षेत्रीय जल क्रीड़ा केंद्र पौंग बांध का औचिक निरीक्षण करने के उपरांत राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जिला कांगड़ा के पौंग बांध में

साहसिक खेल गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के मतियाल और जसवां- परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल चौक क्षेत्र में पौंग बांध में जल क्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने की अनुमति मिल गई है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग जून, 2025 तक शिकारा, क्रूज फ्लोटिंग रेस्तरां, हाउस बोट तथा अन्य जल आधारित खेल गतिविधियों का संचालन शुरू करने की योजना बना रहा है।

उन्होंने कहा कि पौंग बांध में साहसिक खेल गतिविधियों को शुरू करने का उद्देश्य कांगड़ा जिला में पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी करना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य के युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा यह क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटकों के यात्रा अनुभव को अविस्मरणीय बनाने के लिए पर्यटन अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है।

भड़वार स्थित मशरूम प्लांट का किया दौरा

नूरपुर। मंत्री जगत सिंह नेगी ने बीते दिन नूरपुर विधानसभा के अंतर्गत भड़वार पंचायत में मशरूम प्लांट का दौरा किया। उन्होंने प्लांट के संचालक सुरजीत सिंह से मशरूम उत्पादन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उपमुख्य सचेतक व शाहपुर विधायक केवल सिंह पठानिया तथा इंदौरा विधायक मलेंद्र राजन भी उनके साथ उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि मशरूम प्लांट संचालक सुरजीत सिंह ने बागवानी विभाग के मदद से मशरूम यूनिट के साथ कम्पोजिट प्लांट भी स्थापित किया है, जिसके अंतर्गत सुरजीत सिंह लगभग 30 लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्हें खुशी है कि इस यूनिट से सुरजीत स्वयं तो कमा ही रहे हैं साथ में अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने सुरजीत सिंह को इसी लगन के साथ काम करते रहने तथा युवाओं को मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों-बागवानों के आर्थिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है और इसके लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं, ताकि उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके।

युवक ने जहर खाकर दी जान

धर्मशाला। पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक युवक के जहर खाकर जान देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक सुधेड़ में चुंगी में रहने वाली अपनी बुआ के पास आया था। वहीं, युवक के जहर खाकर जान देने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची धर्मशाला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। युवक की पहचान रक्कड़ निवासी 31 वर्षीय राहुल शर्मा के रूप में हुई है।

सालगिरह मुबारक

भरमाड़ के राजेश कतनौरिया और वीना कतनौरिया को शादी की 22वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें छात्र

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने प्रैस के नाम जारी वक्तव्य में बताया कि शिक्षा मत्रांलय, भारत सरकार द्वारा पीएम यूएसपी सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स के अंतर्गत चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना, जिसका विस्तृत विवरण नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है के लिए जिन छात्रों के अंक सामान्य-401, अनुसूचित जाति-390, ओबीसी-399 व अनुसूचित जनजाति- 392 हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र की जारी छात्रवृत्तियों के नवीनीकरण हेतु आवेदन अपेक्षित हैं। कॉलेज, विवि तथा संस्थान छात्रों को छात्रवृत्ति के नवीनीकरण को भरने के लिए सूचित करें। छात्रवृत्ति भरने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है।

कांगड़ा जिले में अब तक 1900 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

गत साल 3800 के मुकाबले, इस बार 4700 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश के सबसे बड़े जिले में अब

पुरुषोत्तम सिंह पंवर
खाद्य व आपूर्ति नियंत्रक

तक करीब 1900 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। बताते चलें कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग कांगड़ा ने जिले के फतेहपुर, मिलवां, रियाल तथा नगरोटा बगवां में सरकारी धान खरीद केंद्र बनाए हैं। अब तक फतेहपुर में 75 किसानों से 775.09 मीट्रिक टन धान, मिलवां में 48 किसानों से 383.78 मीट्रिक टन तथा रियाली में 76 किसानों से

754.95 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। बताते चलें कि गत साल 3794 मीट्रिक टन धान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने जिला में किसानों से खरीदा था तो वहीं इस बार 4700 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। विभाग की तरफ से 23.20 रुपए प्रति किलो खरीद मूल्य पर जिले में धान की खरीद की जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि जिला के धान खरीद केंद्रों में अब तक करीब 100 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है तथा किसानों का धान बेचने के लिए खरीद केंद्र में पहुंचने का क्रम जारी है। उन्होंने बताया कि इस बार 4700 मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

आरोपियों की 16 .29 करोड़ रुपए की संपत्ति की जब्त

अशोक ठाकुर, इंदौरा

जिला पुलिस नूरपुर द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 20.04.2024 को पुलिस थाना डमटाल के अधीन छन्नी में गुप्त सूचना के आधार पर नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई थी। इस दौरान रुबी पत्नी अजय कुमार, निवासी गांव छन्नी, तहसील इंदौरा के रिहायशी मकान में छापामारी करके 26.18 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद किया गया था। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि रुबी को पहले भी कई मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है, फिर भी उसने नशे के अवैध व्यापार को जारी रखा। जिला पुलिस नूरपुर ने आरोपियों की चल और अचल संपत्ति की वित्तीय जांच की संपत्ति को जब्त करके आगामी आदेशों हेतु सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को आवेदन किया गया था, जिस पर सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली ने संपत्ति के जब्ती संबंधी आदेश की पुष्टि की है। ि

जला पुलिस नूरपुर द्वारा 19 अक्तूबर को 8 अभियोगों में नशे के अवैध कारोबार में शामिल आरोपियों द्वारा अर्जित की गई कुल 16,29,22,153 रुपए की चल व अचल संपत्ति को जब्त करवाने में सफलता प्राप्त की है। (अनंत ज्ञान)

हिमालय क्षेत्र की चुनौतियों और समाधानों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, पालमपुर

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआई आर-आई एचबीटी), हिमाचल प्रदेश ने 'जलवायु परिवर्तन एवं बागवानी उत्पादन में स्थिरता' शीर्षक से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों के सामने आ रही समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. राजेंद्र एस परोदा (पद्म भूषण), टीएएएस के अध्यक्ष, पूर्व सचिव, डीएआरई एवं महानिदेशक आईसीएआर उपस्थित थे। डॉ. सुदेश कुमार यादव, निदेशक, सीएसआईआर-आईएचबीटी ने कहा कि बदलती जलवायु के बढ़ते प्रभावों से निपटने के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक बहुआयामी रणनीति समय की जरूरत है। कार्यशाला में वैज्ञानिकों, किसानों और उद्योग भागीदारों ने भी प्रतिभागिता की और बदलती जलवायु परिस्थितियों में हिमालय क्षेत्र में फलों और सब्जियों के उत्पादन के लिए चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा की।

बाल विज्ञान कांग्रेस में सभी स्कूलों की हो भागीदारी : केवल पठानिया

अनंत ज्ञान, शाहपुर

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि जिला में हिमाचल प्रदेश बाल विज्ञान कांग्रेस -2024 में सभी स्कूलों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को विकसित किया जा सके। इस बाबत शनिवार को एटीसी सेंटर शाहपुर में तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान नवाचार और वैज्ञानिक स्वभाव में रुचि पैदा करना है।

उन्होंने राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने प्राचार्य, शिक्षकों से छात्रों की शिक्षा की बेहतरी के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का आग्रह किया। एटीसी सेंटर की एसओ सुनंदा पठानिया तथा डीएसएस मंजू महाजन ने बताया कि बाल विज्ञान कांग्रेस को राज्य स्तर पर दो जोन में आयोजित किया गया है। राज्य में सीएससी को दो जोन में आयोजित किया जाता है। दूसरे जोन में हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, चंबा और ऊना जिले शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि एचपीसीएससी-2024 में विज्ञान प्रश्नोत्तरी, गणितीय ओलंपियाड, विज्ञान मॉडल और विज्ञान स्किट शामिल होंगे। जोन दो के लिए समयसारिणी उपखंड स्तर पर 21 तथा 22 अक्तूबर तथा जिला स्तर पर प्रवेश के लिए परिणाम संकलन 26 अक्तूबर, जिला स्तर पर आयोजन 8 नवंबर तथा राज्य स्तर पर प्रवेश के लिए परिणाम संकलन-9 नवंबर तक होगा। इस कार्यक्रम में कुल 3939 छात्र भागीदारी करेंगे।

हर्ष गुलेरिया ने पास की नेट परीक्षा

डरोह। दरंग के रहने वाले हर्ष गुलेरिया ने बिना कोचिंग के यूजीसी के तहत होने वाली नेट की परीक्षा अंग्रेजी विषय में 90 प्रतिशत अंक

लेकर उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 24 वर्षीय हर्ष गुलेरिया की प्रारंभिक शिक्षा रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां से हुई। इसके पश्चात स्नातक राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला से तथा स्नातकोत्तर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से हुई। अब वह कॉलेज में प्रोफेसर पद पर सेवाएं देंगे। हर्ष के पिता दिनेश सिंह भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान समय में एचआरटीसी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हर्ष अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा खासकर अपने ताया नरेंद्र सिंह गुलेरिया को दिया, जिन्होंने निरंतर उनका साथ दिया है।

उपरली मजेठली-अंबाड़ी के लोगों को मिली उचित मूल्य की दुकान

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

उपरली मजेठली और अंबाड़ी पंचायत के लोगों के लिए उचित मूल्य की दुकान का हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने उद्घाटन किया। इस उचित मूल्य की दुकान के खुलने से इन दोनों पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे व उन्हें अब घर के पास सस्ता राशन उपलब्ध होगा और गांव के गरीब लोगों को रोजगार भी मिलेगा। गांववासियों ने आरएस बाली का उद्घाटन स्थल पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। वहीं, बाली ने कहा इस उचित मूल्य की दुकान के खुल जाने से उपरली मजेठली और अंबाड़ी पंचायत के लोगों को सस्ता राशन लेने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। लोग लगभग 5 किलोमीटर दूर जाकर सस्ता राशन लाते थे, जिन्हें अब यह सुविधा उनके घर के पास ही मिलेगी।

बैजनाथ-पपरोला के श्मशानघाट का होगा जीर्णोद्धार

बैजनाथ। बैजनाथ-पपरोला के श्मशानघाट का जीर्णोद्धार किया जाएगा और इसे मुक्तिधाम के तौर पर विकसित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला के तहत इस श्मशानघाट को कायाकल्प नाम दिया जाएगा। कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय उच्च मार्ग से लेकर श्मशानघाट के संपर्क मार्ग को टायिलों से सुसर्जित कर दिया गया है तथा विश्राम स्थल बनाए गए हैं बिनवा नदी के बीचोबीच बने टापू को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा, जिसके लिए बाकायदा पर्यटन विभाग द्वारा पर्याप्त राशि भी महिया करवा दी गई है। इस टापू तक पहुंचाने के लिए शमशान घाट से एक फ्लाईओवर पुल का निर्माण किया जाएगा। साथ-साथ यहां फुलवारियां बनाई जाएंगी तथा पार्क का निर्माण भी किया जाएगा।

देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थानों में शामिल होगा टांडा मेडिकल कॉलेज : आरएस बाली

बोले, चिकित्सा के बुनियादी ढांचे में किया जा रहा आवश्यक सुधार

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार चिकित्सा के बुनियादी ढांचे में आवश्यक सुधार कर रही है। चिकित्सक-रोगी और नर्स-रोगी अनुपात में सुधार के लिए वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की जा रही है।

शनिवार को टांडा मेडिकल कालेज में ईएनटी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक

आरएस बाली ने कहा एक वर्ष के भीतर आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान बन जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की राज्य के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के बुनियादी ढांचे में सुधार की भी योजना है। इस दौरान आरएस बाली ने कहा कि टांडा मेडिकल कॉलेज को स्थापित करवाने में विकास पुरुष जीएस बाली का अहम योगदान रहा है, जिसके चलते ही आज कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतरीन उपचार की सुविधाएं मिल रही हैं। इससे पहले मेडिकल कालेज टांडा के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. सुमन गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कालेज चल रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

न्यूज ब्रीफ

मेहंदी प्रतियोगिता में सुभाष सदन की रुहानी प्रथम

अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी भड़ोली में करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से 11वीं तक के बच्चों के लिए करवाई गई थी। सुभाष, गांधी, पटेल, नेहरू सदनों के प्रतिभागियों ने हाथों पर इतनी सुंदर-सुंदर आकृतियां बनाकर अपने हुनर का परिचय देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता का परिणाम दो वर्गों में निकाला गया, जिसमें कनिष्क वर्ग में कक्षा नौवीं से पहला स्थान सुभाष सदन की छात्रा रुहानी, नेहरू सदन की छात्रा मन्नत द्वितीय और पटेल सदन की शान्वी गर्ग तृतीय रही। वहीं वरिष्ठ वर्ग में 11वीं से गांधी सदन की कृतिमा ने प्रथम, नेहरू सदन की शांभवी द्वितीय, और पटेल सदन की कशिश तृतीय रही। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

सेबी हर निवेशक की ताकत है : प्रदीप कुमार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा, हमीरपुर में सेबी की ओर से स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन प्रदीप कुमार रहे जो कि हिमाचल प्रदेश के सेबी की तरफ से ओवरऑल एग्जीक्यूटिव हैं। इस कार्यक्रम की समन्वयक मनदीप कौर रहीं।

प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान ने प्रदीप कुमार को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रदीप ने निवेश के लिए कायदे-कानूनों के बारे में व्याख्यान किया। उन्होंने विश्व निवेशक सप्ताह के तहत बताया कि सेबी हर निवेशक की ताकत है और निवेशक सही तरीके से निवेश करके अच्छा लाभ कमा सकता है तथा अच्छा जीवन यापन कर सकता है। इस कार्यक्रम के व्याख्यान को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम में बीएड, डीएलएड व बीए की छात्रों सहित कालेज का संपूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा। इसके साथ ही पूर्व छात्र संघ की बैठक में पूर्व छात्रों ने कॉलेज की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपने-अपने विचार सांझा किए। इस बैठक में नई एलुमिनी एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष निशांत, उपाध्यक्ष अंशुल ठाकुर, सचिव अमन, कोषाध्यक्ष विशाल को निर्वाचित किया गया।

श्री रामकृष्ण ट्रस्ट की प्रदेशाध्यक्ष बनी बिंदिया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सुजानपुर निवासी बिंदिया कुमारी को श्री रामकृष्ण संघ ट्रस्ट का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बिंदिया जो अब तक विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी सुजानपुर प्रखंड संयोजिका के पद पर अपनी सेवाएं दे रही थीं, उनको इसके साथ-साथ श्री राम सेना में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

किशोरियों को परिचयात्मक भ्रमण करवाया

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। बाल विकास परियोजना कार्यालय टौणी देवी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र टपरे व दरकोटी की किशोरियों का परिचयात्मक भ्रमण करवाया गया, जिसकी अध्यक्षता पर्यवेक्षक लीला देवी ने की। इस अवसर पर हरदीप कुमार, स्वास्थ्य शिक्षक कमल कुमार ने अपने-अपने विभाग की जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता गुलेरिया व संदला देवी सहित अनेक किशोरियां उपस्थित रहीं।

सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजरों के साक्षात्कार 24 को

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। ईवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड शिमला सिक्योरिटी गार्ड्स और सुपरवाइजरों के 85 पदों पर भर्ती के लिए 24 अक्तूबर को उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए दसवीं, बारहवीं या स्नातक पास महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे तथा इनकी आयु 20 से 36 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पुरुष अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फुट 7 इंच तथा वजन 60 किलोग्राम हो, जबकि, महिला अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फुट 4 इंच तथा वजन 48 किलोग्राम होना चाहिए। कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 12 से 25 हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा तथा उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर दिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत युवक-युवतियां हिमाचल निवासी प्रमाण पत्र और अपने अन्य सभी दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

बाल विज्ञान सम्मेलन में 2401 छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 32वें बाल विज्ञान सम्मेलन में हमीरपुर जिले के 2401 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। हमीरपुर जिला में सब डिवीजन लेवल का दो दिवसीय बाल विज्ञान सम्मेलन इस बार एक साथ 21 और 22 अक्तूबर को मनाए जाएंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में छात्र मैथेमैटिक्स ओलंपियाड, विज्ञान प्रश्नोत्तरी और साइंस मॉडल में अपना हुनर दिखाएंगे। भोरंज ब्लॉक का बाल विज्ञान सम्मेलन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में, हमीरपुर ब्लॉक का हाई स्कूल खाहला में, नादौन ब्लॉक का रंगस स्कूल में, बड़सर ब्लॉक का बिझड़ी स्कूल में और सुजानपुर ब्लॉक का चबूतरा स्कूल में किया जा रहा है। सब डिवीजन लेवल पर विजेता रहे छात्र जिला स्तर पर भाग लेंगे। उधर, राजेश गौतम, पर्यवेक्षक, जिला विज्ञान हमीरपुर ने कहा कि सब डिवीजन लेवल के बाल विज्ञान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए साइंस अध्यापकों की ड्यूटियां लगा दी गई है, ताकि छात्रों को सबडिवीजन लेवल पर किसी तरह की असुविधा न झेलनी पड़े।

तनु शर्मा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

अनंत ज्ञान, गलोड़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोअर हरेटा की दसवीं कक्षा की छात्रा तनु शर्मा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में जिला स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद में जिला भर में तनु शर्मा द्वितीय स्थान मधु शर्मा कक्षा जमा एक ने डिस्कस थ्रो में तृतीय स्थान प्राप्त किया था अहाना ठाकुर जमा दो ने भी जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बच्चों से कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है खेलने से शारीरिक मानसिक और सामाजिक रूप से सेहत अच्छी होती है। प्रधानाचार्य त्रिलोक चंद शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान संतोष कुमार आदि ने इन बच्चों को बधाई दी है।

50 मीटर दौड़ में जश्न और रुद्राक्ष अव्वल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में कक्षा तीसरी से पांचवीं के लिए एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। इस वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य शशि बाला, समन्वयक डॉ. नीता सिंह, माया शर्मा, व पूजा शर्मा द्वारा किया गया। 40 मीटर रेस कक्षा तीसरी लड़कों में अंकित, कार्तिक ने प्रथम स्थान, शिवाय, सात्विक ने दूसरा स्थान, रुद्रेश, प्रज्ञा ने तीसरा स्थान, 40 मीटर रेस कक्षा तीसरी लड़कियों में आरवी, श्रव्या ने प्रथम स्थान, शानवी, इशानवी ने दूसरा स्थान व नव्या, अर्पिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर रेस कक्षा चौथी लड़कों में जश्न, रुद्राक्ष ने प्रथम, अक्षविन, आश्विक ने दूसरा, पारुष, अदविक ने तीसरा स्थान व 50 मीटर रेस कक्षा चौथी लड़कियों में आरव्या, अकीरा ने प्रथम, आरवी ने दूसरा व साम्य, कविष्का ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्टूडेंट्स ने अन्य रेस में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

सरकार के नेताओं को नहीं जनता की चिंता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला भाजपा के महामंत्री अजय रिंटू ने शनिवार को प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश में एक जन विरोधी अव्यवस्थित, वित्तीय कुप्रबंधन, युवा विरोधी तथा महिला विरोधी, किसान विरोधी, कर्मचारी विरोधी सरकार चली हुई है। इस सरकार के नेता और अभिनेताओं को केवल अपने सुख की चिंता है, पर जनता की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश सरकार आर्थिक तंगी का रोना रो रही है और दूसरी तरफ उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रमों में हजारों रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आर्थिक तंगी का रोना रोकर विकास के कार्यों को ब्रेक लगा दी है। कर्मचारियों के वेतन तथा पेंशनधारियों की पेंशन समय पर नहीं मिल रही है और उनके लाखों रुपए बकाया सरकार के पास पड़े हैं, लेकिन उसके बावजूद सरकार शिलान्यास, उद्घाटनों और हेलिकॉप्टर पर उसके रुपए फूंक रही है। उन्होंने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि एक तरफ प्रदेश सरकार स्कूलों को बंद कर रही और झूठी वाहवाही लूटने के लिए अब सरकार ने एक और फरमान जारी कर दिया है, जिसमें सरकारी स्कूलों में फ्लेक्स लगवाई जाएंगी, जिसमें स्कूल में बड़े-बड़े बैनर लगाकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के फोटो सहित सरकार स्तुति गान गाया हो।

मुख्यमंत्री ने हमीरपुर को करोड़ों के उद्घाटन और शिलान्यास कर दी सौगात

मुख्यमंत्री का हमीरपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

रवि ठाकुर, हमीरपुर

नगर परिषद हमीरपुर द्वारा शहर में करवाए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला हमीरपुर में 2.30 करोड़ रुपए की लागत से तैयार विभिन्न सौंदर्यीकरण के कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने बस स्टैंड हमीरपुर के सामने रानी झांसी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने भोटा चौक पर वर्षा शालिका, वार्ड नंबर दो में पार्क का सौंदर्यीकरण, गांधी चौक के नवीनीकरण कार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के सामने निर्मित पार्क, स्ट्रीट वेंडर मार्केट भोटा, उपायुक्त कार्यालय के समीप निर्मित एस्पिरेशनल टॉयलेट तथा प्रताप नगर चौक, डांग कुआली चौक व पुरी चौक के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, सुजानपुर विधायक रणजीत राणा, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया सहित कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारी व जिला प्रशासन के आलाधिकारी मौजूद रहे।

हमीरपुर में वार्ड नंबर दो के पार्क का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य तथा (दाएं) मुख्यमंत्री को सम्मानित करते नगर निगम के सदस्य।

मुख्यमंत्री ने जोल सप्पड़ में राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर कालेज के विभिन्न निर्माण कार्यों एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक भी ली।

पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर परिषद के वार्डों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है और हमीरपुर शहर को सुंदर बनाना उनकी मुख्य प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर राज्य के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर के खेल मैदान में जब पहली बार आए थे तो उसकी हालत काफी दयनीय थी और उसको अब सुंदर बनाने के लिए काम किया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर आर्थिक स्थिति को लेकर की जा रही बयानबाजी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने जयराम ठाकुर को झूठ का सौदागर करार देते हुए कहा कि उन्होंने अपने समय में कोई भी विकास नहीं करवाया और अब केवल झूठ की राजनीति करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जयराम और सांसद अनुराग ठाकुर भी आर्थिक स्थिति को लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अनुराग केंद्र में वित्तीय राज्य मंत्री भी रह चुके हैं और उन्हें हिमाचल की वित्तीय मामलों की जानकारी प्राप्त करनी है तो आरबीआई से भी ले सकते हैं। वर्तमान सरकार पूर्व सरकार के समय की वित्तीय अनियमितताओं को भी निपटने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज हमीरपुर नगर परिषद में विभिन्न विकासात्मक कार्यों को जनता को समर्पित किया जा रहा है और हमीरपुर में पुराने बस अड्डे का भी जल्द ही जीर्णोद्धार किया जाएगा और इसे ट्रांजिट बस अड्डे के तौर पर तैयार किया जाएगा जिसकी जल्द ही डीपीआर तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी समय में हमीरपुर शहर के लिए भी कई नई योजनाएं सरकार के द्वारा शुरू की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

आईपीयू की यूएन स्टैंडिंग कमेटी के निर्विरोध सदस्य बनने पर जिला भाजपा ने अनुराग को दी बधाई

हमीरपुर। जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, उषा बिरला, जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर का मान बढ़ाया है। जेनेवा में हाल ही में आईपीयू की जनरल असेंबली की बैठक में अनुराग ठाकुर को जेनेवा में आईपीयू की जनरल असेंबली में आईपीयू स्टैंडिंग ऑन यूएन अफेयर के निर्विरोध सदस्य बनने को मंजूरी मिल गई है। हाल ही में आईपीयू के एशिया पैसेफिक ग्रुप की बैठक जेनेवा में हुई, जिसमें आईपीयू की स्टैंडिंग ऑन यूएन अफेयर की खाली पड़ी सीट को भरने के सदस्य के नाम पर चर्चा हुई। इस बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का नाम सभापति ने लिया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई थी। इस सहमति के बाद अनुराग ठाकुर का नाम मंजूरी के लिए आईपीयू की जनरल असेंबली में भेजा गया था, जिसे जनरल असेम्बली की बैठक में सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया। अनुराग सिंह ठाकुर के इस चुनाव पर वहां उपस्थित लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश व भारतीय दल में सम्मिलित अन्य साथी सांसदों ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

हरिजन बस्ती कलोह में सड़कों पर बहाया जा रहा गंदा पानी

संजीव चौहान, टोणी देवी

सरकार के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत लाखों करोड़ो रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन पंचायतों की लापरवाही से स्वच्छता अभियान खोखला साबित हो रहा है। विकास खंड टौणी देवी के तहत पड़ने वाली पंचयात भटेड़ मे पिछले महीने हरिजन बस्ती मे गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप डाली गई और पूरे वार्ड का गंदा पानी सड़क पर खुले में छोड़ कर प्रधान व वार्ड मेंबर ने अनोखा कारनामा किया है। गंदगी दूर होना तो छोड़िये पूरी सड़क पर बदबू व पानी सरेआम देखा जा सकता है।

इसी पाइप की गंदगी की वजह से 50 साल पुरानी खातरी भी खराब हो गई है। इस पाइप लाइन मे पूरी हरिजन बस्ती का साबुन का पानी, कपड़े धोने की गंदगी आदि सारा सड़क पर आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों मै सगरो देवी, कमला देवी, बीना कुमारी ने बताया कि इस पाइप लाइन से हमारे खेत खराब हो रहे हैं। पंचायत को बोलने पर भी इस गंदगी का कोई समाधान नहीं निकाला गया है। इस बारे पंचायत प्रधान प्रकाश चंद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गांव में लोगों के किचन व बाथरूम के पानी को पाइप द्वारा निकासी की गई है जो सड़क की नाली के माध्यम से नाले में जाता है। उन्होंने पुरानी खातरी के पानी के खराब होने बारे इंकार किया और कहा कि गंदा पानी इसके साथ बनी नाली में जाता है। पानी के खुले मे छोड़े जाने बारे उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है की जल्द से जल्द इस गंदी पाइप लाइन का समाधान किया जाए, ताकि राहगीरों व स्थानीय लोगों को इस गंदगी से राहत मिले। खंड विकास अधिकारी वैशाली शर्मा का कहना है की स्वच्छता के नियमों के उलंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर प्रदेश : अजय शर्मा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमेशा कर्मचारी हितैषी रहे हैं, इसलिए प्रदेश में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मंडी समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कहा कि इस निर्णय से कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वित्तीय स्थिती सुधारने व करोड़ों रुपए का ब्याज बचाने के लिए कर्मचारियों को पिछले महीने 5 तारीख को वेतन व पेंशन भोगियों को 10 तारीख को पेंशन देने का निर्णय लिया तो बड़ा हो हल्ला मचाया गया, लेकिन इस बार त्योहारों के चलते 28 अक्तूबर को ही वेतन देने का निर्णय लिया, तो विपक्ष ने मौन साध लिया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ विरोध के लिए विरोध नहीं होना चाहिए। जहां ठीक कार्य हो रहा हो वहां उसका समर्थन भी करना चाहिए। यही सही मायनों में विपक्ष का रोल होता है, लेकिन हिमाचल की विपक्षी पार्टी आपदा के समय तो सरकार की मदद करने से सड़क से लेकर विधानसभा तक भागती रही। सुक्खू सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के बाद आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हिमाचल के बारे कुछ कहने के बजाय झूठी अफवाह फैलाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि आज हमीरपुर जिले का चौमुखी विकास हो रहा है यह सब उनकी दूरदर्शी सोच का ही नतीजा है।

पुली के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय से 4.25 लाख स्वीकृत

एसके शर्मा, जाहू

भोरंज उपमंडल की पंचायत गरसाहड़ के गांव शाही के रास्ते में आने वाली लिंडी खड्ड में पुली के निर्माण के 4 लाख 25 हजार की राशि स्वीकृत हो गई है। राशि स्वीकृत होने की अधिसूचना उपायुक्त कार्यलय हमीरपुर से जारी हो चुकी है और शीघ्र ही पुली का निर्माण शुरू हो जाएगा। शाही गांव के ग्रामीणों का बरसात के मौसम में रास्ते की पुली टूटने की वजह से पूरा संपर्क टूट जाता है। गांव के बच्चों को सड़क तक पहुंचने के लिंडी खड्ड को पार करना पड़ता है। पंचायत के पदाधिकारियों की नाकामी की बजह से पुली के निर्माण के लिए पहले भी पांच लाख रुपए स्वीकृत हुए थे परंतु काम न होने की वजह से वापस हो गए थे।

उपप्रधान विकास शर्मा ने बताया कि शाही गांव को जाने वाले रास्ते में लिंडी खड्ड में पुली के निर्माण के लिए 4 लाख 25 हजार रुपए उपायुक्त कार्यलय हमीरपुर से स्वीकृत हुए हैं। शीघ्र ही पुली का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए उपप्रधान विकास शर्मा व ग्रामीणों ने विधायक सुरेश कुमार का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

राजेंद्र राणा के प्रयास से 24 .23 करोड़ की पेयजल योजना को नाबार्ड से मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के अथक प्रयासों के चलते पांच पंचायतों के लिए 24.23 करोड़ की पेयजल योजना को नाबार्ड से स्वीकृति मिल गई है, जिससे क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होगा। राणा ने अपने कार्यकाल के दौरान 2020-21 में विधायक प्राथमिकता में इस योजना को डाल कर नाबार्ड को भिजवाया था।

चबूतरा क्षेत्र में पेयजल की भारी किल्लत को देखते हुए उन्होंने सबसे पहले तो जल शक्ति विभाग के माध्यम से जल शक्ति मिशन के तहत इस योजना की डीपीआर तैयार करवाई थी। हालांकि, इसे जल जीवन मिशन से स्वीकृति नहीं मिल सकी, लेकिन राणा ने लगातार इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रयास जारी रखे और फिर इसे विधायक प्राथमिकता में डाल दिया था।

अब नाबार्ड द्वारा इसके लिए पैसा मंजूर करके इसकी स्वीकृति की सूचना भी संबंधित विभाग को भेजी गई है। इस योजना के लिए व्यास नदी से पानी उठाया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन से इन पांचों पंचायतों की जनता को भविष्य में लंबे समय के लिए पानी की कोई किल्लत नहीं रहेगी। इससे पूर्व भी राजेंद्र राणा अपने हलके के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं।

निर्माण कंपनी ने कोल्हू सिद्ध मंदिर शेड के पुनर्निर्माण का मैटीरियल पहुंचाया

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। हमीरपुर जिला के बमसन क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं प्राचीन कोल्हू सिद्ध मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी ने कमर कस ली है। निर्माण कंपनी ने शनिवार को मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए निर्माण सामग्री पहुंचाना शुरू कर दी है। कंपनी के इस कार्य का ग्रामीणों ने स्वागत किया है। इससे पहले कंपनी के मजदूरों ने मंदिर परिसर में पड़ी बड़ी चट्टानों और मलबे को हटा कर सफाई कर दी थी। ग्रामीणों ने इसके विरोध में 20 अक्तूबर को निर्माण कंपनी का प्लांट बंद करने और गाड़ियां रोकने का अल्टीमेटम दे दिया था। कंपनी के एडिशनल जीएम मुकेश गुमाव अन्य ने कहा कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है।

करियर प्वाइंट विवि में बी-फार्मेसी में एडमिशन की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने बताया कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने बी-फार्मेसी की सीटें बढ़ाई हैं। जिसके लिए विद्यार्थी 30 अक्तूबर तक एडमिशन ले सकते हैं। विश्वविद्यालय में पहले 60 सीटें थी, लेकिन फार्मेसी में बढ़ते रुझान को देखते हुए विश्वविद्यालय ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से और सीटें भरने की मांग की थी। अब फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से विश्वविद्यालय को 100 सीटें भरने की अनुमति दे दी है, क्योंकि विश्वविद्यालय में बहुत से छात्र बी-फार्मेसी में वेटिंग लिस्ट में थे तथा सीट न मिलने के कारण दूसरे कोर्स में एडमिशन ले रहे थे।

बड़सर में चिट्टा, अफीम और चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत लगातार गश्त कर रही है। इसी क्रम में थाना बड़सर की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान राकेश कुमार निवासी बड़सर से तलाशी के दौरान 03.7 ग्राम अफीम, 0.7 ग्राम चरस, 03.2 ग्राम चिट्टा तथा 11400 रुपए नकदी बरामद की। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

सुजानपुर में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत, मामला दर्ज

सुजानपुर। पुलिस थाना सुजानपुर के तहत जितेंद्र कुमार गांव री की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई है। सुरेंद्र कुमार गांव वाणधार (अमगारा) कि शिकायत पर सुजानपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार शनिवार को उन्होंने अपने खेतों की जुताई करवाने के लिए जितेंद्र कुमार को अपने ट्रैक्टर सहित समय करीब 10.30 बजे प्रातः बुलाया था तथा चालक जितेंद्र कुमार को शिकायतकर्ता को जुताई बुआई करने वाले खेत दिखाए तथा उसके बाद घर चला गया। करीब 11.30 बजे दिन को दोबारा अपने खेत में पानी लेकर आया तो देखा कि जितेंद्र कुमार अपने ट्रैक्टर के नीचे पीठ के बल दबा हुआ था। स्थानीय लोगों की सहायता से चालक को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

भगवती स्कूल के बच्चों ने किए मेहंदी प्रतियोगिता में कलात्मक डिजाइन प्रस्तुत

नादौन। भगवती पब्लिक स्कूल के छात्रों में करवाचौथ पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छठी से बारहवीं कक्षा की रमन, अंबेडकर, टेगोर, सुभाष सदन की लड़कियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता उनके बीच पारंपरिक मूल्यों की खोज और विकास के लिए आयोजित की गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने हाथों पर मेहंदी की एक श्रृंखला के माध्यम से अपने कलात्मक डिजाइन प्रदर्शित किए। चार सदनों में रमन, अंबेडकर, टेगोर और सुभाष में मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रथम, दूसरा, तीसरा स्थान लाने में अंकिता व दिक्षा ने निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका निभाई। जिसमें सुभाष सदन से शिवानी प्रथम स्थान, टेगोर सदन से ईशिका ने दूसरा स्थान और अंबेडकर सदन से कशिश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एचआरटीसी में 350 ड्राइवरों की भर्तियां जल्द

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मान सिंह ठाकुर के साथ हमीरपुर डिपो के ड्राइवर व अन्य।

हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ संयुक्त समन्वय समिति के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल पथ परिवहन निगम संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष और निगम ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय प्रधान मान सिंह ठाकुर का हमीरपुर पहुंचने पर हमीरपुर डिपो के ड्राइवरों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मान ने सबसे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का एचआरटीसी के गोल्डन जुबली कार्यक्रम में 120 करोड़ रुपए देने की घोषणा का आभार जताया है। एचआरटीसी कर्मचारियों को 55 महीने का ओवरटाइम व रात्रि भत्ता 50 हजार करोड़ एकमुश्त देने पर आभार जताया है, जबकि तीन महीने में शेष 47 करोड़ देने की घोषणा की गई है। इसमें चार फीसदी डीए और एचआरटीसी कर्मचारियों को 28 अक्तूबर को वेतन देने की घोषणा का स्वागत किया है। मान सिंह ठाकुर ने बताया कि वह प्रदेश उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आभारी हैं, क्योंकि उन्होंने आश्वासन दिया है कि दीवाली के उपरांत प्रदेश में रुकी हुई 350 ड्राइवरों की भर्ती को जल्द शुरू कर दिया जाएगा, ताकि ड्राइवरों की कमी से जूझ रहे डिपुओं को राहत मिल सके।

114 वर्षीय खड़कू राम ने छात्रों को दी नशे से दूर रहने की नसीहत

अनंत ज्ञान, जाहू। उपमंडल भोरंज के तहत शहीद अकुंश ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मनोह जिला हमीरपुर में युवा कलब सांस्कृतिक विकास मंच जाड़ के सौजन्य से एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। 114 वर्षीय बयोवृद्ध व्यक्ति खड़कू राम जिनका (जन्म वर्ष 1910) ने विद्यालय के विद्यार्थियों तया शिक्षकों को अपनी लंबी आयु के रहस्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य अशोक ठाकुर ने उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। खड़कू ने बच्चों को फल भी बांटें। इस मौके पर युवा कलब सांस्कृतिक विकास मंच जाड़ के प्रधान वीर सिंह रणौत ने बताया कि संस्था इस प्रकार के आयोजन करवाता रहता है। इस मौके पर छात्रों की रिफ्रेसमेंट के लिए 1000 रुपए भी दिए।

कार्रवाई पंजाब की संस्था ने प्रसाद बेचने वाली दुकानों की जांच करने की उठाई थी मांग

दियोटसिद्ध में दुकानों से भरे प्रसाद के सैंपल

अनिल कुमार, हमीरपुर

विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर के श्रद्धालुओं को दिए जाने प्रसाद के तौर पर दिए जाने लड्डुओं में मछली के तेल और जानवरों की चर्बी मिलने की पुष्टि से हिंदु समाज की आस्था को चोट पहुंची है। इसलिए सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने देश के विभिन्न मंदिरों में दिए जाने वाले प्रसाद व मंदिरों के आसपास बिकने वाले प्रसाद के सैंपल लेकर जांच करने की मांग की है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा विभाग को मंदिर के पास दुकानों में बिकने वाले प्रसाद के सैंपल लेने के आदेश दिए हैं। इसी आदेशों के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बाबा बालक नाथ मंदिर के पास दुकानों में मिलने वाले प्रसाद के 6 सैंपल लिए हैं।

इन सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि प्रसाद में मिलावट तो नहीं की जा रही। हालांकि, तिरुपति बाला मंदिर में हुए प्रसाद और तेल की मिलावट के बाद सभी मंदिर ट्रस्ट और दुकानदार सतर्क हो गए हैं, लेकिन फिर भी प्रसाद के सैंपल लिए जा रहे हैं। गौर रहे कि बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा और आसपास रोट और हल्वे का प्रसाद बेचा जाता है। ऐसे में मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इन्हीं दुकानों से प्रसाद लेकर बाबा की गुफा में चढ़ाते हैं और घर भी ले जाते हैं। इसके अलावा कई तरह के मिष्ठान भी दुकानों में प्रसाद के रूप में श्रद्धालु खरीदते हैं, लेकिन अभी तक केवल रोट और प्रसाद के ही सैंपल विभाग ने लिए हैं जिनकी जांच की जा रही है।

इस बारे में खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि विभाग ने प्रदेश सरकार के आदेशों के बाद बाबा बालक नाथ मंदिर के पास प्रसाद के 6 सैंपल लिए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक इनकी रिपोर्ट नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

महिलाओं को दी बैंक योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की बस स्टैंड शाखा द्वारा नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड-4 समलोट में शनिवार को एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक अधिकारी अंकुश ठाकुर ने किसानों, महिलाओं और ग्रामीण जनता को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के दौरान ठाकुर ने किसान क्रेडिट कार्ड, एनआरएलएम, स्वयं सहायता समूह ऋण योजना, वाहन ऋण योजना, आवास ऋण योजना और सशक्त महिला ऋण योजना जैसी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया।

बाल मेले में बच्चों की करवाई विभिन्न प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान, मंडी। स्तरीय बाल मेला राजकीय केंद्र बाल प्राथमिक पाठशाला मंडी एवं राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला न्यू कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। बाल मेले में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल मेले का शुभारंभ पार्षद नगर निगम नेहा कुमारी ने भारत माता की तस्वीर को माला अर्पण कर व दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ बाल माध्यमिक पाठशाला मंडी के प्रधानाचार्य राजश्री कपूर ने भी शिरकत की। एसएमसी अध्यक्ष अंकुश मोहन, पूर्व पार्षद बंसीलाल तथा संकुल स्तर की अन्य पाठशालाएं के अभिभावकों ने आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में आज प्रधानाचार्या राजकुमारी की अध्यक्षता में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 15 विद्यालयों के 84 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पेंटिंग में सोमानिका ठाकुर और क्रिएटिव राइटिंग में आर्यन और सेजल ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सुगम संगीत में कनिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडू और आयुषी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी विजयी रहे। कविता पाठ में नीलाक्षी राजकीय विद्यालय मनारू और अभय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विज्ञान प्रोजेक्ट टीएलएम में विराट राजकीय माध्यमिक पाठशाला मझारनु और एंजल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी ने जीत दर्ज की। प्रधानाचार्या राजकुमारी ने सभी विजेताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया और बच्चों की उत्कृष्ट प्रतिभा की सराहना की।

कॉस्ट कटिंग के लिए सीपीएस हटाए, इंजीनियर नहीं : जयराम

अनंत ज्ञान, शिमला। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार कॉस्ट कटिंग के नाम पर जेई, एसडीओ, एक्सईएन के पद खत्म कर रही है। इंजीनियर सरकार और विभाग पर बोझ नहीं होते। जो काम करते हैं उससे संबंधित विभाग बेहतर काम करता है। सरकार पर वास्तविक बोझ सीपीएस और कैबिनेट रैंक के साथ बनाए गए सलाहकार और ओएसडी हैं। जिन पर हर महीने लाखों रुपए का खर्च हो रहा है, लेकिन सरकार कॉस्ट कटिंग के नाम पर इंजीनियर को हटा रही है। उनके पद खत्म कर रही है। जबकि जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों से सरकार अपने मित्रों को सुविधाएं प्रदान कर रही है। अगर सरकार को कॉस्ट कटिंग करनी है तो सबसे पहले असंवैधानिक रूप से बनाए गए सीपीएस को हटाए। सलाहकारों की फौज को हटाए, लेकिन सरकार आठ-दस हजार की रुपए की नौकरी पर करने वाले आउटसोर्स के कर्मियों को हटाती है। जयराम ठाकुर ने हाटी छात्र संघ के द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने हाटी समुदाय से जुड़े लोगों को अचीवर्स अवार्ड से भी सम्मानित किया। इस मौके पर संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप, पावंटा के विधायक सुखराम चौधरी, राजगढ़ से विधायक रीना कश्यप, शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर सहित हाटी समुदाय से जुड़े अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

मेहंदी प्रतियोगिता में वंशिका रही प्रथम

अनंत ज्ञान, शिमला। आर्य दीप शिव संस्था की ओर से टूटू में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के हाल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में टूटू स्कूल की छात्राएं प्रतिभागी बनी। एसएसएन स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल क्रीसेंट स्कूल कि छात्रों ने भाग लिया सभी बच्चे काफी प्रतिभाशाली थे। इस आयोजन में प्रथम वंशिका द्वितीय रिद्धिमा तृतीय दिव्यांशी और सर्वश्रेष्ठ विजेता श्रेया वर्मा रही। इन सभी छात्रों को मुख्य अतिथि डॉक्टर किमी सूद ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

दो मोटरसाइकिलें भिड़ीं एक युवती की हुई मौत

अनंत ज्ञान, चंबा

पठानकोट चंबा-भरमौर एनएच पर रजेरा के समीप शनिवार को दोपहर बाद दो मोटर साइकिलों एचपी 48बी6158 और एचपी 73ए ए 8157 आमने-सामने भिड़ंत होने से एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर बबीता को मृत घोषित किया गया। हादसे के वक्त मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे ले लिया है और मेडिकल कॉलेज चंबा में पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक

मृतका की पहचान बबीता कुमारी पुत्री राजकुमार निवासी गांव बनाड़ ग्राम पंचायत बंदला विकास खंड मैहला के रूप में हुई है। जिसकी उम्र 21 वर्ष बताई जा रही है। घायलों में 20 वर्षीय सन्नी कुमार पुत्र महेंद्र निवासी गांव टिपरी और सिद्धार्थ पुत्र योगराज निवासी मोहल्ला मुगला के नाम शामिल हैं।

खड़ामुख-होली मार्ग पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, बेल्जियम निवासी घायल

रेस्क्यू करते विदेशी पर्यटक।

भरमौर। खड़ा मुख होली रोड पर आज सुबह फॉरनर की एक बाइक जियूंरा पुल के समीप अनियंत्रित होकर रावी नदी में जा गिरी। हादसे में एक बेल्जियम निवासी विदेशी पर्यटक घायल हुआ है। घटना के वक्त यह विदेशी पर्यटकों का ग्रुप होली की तरफ जा रहा था कि अचानक जियूंरा पुल से थोड़ा सा आगे पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर रावी नदी में जा गिरी।

इस दौरान उसके दोस्तों ने स्वयं ही मौके पर बिना कोई देरी किए उसका रेस्क्यू करके उसे रावी नदी से बाहर निकाला। हादसे के दौरान बेल्जियम निवासी नदी में जा गिरा था जो ठंड के कारण काफी कंपकंपा रहा था। लिहाजा उसके दोस्तों ने सबसे पहले उसे हीट का प्रबंध करके उसके शरीर को गर्म किया। उसके बाद रस्सीयों के सहारे उसका रेस्क्यू करके मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन भरमौर भी मौके पर पहुंच गया। लेकिन इन विदेशी युवकों की रेस्क्यू की तैयारी को देखते हुए वहां पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हादसे के बाद इन विदेशियों ने स्वयं ही सेफ्टी बेल्ट व राशियों के सहारे रास्ता बनाकर घायल को तुरंत सड़क तक पहुंचाया। जहां पर उसे दोबारा नागरिक अस्पताल भरमौर ले जाया गया है। नागरिक अस्पताल भरमौर में उसका इलाज चल रहा है।

सुंदरनगर-चंदेश बस छह माह से बंद, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत चलने वाली सुंदरनगर वाया पटडीघाट चंदेश बस पिछले लगभग छह महीने से भी अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच रही है। यह सब सेबा अपने गंतव्य से लगभग बारह किलोमीटर पीछे पटड़ीघाट में रुक रही है, जिस कारण स्थानीय लोगों को पटड़ीघाट से निजी वाहन वालो को भारी भरकम किराया कर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं।

स्थानीय लोगों में ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद उप प्रधान वीरी सिंह गेहरा के प्रधान रूप लाल, भूप सिंह, पूर्ण चंद, दिले राम, चुनी लाल, श्याम लाल, रवि चंद आदि लोगों का कहना है पिछले लगभग छह महीने से सुंदरनगर चंदेश बस सेबा सुंदरनगर से पटड़ीघाट तक चल रही है, जिसके बाद निजी वाहन करके लोग अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुंदरनगर चंदेश बस सेबा को अपने गंतव्य तक भेजा जाऐ। पथ परिवहन निगम के मंडलीय प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि सड़क खराब होने के कारण आज दिन तक बस सेबा नही चल सकी। लोक निर्माण विभाग से अनापति प्रमाण पत्र मिल चुका है अब जल्द ही बस को चन्देश तक चला दिया जाएगा।

पठानकोट-चंबा बस बनीखेत के पास हुई खराब, यात्री परेशान

खराब बस के कारण परेशान खड़े यात्री।

मुकेश कुमार, डलहौजी

जिला चंबा में एचआरटीसी के हालत दयनीय होते जा रहे हैं जिसका सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में कई कई दिन एक ही स्थान पर खड़ी बसें खुद ब खुद एचआरटीसी चंबा के हालातो को बयां करती दिख जाती है आज भी चंबा पठानकोट चंबा बस एचपी 732697 उसे समय खराब हो गई जब चंबा से सवारियां लेकर बस पठानकोट जा रही थी जो बनीखेत के साथ लगते तलगुट शिव मंदिर के पास खराब हो गई।

इस बारे में चालक ने बताया कि गाड़ी की प्रेशर पाइप फट गई है और गाड़ी को आगे ले जाना खतरे से खाली नहीं है। बता दें एचआरटीसी जहां यात्रियों की जान को जोखिम में डाल रहा है तो वहीं कहीं न कहीं अपने कर्मचारियों पर भी तरस खाता नजर नहीं आ रहा है।

बता दें कि एचआरटीसी ने मणिमहेश यात्रा के दौरान लगभग 55 लाख रुपए से अधिक का मुनाफा प्रदेश सरकार की झोली में डाला था किंतु उसे पैसे का कुछ हिस्सा अगर एचआरटीसी चंबा प्रबंधन अपनी खटारा बसों पर लगता तो शायद ऐसे पैदा हुए हालातों से कुछ तो बचा जा सकता था जो आज एचआरटीसी प्रबंधन चंबा झेल रहा है।

इस बारे में जब एचआरटीसी चंबा कार्यालय के आरएम शगुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें इस बस के बारे में जैसे ही पता चला उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसकी जगह दूसरी बस को भेजकर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचा दिया गया।

करवाचौथ पर पार्षद शिखा ने करवाया विशेष कार्यक्रम

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

करवाचौथ के पावन अवसर पर नगर परिषद जोगिंद्रनगर के वार्ड 4 की पार्षद शिखा ने महिलाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं के लिए कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे पूरे वार्ड में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मेहंदी रात से हुई, जिसमें बाहर से आए मेहंदी कारीगरों ने महिलाओं के हाथों पर सुंदर और पेचीदा डिजाइन बनाई। मेहंदी की खुशबू और सजावट से पूरे कार्यक्रम में उत्सव का रंग चढ़ गया। महिलाओं ने इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा धारण की, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। मेहंदी के बाद मनोरंजन के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लिया।

प्रतिस्पर्धा का माहौल ऐसा था कि हर कोई इसमें शामिल होकर मस्ती और आनंद का अनुभव कर रहा था। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पार्षद शिखा द्वारा विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे महिलाओं का उत्साह और बढ़ गया। सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि इस कार्यक्रम में खान-पान की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।

बच्चों को मिल रहा पूरक पोषाहार : राकेश

अनंत ज्ञान, चंबा

आंगनबाड़ी केंद्र में मौजूद बच्चे व अन्य।

स्वस्थ एवं सुपोषित बचपन नौनिहालों के भविष्य को एक मजबूत नीव प्रदान करता है। बच्चों के शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बाल कुपोषण पर अंकुश लगाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के साथ बाल विकास सेवाओं के विस्तार को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास राकेश कुमार बताते हैं कि समेकित बाल विकास सेवाएं कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी जिला चंबा में 1495 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 वर्ष तक की आयु के 28931 बच्चों को वर्तमान में पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाया जा रहा है । इसके साथ जिला में 7538 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष तक की 17155 किशोरियों को विशेष पोषाहार कार्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।

इसी तरह बाल विकास परियोजना सलूणी के 20, बाल विकास परियोजना मेहला के 20, बाल विकास परियोजना तीसा के 14 तथा बाल विकास परियोजना भट्टीयात के तहत 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है। वर्तमान में सभी सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए आरओ वॉटर प्यूरीफायर स्थापित के साथ 90 केंद्र परिसरों में पोषण वाटिका तथा 65 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन में वर्षा जल संग्रहण की व्यवस्था भी सुनिश्चित बनाई गई है।

ज़िला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि चंबा जिला में 1495 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 वर्ष तक की आयु के 28931 बच्चों को वर्तमान में पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाया जा रहा है ।

जिला प्रशासन करेगा 'चंबा अचंभा' फोटो प्रतियोगिता

ओपी शर्मा, चंबा। जिला प्रशासन चंबा एवं पर्यटन विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'चंबा-अचंभा' फोटो प्रतियोगिता -2024 का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि 'जिला के अनछुए पर्यटन स्थलों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरने के लिए शुरू किए गए 'चलो-चंबा अभियान' के अंतर्गत चंबा-अचंभा' फोटो प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है ।

कोई भी नागरिक अपनी प्रविष्टि ई-मेल के माध्यम से 15 दिसंबर 2024 तक भेज सकता है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को राशि के प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे ।

शिक्षक पर कुक को डंडे से पीटने का आरोप

अनंत ज्ञान, चंबा

शिक्षक और कुक की लड़ाई के बाद अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। यह मामला विकास खंड सलूणी की प्राथमिक पाठशाला भैंठ का है। शिक्षक पर कुक को डंडे से पीटने का आरोप है।

कुक ने पुलिस थाना और विभागीय उच्चाधिकारी से शिकायत की है। पुलिस के बुलाने पर शिक्षक ने मेडिकल करवाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने कुक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित का किहार अस्पताल में मेडिकल करवाया गया है।

उधर, घटना के बाद अभिभावकों को लग रहा है कि जो शिक्षक कुक को पीट सकता है, वह उनके बच्चों की भी पिटाई कर सकता है। अभिभावक इस बात पर अड़ गए हैं कि जब तक स्कूल से शिक्षक का तबादला कर दूसरी अध्यापक की तैनाती नहीं की जाती, तब तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

शुक्रवार को प्राइमरी स्कूल भैंठ में छुट्टी वाला माहौल रहा। चपरासी ने स्कूल के क्लास रूम के दरवाजे तो खोले, लेकिन पढ़ाई करने के लिए कोई विद्यार्थी नहीं पहुंचा। अभिभावकों से संपर्क किया गया तो उन्होंने शिक्षक और कुक के बीच में लड़ाई को इसका कारण बताया। स्थानीय प्रशासन ने भी मामले में शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

एसडीएम नवीन शर्मा ने बताया कि उनके ध्यान में बच्चों के स्कूल नहीं जाने का मामला लाया गया है। इसको लेकर उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

डीएसपी रंजन शर्मा ने बताया कि कुक ने शिक्षक के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

प्राइमरी स्कूल भैंठ के एसएमसी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अभिभावक इस बात पर अड़े हैं कि जब तक मारपीट करने वाले शिक्षक की जगह दूसरे अध्यापक को नहीं भेजा जाता, तब तक वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

केंद्रीय मुख्य शिक्षक चमन सिंह ने बताया कि 16 अक्तूबर को यह घटना घटी थी। शुक्रवार को दूसरे स्कूल के शिक्षक को भेजा था। अभिभावकों ने फिर भी बच्चे नहीं भेजे। अभिभावकों से बात की जाएगी।

31 से पहले विद्युत मीटर को केवाईसी से लिंक करना अनिवार्य

डलहौजी। विद्युत उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू एवं होटल उपभोक्ताओं को सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डलहौजी इंद्रजीत सिंह ने अपील की है कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत मीटर खाता संख्या(कस्टमर आईडी) को उनके आधार कार्ड (केवाईसी) से लिंक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसकी अंतिम तारीख 31 अक्तूबर रखी गई है जिससे पहले सभी उपभोक्ताओं को अपने मीटर खाता संख्या से लिंक करना अनिवार्य है। केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ताओं के पास आधार कार्ड राशन कार्ड कोई भी पुराना नया विद्युत बिल जैसे आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर मौजूद स्वास्थ्य कार्यकर्ता व अन्य।

अनंत ज्ञान, चंबा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा शनिवार को सीएमओ सभागार में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर द्वारा किया गया। 6 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशामक देखभाल बुजुर्गों की देखभाल एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।

इस मौके पर सीएमओ विपिन ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रोहित नड्डा विशेष रूप से मौजूद रहे।

सूडोकु 0092

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0091 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

29 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

रितेश चौहान, सरकाघाट

थाना धर्मपुर क्षेत्र के अंतर्गत 29 वर्षीय निशा देवी ने घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान निशा देवी पत्नी संदीप कुमार, निवासी रखेडा के रूप में हुई है। वह जल शक्ति विभाग धर्मपुर में आउटसोर्स के तहत बेलदार के पद पर कार्यरत थीं।

घटना आज दोपहर की बताई जा रही है, जब निशा देवी ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजन स्तब्ध हैं और फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा सके। धर्मपुर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच जारी है, और जल्द ही अधिक जानकारी साझा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

बच्चों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर की जानकारी

अनंत ज्ञान, चंबा

विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व अन्य।

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिढकुंड के बच्चों, अध्यापकों व अन्य स्टाफ के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ब अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक कपिल शर्मा व केस वर्कर काजू राम जरयाल ने कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों ने सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श का अंतर समझाया और अनजान लोगों से सोशल मीडिया आदि प्लेटफार्म से दूर रहने की सलाह दी।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंड नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

20 अक्तूबर, 2024, रविवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** तृतीया : (06:48): **नक्षत्र** कृत्तिका, **पक्ष** : कृष्ण **योग** : व्यतीपात (02:10) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:42-12:28), **राहुकाल** (04:20 -05:46)।

विशेष दिन

» 20 अक्तूबर : करवा चौथ व्रत आज।

» 20 अक्तूबर : दशरथ चतुर्थी आज।

मेष: घर का माहौल अच्छा रखना होगा। पारिवारिक सदस्यों से मेल-जोल बढ़ा कर रखना होगा, कहीं घूमने भी जा सकते हैं। चिड़चिड़ापन आ सकता है।

वृषभ: आर्थिक रूप से आपको सजग रहना होगा, आज लाभ का दिन है इसलिए लाभ के लिए मेहनत पर फोकस रखना होगा। पारिवारिक कलह से बहुत अलर्ट रहें।

मिथुन: समय के महत्व को समझते हुए आज उन्हीं कार्य को वरीयता देनी होगी जो अधिक महत्वपूर्ण हैं। निवेश करने से पहले राय अवश्य लें अन्यथा पैसा डूब सकता है।

कर्क: अतिथि देवो भवः आज आतिथ्य करने का मौका मिल सकता है। प्रेम दें जिससे उनकी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्राप्त हों। वाहन काफी तेज चलाते हैं तो सावधान हो जाएं।

सिंह: अंधकार चाहे जितना गहरा हो लेकिन प्रकाश की एक किरण उसे पराजित कर देती है। नकारात्मक परिस्थितियों में उम्मीद का दामन नहीं छोड़ना है।

कन्या: ऊर्जा का लाभ लेने का दिन है। जोश के साथ अपने काम पर फोकस करिए। ऊर्जा को क्रोध में परिवर्तित न होने दें। परिचितों से मनमुटाव के कारण दूरियां बढ़ सकती हैं।

तुला: अधिक काम के चलते दिमाग गर्म हो सकता है, लेकिन आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान दें, आज इस मामले में दिन ठीक नहीं है।

वृश्चिक: अधिक लाभ कमाने के लिए आज कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जिससे कि आपकी इमेज को हानि पहुंचे। कान की केयर करें, दर्द होने की आशंका है।

धनु : ऑफिस में सहकर्मियों के साथ ताल-मेल बना कर चलें। जोड़ों से संबंधित दिक्कतें पहले से चली आ रही हैं, उनको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

मकर: समय को बिल्कुल बर्बाद न करें। समय के मोल समझते हुए, आपको इसका सदुपयोग करना होगा। अनजाने व्यक्ति का उपहार अपयश का कारण बन सकता है।

कुंभ : आज छोटी-छोटी खुशियां और आनन्द लेने के लिए तैयार रहें। यह प्रसन्नता आपको कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करेगी। आज शॉपिंग करने से बचना चाहिए।

मीन: अपनी क्षमतानुसार किसी ज़रूरतमंद की आर्थिक रूप से सहायता करें। अपनी कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। घर से कोई वस्तु मिसप्लेस हो सकती है।

सरकार दे रही पढ़ाई के साथ खेलों को प्रोत्साहन : यादविंदर

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए विधायक।

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने शनिवार को धर्मपुर में लड़कों के अंडर-14 खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह पर बतौर मुखयातिथी शिरकत की।प्रदेश स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में 12 जिलों के 462 छात्रों ने कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो तथा बैडमिंटन में प्रतिस्पर्धा दिखाई।

कबड्डी में जिला सोलन विजेता, शिमला द्वितीय, सिरमौर तृतीय, बालीवाल में जिला शिमला प्रथम, मंडी दूसरे जबकि सोलन तीसरे स्थान पर रहा। खो-खो प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर विजेता मंडी उप विजेता तथा शिमला तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन में जिला कांगड़ा प्रथम, ऊना दूसरे तथा सिरमौर तीसरे स्थान पर रहे। मार्च पास्ट में जिला सोलन सर्वश्रेष्ठ जबकि जिला शिमला ओवरऑल विजेता रहा। यादविंदर गोमा ने प्रतियोगिता के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग 7 हजार पदों को भरने जा रहा है, जिसमें 2300 पद भरे जा चुके हैं। इसके अलावा जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है उन स्कूलों में अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया जा रहा है।

आयुष मंत्री ने विधायक चंद्रशेखर द्वारा उठाई मागों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहाकि इस वित्तीय वर्ष में संधोल में मेजर ध्यान सिंह हाकी स्टेडियम के लिए 25 लाख रुपए, धर्मपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय के मैदान के जीर्णोद्धार को 15 लाख रुपए तथा शेष राशि अगले वित्तीय वर्ष में देने तथा गद्दीधार व तनिहार पंचायतों में खेल मैदान बनाने के लिए भी शीघ्र ही धन उपलबध करवा दिया जाएगा।

भरमौर स्कूल पारंपरिक लोक नृत्य में रहा दूसरे स्थान पर

अव्वल बच्चों को सम्मानित करती हुई अध्यापिका।

अनंत ज्ञान, भरमौर

जिला स्तरीय कला उत्सव चम्बा में आयोजित कार्यक्रम में सीनियर सेकेंडरी स्कूल भरमौर ने पारंपरिक लोक नृत्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही इसी स्कूल में दृश्य कला में भी तीसरा स्थान हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है।

स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य अरुणा चाडक ने स्कूल के बच्चों द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है। इस मौके पर प्रिंसिपल ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अरुणा चाडक ने बताया कि भारी प्रतियोगिता के चलते दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए समस्त स्टाफ सदस्य बधाई के पात्र है।

दूसरों की मदद कर सकते हैं तो करें, ऐसा नहीं कर सकते हैं, तो कम से कम उन्हें नुकसान तो न पहुंचाएं। -दलाई लामा

संपादकीय

प्रदूषण बना नासूर

त्योहारी सीजन के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश में कई जगह पटाखे फोड़ने की समय अवधि दो घंटे करने का फैसला कई मायनों में सही प्रतीत होता है। जिस स्तर पर लोग अंधाधुंध पटाखे फोड़ते हैं और हवा में आतिशबाजी छोड़ते हैं, उससे बेशक थोड़ी देर के लिए नजारा आकर्षक और चकाचौंध करने वाला नजर आता हो, लेकिन इसके विपरीत असरों पर लोग ज्यादा ध्यान ही नहीं देते। पटाखे फोड़ने को लेकर दूसरे राज्यों की तरह हिमाचल में भी स्थिति भयावह हो जाती है। कई दिनों तक आसमान धुंधला नजर आता है। प्रदेश में वायु प्रदूषण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हालांकि, हिमाचल पहाड़ी राज्य है, फिर भी पिछले कुछ सालों से यहां वायु प्रदूषण बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण वाहनों की बढ़ती संख्या भी है। धूल-मिट्टी के उड़ते कण वायु प्रदूषण बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

हालांकि, विशेषज्ञ यह तर्क देते हैं कि वायु प्रदूषण बढ़ने के और भी कई कारण होते हैं। प्रदेश में वाहनों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन सड़कों की लंबाई व चौड़ाई अधिकतर स्थानों पर पहले जैसी है। निश्चित रूप से इसका असर वायु प्रदूषण के स्तर बढ़ने पर पड़ रहा है, क्योंकि कुछ जगह वाहन दौड़ते नहीं, बल्कि रेंगते हैं। ऐसे में वाहनों से ज्यादा मात्रा में डीजल और पेट्रोल का धुआं निकलता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ना स्वाभाविक है। पहले एक किलोमीटर के सफर में जहां सौ वाहन होते थे, अब उसी क्षेत्र में वाहनों की संख्या बढ़कर एक हजार से ऊपर हो गई है। वायु प्रदूषण ट्रैफिक जाम की वजह से भी बढ़ता है। जब भी जाम लगता है तो लोग वाहनों को स्टार्ट ही रखते हैं और बंद नहीं करते। ऐसे में बढ़ते वाहनों के कारण भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इन परेशानियों से तंग आकर अब प्रदेश सरकार ने ई-व्हीकल की ओर कदम बढ़ाया है, लेकिन वर्तमान में चल रहे पेट्रोल व डीजल वाहनों को एकदम से बाहर नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सरकार के ई-व्हीकल को लेकर किए जा रहे प्रयासों के भविष्य में सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं।

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कालाअंब व पांवटा साहिब में भी वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा रहता है। प्रदेश सरकार अब धीरे-धीरे डीजल वाहनों को कम कर रही है। डीजल वाहनों की रजिस्ट्रेशन भी पंद्रह साल से ऊपर नहीं रहेगी, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर सरकार का रुझान बढ़ रहा है। पुरानी बसें चलाने से भी परहेज किया जा रहा है। पॉल्यूशन बोर्ड की ओर से करवाए गए एक अध्ययन में यह सामने आया कि प्रदेश में वायु प्रदूषण के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार वाहनों का प्रदूषण है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण का दूसरा कारण सड़क किनारे की मिट्टी है जो हवा या वाहनों के चलने की वजह से उड़ती है। ये कण वातावरण में घुलते रहते हैं। खैर, बात पटाखों की हो रही है तो ऐसे में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के निर्णयों से पटाखों से निकलने वाले धुएं और ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सकता है। पटाखों के धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को कम किया जा सकता है। पटाखों की आवाज से होने वाले शोर प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। पटाखों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सकता है। पटाखों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और यातायात समस्याओं को कम किया जा सकता है। प्रतिबंध और समय की पाबंदी से प्रदूषण का स्तर अवश्य सुधर सकता है।

हालांकि, पटाखों पर प्रतिबंध और समय की पाबंदी की चुनौतियां भी हैं। दरअसल, पटाखे कई संस्कृतियों और धर्मों में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। पाबंदी लगाने से पटाखों के उत्पादन और बिक्री से जुड़े लोगों की आय पर प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिबंध और समय की पाबंदी का पालन कराना मुश्किल हो सकता है। इसलिए, पटाखों पर प्रतिबंध और समय की पाबंदी को लागू करने से पहले इन चुनौतियों का ध्यान रखना और समाधान निकालना आवश्यक है। हिमाचल में प्रदूषण से बचने के लिए कारखानों, वाहनों और जंगल की आग से निकलने वाले धुएं को नियंत्रित करना बेहद जरूरी है। औद्योगिक और घरेलू कचरे से जहां जल प्रदूषण होता है तो वहीं, वाहनों और उद्योगों से निकलने वाली ध्वनि से ध्वनि प्रदूषण होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। ऊर्जा की बचत करके और अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके भी वायु प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इन उपायों को अपनाकर हम हिमाचल में प्रदूषण की समस्या को कम कर सकते हैं। ■

देश की बहुसंख्यक आबादी को तीज-त्योहार मनाने में हो रही परेशानी

यह हिंदुस्तान का दुर्भाग्य है कि यहां की बहुसंख्यक आबादी को अपने तीज-त्योहार मनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिंदुओं के द्वारा कोई भी धार्मिक आयोजन किया जाता है, उस पर मुस्लिम कट्टरपंथियों का साया पड़ जाता है। हिंदू जब भी कावड़ यात्रा निकालें, माता का जागरण कराएं, मूर्ति विसर्जन को जाएं या इसी तरह के अन्य कोई आयोजन करें तो मुस्लिम कट्टरपंथी कहीं उस पर पथराव करने लगते हैं, तो कहीं रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। उनके इस कृत्य का विरोध होता है तो ये लोग तलवारें भांजने लगते हैं। आगजनी और पेट्रोल बम तो आम बात हो गई है, लेकिन पेट्रोल बम फोड़ने वाले तब जरूर आहत हो जाते हैं, जब उन्हें कहीं पटाखों की आवाज सुनाई पड़ जाती है।

हालात यह है कि हिंदुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के घेरे के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिंदुओं के देवी-देवताओं को कभी कला के तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित किया जाता है। न जाने क्यों पांच टाइम लाउडस्पीकर पर चीखने चिल्लाने वालों को हिंदुओं के धार्मिक आयोजनों में बजने वाला डीजे बेचैन क्यों कर देता है। इसी तरह से होली के रंग-गुलाल भी एक वर्ग विशेष के चंद कट्टरपंथियों के चलते सांप्रदायिक हो जाता है। ऐसा नहीं है कि यह कट्टरपंथी तभी भड़कते हों, जब हिंदुओं के द्वारा अपना कोई धार्मिक जुलूस आदि सड़क पर निकाला जाता हो, हद तो तब हो जाती है, जब हिंदुओं के लिए अपने घरों में पूजा करना भी लड़ाई-झगड़े की वजह बन जाता है। गरबा या दुर्गा पूजा के पंडालों तक में यह मुस्लिम चरमपंथी पहुंच कर माहौल खराब करने से नहीं हिचकते हैं। इतना हीं कई बार तो इन अराजक तत्वों को वोट बैंक की राजनीतिक करने वाले नेताओं और पार्टियों का राजनीतिक संरक्षण भी मिल जाता है। यदि ऐसा न होता तो बहराइच में बेरहमी से मारे गए रामगोपाल मिश्र की हत्या पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक्स पर वह कथित वीडियो नहीं पोस्ट करते, जिसमें रामगोपाल मिश्रा एक मुस्लिम परिवार के घर से हरा झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाते हुए दिखाई दे रहा है। अखिलेश इस वीडियों के सहारे रामगोपाल मिश्रा को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जबकि इसका कानूनी पहलू यह है कि यदि रामगोपाल मिश्रा ने हरा झंडा उतार कर वहां भगवा झंडा फहरा भी दिया था तो हत्यारों को उसका कत्ल करने की छूट नहीं मिल जाती है।

लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

रामगोपाल मिश्र को मारा ही नहीं गया, उसके साथ हत्यारों ने वहशीपन दिखाते हुए रामगोपाल के नाखून तक बेरहमी के साथ नोंच लिए थे।

ज्यादा पीछे न भी जाया जाए तो हाल फिलहाल में ही इस्लामी कट्टरपंथियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दुर्गा पूजा और हिंदुओं को निशाना बनाया है। मुस्लिम कट्टरपंथियों ने कहीं पंडाल पर पथराव किया गया तो कहीं मूर्ति विसर्जन के जुलूस पर हमला हुआ, जुलूस के रास्तों को लेकर भी विवाद हुआ। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और असम तक पथराव और हिंसा हुई है। यह हिंसा हिंदुओं के त्योहार नवरात्र के साथ ही चालू हो गई थी। हावड़ा के श्यामगंज में गत 13 अक्तूबर को एक मुस्लिम भीड़ ने हिंदू पंडालों पर हमला किया। मुस्लिम भीड़ ने दुर्गा पूजा पंडालों को नष्ट करना चालू कर दिया। उन्होंने मूर्तियों को आग लगा दी और कई पंडालों को तबाह किया। यह मुस्लिम भीड़ उस घाट पर भी पहुंची जहां देवी मूर्तियों का विसर्जन होना था। यहां इस भीड़ ने पथराव किया।

बात विशेषकर उत्तर प्रदेश की कि जाए तो यहां के कौशांबी जिले में मां दुर्गा के विसर्जन जुलूस पर हमला हुआ। इस हमले में जुलूस में शामिल महिला श्रद्धालुओं को भी निशाना बनाया गया। घटना में कई श्रद्धालुओं को चोटें आई। गत 12 अक्तूबर को हुए इस हमले का आरोप मुस्लिम समुदाय के लगभग एक दर्जन लोगों पर लगा है जिसमें खातूनें भी शामिल हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया और एक महिला से दुष्कर्म की भी कोशिश हुई। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इसी तरह से बलरामपुर में दुर्गा पूजा के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों ने पंडाल में घुसकर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपितों में कलीम, अरबाज, इमरान और मुख्तार शामिल थे, जिन्होंने महिला श्रद्धालुओं से अभद्रता की और पंडाल में लगे भगवा ध्वज को नोचकर नाली में फेंक दिया। महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

उधर, कुशीनगर में एक और गंभीर घटना सामने आई, जब दुर्गा पूजा के दौरान मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मूर्ति पर पथराव किया। इस घटना में 10 से अधिक लोग घायल हो गए। अब बहराइच की हिंसा इसका नया उदाहरण है, जहां मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे एक व्यक्ति को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। यह जानकारी उन्हीं घटनाओं की है, जो मीडिया में सामने आई हैं या जिनकी जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथ को देखते हुए कहा जा सकता है कि कई घटनाएं संभवत: बाकी शोर-शराबे में दब गई होंगी। कुल मिलाकर कट्टरपंथियों की जेहादी सोच के कारण पिछले कुछ वर्षों से शोभा यात्राओं या फिर प्रतिमा विसर्जन यात्राओं का शांतिपूर्ण माहौल में निकलना कठिन होता जा रहा है। इन धार्मिक यात्राओं पर पत्थरबाजी कई बार दंगों का रूप धारण कर लेती है, जैसा कि बहराइच में हुआ। यहां दुर्गा पूजा विसर्जन यात्रा पर घरों की छतों से पथराव हुआ। एक सतानती की हत्या कर दी गई और उसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी। प्रश्न यह है कि जब यह सब हो रहा था, तब पुलिस कहां थी? पुलिस की अकर्मण्यता की वजह से ही दूसरे दिन युवक के अंतिम संस्कार को पहले फिर हिंसा भड़क उठी और उग्र लोगों ने कई घरों में तोड़फोड़ की और दुकानें जला दीं। यह ठीक है कि वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद हिंसा पर काबू पर लिया गया, लेकिन अहम प्रश्न यह है कि क्या सद्भाव के माहौल की वापसी हो सकेगी और उन तत्वों को सबक सिखाने वाली ठोस कार्रवाई हो सकेगी, जिनके कारण हिंसा का सिलसिला कायम हुआ?

सबसे दुखद यह है कि इस तरह की किसी भी घटना के बाद कुछ लोग सवाल खड़े करने लगते हैं कि अमुक क्षेत्र से यात्रा निकाली ही क्यो गई। किसी भी क्षेत्र को हिंदू- मुस्लिम क्षेत्र के रूप में परिभाषित करना क्या उचित है। दरअसल, हिंदू मुस्लिम क्षेत्र की बातें ही विभाजनकारी और शरारत भरा एजेंडा हैं। ऐसे एजेंडे आम तौर पर वोट बैंक की राजनीति के तहत चलाए जाते हैं। इस एजेंडे की काट के साथ यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए किसी भी समुदाय के धार्मिक आयोजन हिंसक तत्वों को शिकार न बनने पाएं। राज्य सरकार को धार्मिक आयोजनों को निशाना बनाने वाले तत्वों के खिलाफ कड़े कदम उठाकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ताकि फिर बहराइच, कौशांबी और गोंडा जैसी घटनाएं न हों। ऐसी घटनाओं से माहौल तो खराब होता ही है, सरकारी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचता है।

बहरहाल, बहाराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल मिश्र की नृशंस हत्या पर विश्व हिंदू परिषद ने आक्रोश व्यक्त किया है। परिषद ने कहा कि पूरे देश में यह ट्रेंड चल पड़ा है। कभी शोभायात्रा पर कभी, गरबा पंडाल में, कभी गणेश पूजन पर हमला हो रहा है। हर त्योहार तनाव से गुजर रहा है, जिसे हिंदू समाज स्वीकार नहीं करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

नकल, धोखाधड़ी और गुंडागर्दी अब रूटीन के मामले

किसी भी कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया हो या फिर स्कूल और कॉलेज की नियमित रूप में होने वाली परीक्षा हो। नकल, धोखाधड़ी और गुंडागर्दी एक रूटीन का मामला बन गया है। अनेक तरह कोशिश के बाद भी इस अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया।

लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नकल रोकने के प्रयास हिंसा या प्रतिशोध के कारण विफल रहे हैं। दबाव के आगे समर्थ भी खामोश रहते देखे जाते रहे हैं। परिस्थिति के दौरान गलत को सही और सही को गलत समझने का भ्रम अनुभव होता है। परीक्षा माफिया पर अब लगाम लगनी तय है। इस संबंध में कानून बनाया जाना सचमुच सही दिशा में एक भगीरथी प्रयास है। अचानक सब ठीक हो जाएगा, ऐसा मानना थोड़ी जल्दबाजी होगी क्योंकि नासूर की जड़ बहुत ही गहरी है। यह इस दिशा में एक मील का पत्थर और एक साहसिक एवं स्वागत योग्य कदम है, जो धीरे-धीरे इस क्षेत्र की भ्रष्ट प्रणाली में वांछित परिणाम देगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा सारे साधन झोंक देते हैं और कई बार तो स्वयं को आहत भी कर रहे हैं। कोटा जैसे संस्थान इसके उदाहरण हैं। उम्मीदवार के साथ-साथ परिवार और पूरी व्यवस्था को अपूरणीय क्षति के दौर से गुजरना पड़ता है। यह राष्ट्रीय कलंक है।

विगत वर्षों में कई राज्यों के राजनेता और अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए हैं और जेल में हैं। नौकरी देने वाली संस्थाएं, लोकसेवा आयोग के मुखिया और सदस्यों सहित प्रभावशाली वर्ग की भूमिका संदेह के दायरे में रही है। आर्थिक संपन्न समूह का डंका बजता है जिससे सभी स्तर पर निराशापूर्ण माहौल पैदा होता है। यह कानून इस दिशा में युगांतकारी और आशातीत फल देगा ऐसा विश्वास किया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में इस समस्या के अलग आयाम हैं। यह कानून जुर्माने और सजा का प्रावधान करता है तथा संबंधित संस्थान की अयोग्यता को सस्पेंड करता है।

इस तरह के नियम स्कूल और कॉलेज के लिए भी बनने चाहिएं। नकल के खेल में उम्मीदवार, परीक्षक, अभिभावक यानी समाज, माफिया और कानून की एजेंसियां मुख्य किरदार रहते हैं। ये कानून इन सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा रखता है। कहीं एक, कहीं दो और कहीं सभी समूह की सहभागिता निश्चित परिणाम देने में सक्षम होगी, ऐसा माना जाना होगा। नकल के स्वर्णिम सिद्धांत के अनुसार यदि अध्यापक चाहेगा तो नकल होगी, यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी, लेकिन उसे परिवेश का वरदहस्त चाहिए क्योंकि उसे खामोश करने के बड़े रास्ते हैं, जो माफिया समूह जानता है। कानून को पूरे देश में पूरी तन्मयता के साथ अपनाकर पूरी निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा और युवा वर्ग और देश की प्रतिभा के साथ न्याय करते हुए देश की उन्नति सुनिश्चित हो पाएगी, तभी यह कानून अपनी दिशा में वरदान साबित हो सकता है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

हे चांद ! जरा जल्दी आना

अनिल शर्मा नील
भटेड़, बिलासपुर

हे चांद! तूं आज जरा जल्दी आना,
चांद की चांद के लिए फरयाद सुन जाना।

सजी है धजी है, किया है सोलह श्रृंगार,
मनोकामना उसकी तूं पूरी कर जाना।

पिया नहीं उसने एक भी बूंद पानी,
खाया नहीं सुबह से अन्न का एक भी दाना।

सात फेरों का सात जन्मों का बंधन,
अटल इरादा है उसका, वादा है निभाना।

लंबी उम्र हो मेरे प्राण प्रिय की,
प्रार्थना अपनी से उसे अटल सुहाग है पाना।

सजाई है उसने थाली, मांगी है खुशहाली,
हंसते हंसते दोनों को जीवन है बीताना।

हे चांद ! तूं आज जरा जल्दी आना
देख तुझे अर्घ्य दे आज उसे पत्नीधर्म है निभाना।

जातिगत जनगणना देशहित में नहीं, यह समाज को बांटने का काम

हिंदुओं को जातियों में बांटकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधना बिलकुल गलत है। कांग्रेस जातिगत जनगणना करवाकर केंद्र की सत्ता में विराजमान होने का सपना देख रही है। अब सवाल यह है कि हिंदुओं की तरह ही मुस्लिम समुदाय भी विभिन्न जातियों में बंटा हुआ है तो फिर कांग्रेस पार्टी क्या मुस्लिम और ईसाई समुदायों की जातिगत जनगणना करवाएंगे या फिर फिर केवल हिंदुओं की ही? पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी संसद में खड़े होकर जातीय जनगणना करवाए जाने की वकालत कर चुके हैं। वे 21वीं सदी में भी दलितों के हकों की लड़ाई लड़ने का डिंडोरा पीटकर जातिवाद बढ़ाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी कभी मोची की दुकान में बैठकर जूते बनाने का काम करते हैं तो कभी महाराष्ट्र में एक दलित के घर खाना पकाकर वे दलितों और पिछड़ों का हमदर्द होने का प्रयास करते हैं। अगर यह जातिवाद नहीं है तो फिर और क्या है? राहुल गांधी संविधान उठाकर दलितों के अधिकारों की सदैव पैरवी करने का दावा करते हैं। 21वीं सदी में समानता, स्वतंत्रता की बजाए सिर्फ जातियों का गुणगान करते हैं। इस प्रकार की राजनीति को कतई सही नहीं ठहराया जा सकता है। हालांकि यह भी सत्य है कि चुनावों में टिकट जातीय आधार पर वितरित करके वोट बैंक साधने की कोशिश की जाती है। सरकार बनने उपरांत जातीय संतुलन बनाए रखने के लिए कैबिनेट रैंक भी जातीय आधार पर बांटे जाते हैं। ऐसे में आरक्षण आर्थिक पर लागू किए जाने की वकालत करने वालों को सर्वप्रथम जातिवाद खत्म करने पर फोकस करना चाहिए। आज कौन सा वर्ग जातिवाद नहीं करता है। प्रत्येक वर्ग के लोग एक दूसरे को जातियों के नाम से संबोधित करते हैं।

लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

वैसे तो जातिगत जनगणना सही नहीं है, लेकिन फिर भी अगर राहुल गांधी जातिगत जनगणना करवाए जाने की बात करते हैं तो इसके पीछे भी जरूर कोई लॉजिक हो सकता है। आज सरकारी नौकरियों में दलितों का वैकलॉग पूरी तरह भरा नहीं जा रहा उसकी जगह अन्य समुदायों को तरजीह दी जा रही है। सच बात यह है कि शिक्षित वर्ग ही अत्यधिक जातिवाद कोढ़ से ग्रस्त नजर आता है। भारत में जातिवाद को अधिक महत्व दिया जाता है। यही वजह है कि चुनावों में हिंदुओं को कई हिस्सों में बांटकर राजनीतिक दल अपनी रोटियां सेंकते आ रहे हैं। मुस्लिम समुदाय भी कई जातियों में विभाजित है, मगर चुनावों के समय उन्हें जातियों में विभाजित किए जाने की कभी कोशिश नहीं की जाती है। यही वजह है कि मुस्लिम समुदाय को सरकारों में अपना सही प्रतिनिधित्व निभाने का उतना मौका नहीं मिलता जितना हिंदुओं को मिलता है। सरकारों में मुस्लिम समुदाय को बराबर प्रतिनिधित्व न मिलने से उनके अधिकारों की पैरवी कौन करे बड़ा सवाल है?। सनातन धर्म में जिस तरह सवर्ण समाज के कुछ लोग दलितों को हिंदु मानना पसंद नहीं करते हैं, वैसे ही मुस्लिम समुदाय भी जातियों में बंटकर शिया, सुन्नी के चक्कर में मानवता को शर्मसार करता है। इंसानियत से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं होता है। आज बेहतर इंसान बनना बहुत मुश्किल काम है। धर्म, जातियों की आड़ में आज बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। समाज को जातियों में बांटने की बजाए एकता के सूत्र में बांधने की बहुत जरूरत है। मनुस्मृति में काम के आधार पर जातियों का नामकरण किया गया था। हालोंकि आज बहुत से लोग अपने पुश्तैनी कार्य नहीं कर रहे और फिर भी जातियों को प्राथमिकता दी जाती है।

आज बहस शुरू हो चुकी है कि हिंदुओं की तो जातियां पूछी जाती हैं, मगर मुसलमानों की क्यों नहीं। विपक्षी दलों के नेताओं ने हिंदुओं की जातियां पूछकर दशकों तक राजनीति की है। मुसलमानों को सिर्फ धर्म के नाम पर बांटकर उन्हें अपना वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। ठीक यही बात की एक हिंदु समुदाय का प्रत्याशी हिंदु बहुल इलाके से हार जाता है, लेकिन मुस्लिम प्रत्याशी मुस्लिम बहुल इलाके में कभी नहीं हार सकता। अगर मुस्लिम लोग एक खास विचारधारा के नाम पर धर्म के सहारे आगे बढ़ सकते तो हिंदु क्यों नहीं?। भारत में मुस्लिम समुदाय को तीन वर्गों में बांटा जाता जिनमें अशराफ, अजलाफ व अरजाल शामिल हैं। अशराफ में मुगल, पठान, मिर्जा, सयद और शेख जिन्हें ऊंची जाति माना जाता है। अजलाफ में कुरैशी, राइन, फकीर गद्दी, अंसारी, मंसुरी को मध्यम वर्ग और अरजाल में हलालखोर, हवारी, रजाक को छोटी जातियां माना जाता है। कुल मिलाकर मुस्लिम समुदाय में भी जातिवाद का बोलबाला रहता है, मगर बेटियों की शादियां पारिवारिक रिश्तों में होने कारण इसका जनता को पता नहीं चलता है। देश का मुसलमान आज भाजपा, आरएसएस से इतना भयभीत क्यों नजर आता है, इसका प्रमुख कारण कांग्रेस के नेता हैं। कांग्रेस ने मुस्लिमों को सदैव वोट बैंक समझकर इस्तेमाल किया है। अयोध्या में भगवान श्री राम चंद्र का मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने उपरांत मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का दौर शुरू हो गया था। मुस्लिम लोगों को बताया गया कि केंद्र की भाजपा सरकार देश को हिंदु राष्ट्र बनाने की पक्षधर है। भारतीय लोकतंत्र में धर्मनिरपेक्षता को इसकी सबसे बड़ी विशेषता माना गया है। यह देश किसी एक समुदाय का कभी नहीं हो सकता, यह बात मुस्लिम समुदाय को समझनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

सफलतम पार्श्वगायकों में से एक

कुमार सानू का वास्तविक नाम केदारनाथ भट्टाचार्य है। उनका जन्म कोलकाता में हुआ था। भारतीय सिनेमा के सर्वाधिक प्रसिद्ध और सफलतम पार्श्वगायकों में से एक हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का 90 का दशक कुमार सानू की आवाज के लिए जाना जाता था। इस दौर में कुमार सानू के एक के बाद एक सुपरहिट गाने गाए, जो आज भी सुने जाते हैं। इसी कारण उनका नाम हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे पसंदिता गायकों की सूची में रखा जाता हैं। करीब 20 हजार गानों का रिकॉर्ड बना चुके कुमार सानू ने कई भाषाओं में गीत गाए हैं और एक दिन में 28 गाने गाकर अपना नाम 'गिनीज बुक' में दर्ज करवाया है। वह प्लेबैक सिंगिंग की लीजैंड माने जाते हैं। कुमार सानू लगातार 5 बार फिल्मफेयर अवार्ड पा चुके हैं। 2009 में उनकी उत्कृष्ट गायकी के लिए उन्हें 'पद्मश्री' से भी सम्मानित किया गया। करीब-करीब 350 से अधिक फिल्मों के लिए गा चुके कुमार सानू को सफलता वर्ष 1990 में बनी 'आशिकी' फिल्म से मिली थी, जिसके गीत सुपरहिट हुए और कुमार सानू लोकप्रियता के शिखर पर पहुंच गए। बहरहाल, 'आशिकी' कुमार सानू की पहली फिल्म नहीं थी। उनको पहला ब्रेक जगजीत सिंह ने दिया था। उन्होंने उन्हें कल्याणजी-आनंदजी से मिलवाया, जिन्होंने 1989 में आई फिल्म 'जादूगर' के लिए कुमार सानू से गीत गवाया। उन्होंने लंबे समय तक कोई भी गाना नहीं रिकॉर्ड किया, लेकिन कुमार सानू ने 2012 में आई फिल्म 'राउडी राठौर' के गाने 'छमक छल्लो' से वापसी की, जिसके बाद 2015 में आई फिल्म 'दम लगा के हईशा' में उनकी आवाज के साथ वह भी देखने को मिले। ■

कुमार सानू
जन्म : 20 अक्तूबर, 1957

अपनी बात

हिमाचल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हिमाचल की प्राकृतिक खूबसूरती सबको अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां के पहाड़, नदियां, घाटियां और हरे-भरे जंगल बेहद खूबसूरत हैं। देवभूमि में जो एक बार आ जाता है, वह बार-बार आना चाहता है। यहां का मौसम हमेशा खुशनुमा बना रहता है। वहीं, रावी, चिनाब, ब्यास, यमुना और सतलुज जैसी बड़ी नदियों की सुंदरता देखते ही बनती है। घाटियों के आकर्षण के तो कह कहने। पार्वती घाटी और लाहौल-स्पीति घाटी जैसे स्थान अविस्मरणीय हैं। चीड़ और देवदार के पेड़ों से भरपूर जंगल शांति और सुकून का अनुभव कराते हैं। कसोल जहां पार्वती नदी की सुंदरता और रोमांचक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है तो वहीं, मैक्लोडगंज तिब्बती संस्कृति और धार्मिक स्थलों के लिए विख्यात है। बर्फ से ढके लाहौल-स्पीति के पहाड़ और रंग-बिरंगे मठ भी हिमाचल की सुंदरता को चार चांद लगाते हैं। धर्मशाला अपनी प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति के मिलन के लिए जाना जाता है। यहां का क्रिकेट स्डेडियम भी खूब सुर्खियां बटोर रहा है। हिल्स क्वीन शिमला प्रदेश की राजधानी है, जो सात पहाड़ियों से घिरी हुई है। इसके अलावा भी कई ऐसे स्थल हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। -मनोज, शिमला

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

'करवाचौथ' पति-पत्नी के मजबूत रिश्ते, प्यार और विश्वास का प्रतीक

'करवाचौथ' शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, 'करवा' यानी 'मिट्टी का बरतन' और 'चौथ' यानी 'चतुर्थी'। इस त्योहार पर मिट्टी के बरतन यानी करवे का विशेष महत्व माना गया है। सभी विवाहित स्त्रियां साल भर इस त्योहार का इंतजार करती हैं और इसकी सभी विधियों को बड़े श्रद्धा-भाव से पूरा करती हैं। करवाचौथ का त्योहार पति-पत्नी के मजबूत रिश्ते, प्यार और विश्वास का प्रतीक है।

करवाचौथ का इतिहास : बहुत सी प्राचीन कथाओं के अनुसार करवाचौथ की परंपरा देवताओं के समय से चली आ रही है। माना जाता है कि एक बार देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हो गया और उस युद्ध में देवताओं की हार हो रही थी, ऐसे में देवता ब्रह्मदेव के पास गए और रक्षा की प्रार्थना की। ब्रह्मदेव ने कहा कि इस संकट से बचने के लिए सभी देवताओं की पत्नियों को अपने-अपने पतियों के लिए व्रत रखना चाहिए और सच्चे दिल से उनकी विजय के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। ब्रह्मदेव ने यह वचन दिया कि ऐसा करने पर निश्चित ही इस युद्ध में देवताओं की जीत होगी। ब्रह्मदेव के इस सुझाव को सभी देवताओं और उनकी पत्नियों ने खुशी-खुशी स्वीकार किया। ब्रह्मदेव के कहे अनुसार कार्तिक माह की चतुर्थी के दिन सभी देवताओं की पत्नियों ने व्रत रखा और अपने पतियों यानी देवताओं की विजय के लिए प्रार्थना की। उनकी यह प्रार्थना स्वीकार हुई और युद्ध में देवताओं की जीत हुई। इस खुशखबरी को सुन कर सभी देव पत्नियों ने अपना व्रत खोला और खाना खाया। उस समय आकाश में चांद भी निकल आया था। माना जाता है कि इसी दिन से करवाचौथ के व्रत के परंपरा शुरू हुई।

करवाचौथ मे मेहंदी का महत्व : मेहंदी सौभाग्य की निशानी मानी जाती है। भारत में ऐसी मान्यता है कि जिस लड़की के हाथों की मेहंदी ज्यादा गहरी रचती है, उसे अपने पति तथा ससुराल से अधिक प्रेम मिलता है। लोग ऐसा भी मानते हैं कि गहरी रची मेहंदी आपके पति की लंबी उम्र तथा अच्छा स्वास्थ्य भी दर्शाती है। मेहंदी का व्यवसाय त्योहारों के मौसम में सबसे ज्यादा फलता-फूलता है, खासतौर पर करवाचौथ के दौरान। इस समय लगभग सभी बाजारों में आपको भीड़-भाड़ का माहौल मिलेगा। हर गली-नुक्कड़ पर आपको मेहंदी आर्टिस्ट महिलाओं के हाथ-पांव पर तरह-तरह के डिजाइन बनाते मिल जाएंगे।

लेखक : रविदत्त भारद्वाज
राजगढ़, जिला सोलन

करवाचौथ पूजन : इस व्रत में भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्र देवता की पूजा-अर्चना करने का विधान है। करवाचौथ की कथा सुनने से विवाहित महिलाओं का सुहाग बना रहता है, उनके घर में सुख, शांति, समृद्धि और संतान सुख मिलता है। महाभारत में भी करवाचौथ के महात्म्य पर एक कथा का उल्लेख मिलता है। भगवान श्री कृष्ण ने द्रौपदी को करवाचौथ की यह कथा सुनाते हुए कहा था कि पूर्ण श्रद्धा और विधि-पूर्वक इस व्रत को करने से समस्त दुख दूर हो जाते हैं और जीवन में सुख-सौभाग्य तथा धन-धान्य की प्राप्ति होने लगती है। श्री कृष्ण भगवान की आज्ञा मानकर द्रौपदी ने भी करवाचौथ का व्रत रखा था। इस व्रत के प्रभाव से ही अर्जुन सहित पांचों पांडवों ने महाभारत के युद्ध में कौरवों की सेना को पराजित कर विजय हासिल की।

करवा का पूजन : करवा चौथ के पूजन में धातु के करवे का पूजन श्रेष्ठ माना गया है। यथास्थिति अनुपलब्धता में मिट्टी के करवे से भी पूजन का विधान है। ग्रामीण अंचल में ऐसी मान्यता है कि करवाचौथ के पूजन के दौरान ही सजे-धजे करवे की टोंटी से ही जाड़ा निकलता है। करवाचौथ के बाद पहले तो रातों में धीरे-धीरे वातावरण में ठंड बढ़ जाती है और दीपावली आते-आते ठंड बढ़नी शुरू हो जाती है।

करवाचौथ व्रत विधान : व्रत रखने वाली स्त्री सुबह नित्यकर्मों से निवृत्त होकर, स्नान एवं संध्या आदि करके आचमन के बाद संकल्प लेकर यह कहे कि मैं अपने सौभाग्य एवं पुत्र-पौत्रादि तथा निश्चल संपत्ति की प्राप्ति के लिए करवाचौथ का व्रत करूंगी। यह व्रत निराहार ही नहीं, अपितु निर्जला के रूप में करना अधिक फलप्रद माना जाता है। इस व्रत में शिव-पार्वती, कार्तिकेय और गौरा का पूजन करने का विधान है।

करवाचौथ व्रत पूजन : चंद्रमा, शिव, पार्वती, स्वामी कार्तिकेय और गौरा की मूर्तियों की पूजा षोडशोपचार विधि से विधिवत करके एक तांबे या मिट्टी के पात्र में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री, जैसे-सिंदूर, चूड़ियां, शीशा, कंघी, रिबन और रुपया रखकर किसी बड़ी सुहागिन स्त्री या सास के पांव छूकर भेंट करनी चाहिए।

करवाचौथ व्रत की पूजन विधि : सायं बेला पर पुरोहित से कथा सुनें या खुद कथा का पाठ करें, दान-दक्षिणा दें। तत्पश्चात रात्रि में जब पूर्ण चंद्रोदय हो जाए, तब चंद्रमा को छलनी से देखकर अर्घ्य दें, आरती उतारें और अपने पति का दर्शन करते हुए पूजा करें। इससे पति की उम्र लंबी होती है। तत्पश्चात पति के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ें।

पूजन हेतु मंत्र : 'ॐ शिवायै नम:' से पार्वती का, 'ॐ नम: शिवाय' से शिव का, 'ॐ षण्मुखाय नम:' से स्वामी कार्तिकेय का, 'ॐ गणेशाय नम:' से गणेश का तथा 'ॐ सोमाय नम:' से चंद्रमा का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। करवाचौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

चांद को अर्घ्य : जब चांद निकलता है तो सभी विवाहित स्त्रियां चांद को देखती हैं और सारी रस्में पूरी करती हैं। पूजा करने बाद वे अपना व्रत खोलती हैं और जीवन के हर मोड़ पर अपने पति का साथ देने वादा करती हैं। चंद्रदेव के साथ-साथ भगवान शिव, देवी पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। माना जाता है कि अगर इन सभी की पूजा की जाए तो माता पार्वती के आशीर्वाद से जीवन में सभी प्रकार के सुख मिलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

शीतला मंदिर में विशाल जागरण व भंडारा 21 को

भीम बसेड़ू, महादेव। हल्की ऊंचाई वाली देवभूमि जय देवी (ग्रामीण क्षेत्र जय देवी) से सटे पड़ोसी गांव कोटला (खूहा रा घेरा) स्थित पुराने दैवी शक्ति शीतला माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन 21 अक्तूबर को किया जाएगा। गूर चेत राम ने बताया कि न्योता के अनुसार गांव इदली (स्यांजीकोठी) का दुर्गा माता का रथ भी इस दिन आएगा यानि देवियों का भव्य एवं दिव्य मिलन होगा और माता रानी की झांकी निकालने सहित रात के समय भगवती जागरण में म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार शिरकत कर माता की भजन-भेंट आदि गाएंगे।

किसानों को नुकसान पहुंचा रहे बेसहारा पशु

भीम बसेड़ू, महादेव। तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा सांडों के आतंक से कई क्षेत्रों में जुड़े लोग बुरी तरह डरे सहमे हैं। एक ओर जहां खेती-बाड़ी को उजड़ता देख किसान वर्ग पिछले कई वर्षों से परेशानी झेल रहा है, वहीं मार्गों से आने जाने वाले लोगों में हरदम सींग मारकर गंभीर घायल कर देने का खतरा सताता रहता है और जान से मार देने के डर से किनारा भी कर रहे हैं, क्योंकि बेसहारा पशु कई लोगों को परलोक पहुंचा चुके हैं। यही नहीं बेसहारा पशु आपस में उलझकर खड़े किए वाहनों की तोड़फोड़ कर चुके हैं तथा वाहन चालकों के लिए अक्सर जाम लगाने का कारण भी बनते रहते हैं। बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बेसहारा पशु नियंत्रण नीति बनाकर बढ़ते ही जा रहे बेसहारा पशुओं की आफत से निजात दिलाई जाए।

भंथल स्कूल में नशे के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, करसोग। करसोग के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंथल में नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत मंडी जिला में भी स्वस्थ मंडी, नशा मुक्त मंडी अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से तहसील कल्याण अधिकारी करसोग के सौजन्य से भंथल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने इस मौके पर स्कूली छात्रों को नशे के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिसकी चपेट में आने से किसी भी युवा का जीवन समाप्त हो जाता है।

सलापड़ पाठशाला में 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलापड़ में जारी 7 दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान संजय कुमार मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वयंसेवियों द्वारा एनएसएस गीत गाकर युवाओं में नया जोश भरा। अर्चना व सखियों द्वारा लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुमारी व अनिता कुमारी ने बताया इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व व समन्वय में की भावना उत्पन्न करना है।

जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में पटाखे बेचने पर पाबंदी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जोगिंद्रनगर शहरी क्षेत्र में प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान को छोड़कर अन्य स्थानों पर आतिशबाजी व पटाखे बेचने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि बाजार में चिन्हित स्थल पुराने मेला मैदान को छोड़कर शहर में आतिशबाजी एवं पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होने बताया कि जोगिंद्रनगर स्थित पुराने मेला मैदान (रीतु रंग मंच) में ही लाइसेंस प्राप्त कर पटाखे व आतिशबाजी बेचने की अनुमति रहेगी। इसके लिए संबंधित विक्रेता तमाम औपचारिकताएं पूर्ण कर 28 अक्तूबर से 30 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय से लाइसेंस प्राप्त कर सकता है।

डिजिटल लेनदेन पर लोगों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर क्षेत्र के हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा मढ़ी ने नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत धलारा के गांव भदराणू में लोगों के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यशाला में शाखा वरिष्ठ सहायक मढ़ी संजीव कुमार ने उपस्थित लोगों को डिजिटल लेनदेन पर जागरूक किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल भुगतान से आप बैंक में न जाकर भी लेनदेन कर सकते है सभी को ज्यादा से ज्यादा एटीएम, नेटबैंकिंग,मोबाइल बैंकिंग, पेटीएम, यूपीआई आदि तरीको से लेनदेन बारे जागरूक किया। लोगों को बैंकिंग फ्रॉड से बचने की जानकारी भी दी गई।

नाउ पनाउ पाठशाला के विद्यार्थियों ने किया हिमाचल दर्शन

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाउ पनाउ के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंडी कुल्लू मार्ग पर बिंदरावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में एक ही छत के नीचे हिमाचल को निहारा। पाठशाला के 37 बच्चे 3 शिक्षकों के साथ शनिवार को हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी में भ्रमण के लिए आए और उन्होंने पूरे हिमाचल की जानकारी छायाचित्रों, संग्रहालय, बरसेलों व पुस्तकों के माध्यम से ली। गैलरी गाइड आरती चौधरी ने इन विद्यार्थियों को बताया कि यह गैलरी पिछले 28 सालों से यहां पर स्थापित है और इसे निःशुल्क तौर पर दिखाया जाता है।

आईटीआई पपलोग में 21 को अप्रेंटिसशिप मेला

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पपलोग में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 21 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि उनके नेतृत्व में यह दूसरा अवसर है जब इस प्रकार का मेला आयोजित हो रहा है। इस मेले में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसरों के साथ शिरकत करेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सुबह 10 बजे से मेला शुरू होगा। धर्मपुर और सरकाघाट क्षेत्र के सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि भी इस आयोजन में शामिल होंगे।

आखिरी सांस तक चीन से लोहा लेते रहे भारत के बहादुर सैनिक : कैप्टन जगदीश

अनिल शर्मा, मंडी

भारत चीन युद्ध की शुरूआत वर्ष 1962 में 21 अक्तूबर को हुई थी और इस युद्ध में चीन ने भारत के बहुत बड़े इलाकों को हथिया लिया था। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने अनंत ज्ञान के साथ युद्ध की 62वीं वर्षगांठ के अवसर पर 1962 भारत चीन युद्ध के संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि चीन-भारत युद्ध की शुरुआत 21 अक्तूबर 1962 को सुबह 5:15 बजे हुई थी तथा 22 व 23 अक्तूबर को चीन ने भारत की लद्दाख व नेफा की चौकियों पर भीषण आक्रमण कर दिया था। 21 नवंबर 1963 तक लगभग 11 माह तक चले इस युद्ध में भारतवर्ष के 3000 से भी अधिक सैनिक शहीद हो गए थे तथा 43000 वर्ग किलोमीटर जमीन से भी भारत को हाथ धोना पड़ा था।

कैप्टन जगदीश वर्मा।

भारतीय सेना ने फिर अपने अदम्य साहस व जज्बे से चीन की बड़ी सेना का मुकाबला किया था। भारत ने उस समय भारतीय वायु सेवा की भी मदद लेने में संकोच किया था। चीन के लगभग 3500 सैनिकों के मुकाबले भारत के 124 सैनिकों ने लोहा लिया और आखिरी दम तक लड़ते हुए शहीद हो गए।

इस युद्ध के समय केंद्र सरकार का नेतृत्व पंडित जवाहरलाल नेहरू के हाथ में था जो चीन पर अत्यधिक विश्वास करते थे और भारत में यह संदेश दिया जाता था कि चीन भारत पर कभी भी आक्रमण नहीं कर सकता है।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में रूपा, बोमडिला आदि चौकियों पर निहत्थे भारतीय सैनिकों ने आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने काफी समय तक चीनी सैनिकों को रोक कर रखा था। वायुसेना की सहायता न मिलने पर तथा पीछे से कोई भी सहायता न मिलने के कारण सैनिक चौकियों को छोड़ने पर मजबूर हो गए थे, जिसमें हमारे कई सैनिक शहीद हो गए थे।

अनंत ज्ञान स्पैशल

शहीद सैनिकों को नमन

आज भी चीन लद्दाख व गलवान घाटी अरुणाचल प्रदेश में तवांग तथा अन्य स्थानों पर आए दिन एलओसी पर अपना दावा करता रहता है जिसे उसने युद्ध उपरांत छोड़ दिया था तथा भारत चीन बॉर्डर पर तनाव की स्थिति पैदा कर देता है, लेकिन पिछले वर्षों गलवान व अन्य क्षेत्रों में हुई सैनिकों की झड़प ने चीन को दिखा दिया है कि आज का भारत 1962 के भारत से काफी भिन्न है व जवाब देने में सक्षम है। आज 1962 भारत चीन के साथ हुए युद्ध की वर्षगांठ पर हम उन शहीदों को नमन करते है।

क्यों शुरू हुआ युद्ध

कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि इस युद्ध के शुरू होने के दो मुख्य कारण रहे थे। 1954 में भारत ने पंचशील के सिद्धांत व चीन से अच्छे संबंध बनाने के लिए चीन के शासक चोव एनलाई को स्वतंत्र देश तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने पर सहमति दे दी थी। इसके बाद 1959 में दलाई लामा का भारत में भूतपूर्व स्वागत तथा भारत में शरण देना पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चीन को अच्छा नहीं लगा। दूसरी तरफ चीन ने 1957 में अक्साई चिन् पर जबरदस्ती कब्जा कर भारत को नाराज कर दिया, क्योंकि वह भारत का हिस्सा था वह हिस्सा चीन के जिन-जियाग प्रांत से जुड़ा है तथा चीन ने वहां सड़क का निर्माण करके अपने प्रांत से जोड़ लिया है।

उचित कदम उठाए होते तो नहीं होती हार

चीन ने अपने सैनिकों की संख्या में भारी वृद्धि, हथियार व गोला बारूद काफी मात्रा में जमा कर लिया था, लेकिन दूसरी तरफ भारत में उस समय के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री व सेना अध्यक्ष इस बात से अनभिज्ञ थे कि चीन युद्ध करने की तैयारी कर रहा है। इस इलाके में भारत के कम सैनिकों के होने व किसी भी प्रकार की तैयारी न होने व सारा क्षेत्र पहाड़ी होने व आने जाने की सुविधा से वंचित पीछे के कमांडरों से संपर्क न होने के कारण असफलता की ओर बढ़ते रहे और हमारे सैनिक सिर्फ अपने दम पर ही लड़ते रहे। अगर केंद्र सरकार की तरफ से उचित कदम उठाए होते तो भारत की सेना को इस युद्ध की हार से बचा जा सकता था। (अनंत ज्ञान)

नगर निगम बैठक स्थानीय मुद्दों, सफाई व्यवस्था और निगम की आय बढ़ाने पर हुई चर्चा

पड्डल स्टेडियम पर अधिकतर पार्षदों की सहमति

पुष्पराज, मंडी

शनिवार को नगर निगम मंडी में साधारण बैठक का आयोजन महापौर वीरेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में किया गया जिसमें कुछ स्थानीय मुद्दों और शहर में सफाई व्यवस्था और नगर निगम की आय के साधन बढ़ाने के लिए पार्षदों और नगर निगम के अधिकारियों एवं संबंधित लोगों से चर्चा की गई।

वहीं महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि 2016 में बने हाउस टैक्स के बाईलॉस को अगले 5 साल में बनाने पर चर्चा हुई और उसमें थोड़ी बढ़ोतरी करने पर चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि अन्य नगर निगमों से इसकी हाउस टैक्स की जानकारी एकत्रित की गई और उसी के हिसाब से हाउस टैक्स में बढ़ोतरी होगी जिससे लोगों को भी हाउस टैक्स का बोझ न पड़े और न ही नगर निगम को वित्तीय संकट झेलना पड़े।

साथ ही निगम के क्षेत्र मे सम्मिलित नए क्षेत्रों व जिनके वार्ड का नाम बदला गया है, उनके घरों में पता पट्टिकाएं लगाई जाएगी ताकि मौजूदा वार्ड सीमांकन के अनुसार मकानों को सूचीबद्ध किया जा सके। साथ ही कूड़ा एकत्रित करने के लिए घरों का सर्वेक्षण आगंनबाड़ी वर्कर के माध्यम से करवाया जाएगा। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख समृद्धि योजना के तहत साधारण बैठक में प्रस्ताव हेतु निगम कार्यालय में 443 पात्र लाभार्थियों की सूची जिला कल्याण अधिकारी विभाग को प्रेषित की गई। टाउन हॉल में चल रहे बैडमिंटन हॉल से 30,000 मासिक किराया लेने का निर्णय लिया गया। पड्डल में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम पर चर्चा करते हुए पार्षदों द्वारा बहुमत से समर्थन किया गया तथा 3 पार्षदों द्वारा विरोध भी दर्ज किया गया।

प्रतिक्रिया दर्ज करते हुए समर्थन करने वाले पार्षदों का तर्क नगर के खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने का समर्थन किया गया। दूसरी तरफ कई पार्षदों द्वारा पड्डल ग्राउंड का अन्य गतिविधियों में इस्तेमाल की जरूरत की पैरवी की गई साथ ही नगर के बीच एक खाली मैदान की आवश्यकता आपदा से निपटने के लिए दर्ज करवाई गई। (अनंत ज्ञान)

महिला पार्षदों ने लगवाई मेहंदी

जनरल हाउस की समाप्ती के बाद महापौर एवं आयुक्त द्वारा मेहंदी का आयोजन किया गया जिसमें महिला पार्षदों ने मेहंदी लगवाई। इस दौरान पार्षद अलकनंदा हांडा ने बताया कि नगर निगम में वित्तीय संकट के कारण हाउस के उपरांत सबके चेहरे लटके हुए थे लेकिन मेहंदी के आयोजन को देखते हुए सभी महिलाओं के चेहरे खुशी से प्रफुल्लित हो उठे।

विकासात्मक कार्यों पर हुई चर्चा

विभिन्न वार्डों में पार्क निर्माण, सुरक्षा दीवारों, रास्ता मरम्मत आदि का कार्य स्वीकृत किए गए। सदन के माध्यम से जिन लोगों की भूमि एनजीटी के दायरे मे आती है। उनको गृह निर्माण व भूमि विक्रय करने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे सरकार से अनुरोध किया गया है कि ऐसे लोगों की भूमि पूर्ण रूप से अधिकृत कर ली जाए या अन्यत्र उनको अन्य भूमि बदले में दे दी जाए ऐसे लोगों के पास भूमि होते हुए भी उस का उपयोग नहीं कर पाते। साथ ही सभी डार्क स्पॉट खत्म करने के उद्देश्य से सोलर लाइट लगाने की स्वीकृत की गई। आपदा की स्थित को निपटने के लिए हर वार्ड में सिविल डिफैंस वालैन्टियर बनाने पर भी सहमति जताई गई। इस दौरान पर उपमहापौर माधूरी कपूर, नगर निगम आयुक्त एचएस राणा, अधिशासी अभियंता दीपक महाजन, सहायक अधिशासी अभियंता एचसी जसवाल, सहायक अभियंता नरेश, लेखा अधिकारी राकेश गुलेरिया व निगम पार्षद एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पांगणा पंचायत के प्रधान का चुनाव रद्द करने को हाईकोर्ट ने ठहराया सही

पीयूष शर्मा, करसोग

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने उपमंडल करसोग की पांगणा पंचायत के प्रधान के चुनाव को रद्द करने से जुड़े फैसले को सही ठहराया है। प्रधान बसंत लाल पर नामांकन के दौरान अपने बारे में झूठी और गुमराह करने वाली जानकारी देने का आरोप था।

हाईकोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति ज्योत्सना रिवाल दुआ ने ग्राम पंचायत पांगणा के प्रधान के तौर पर बसंत लाल के चुनाव को उचित ही रद्द किया गया है। बसंत लाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय गलत आचरण किया था। हाईकोर्ट ने फैसले में बताया कि इस मामले में प्राधिकृत अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी ने भी याचिकाकर्ता के प्रधान ग्राम पंचायत पांगणा के चुनाव को रद्द घोषित करने को उचित ठहराया है इसलिए इस याचिका में कोई योग्यता न पाते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता बसंत लाल सहित कुल 6 उम्मीदवारों ने 17 जनवरी 2021 को ग्राम पंचायत पांगणा के प्रधान पद का चुनाव लड़ा था। याचिकाकर्ता बसंत लाल को 474 मतों के साथ निर्वाचित घोषित किया गया। उसके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 365 वोट मिले। इसके अलावा कुल 241 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर घोषित उम्मीदवार ने चुनाव याचिका दाखिल करके याचिकाकर्ता के चुनाव को चुनौती दी। आरोप था कि बसंत लाल एक आपराधिक मामले में शामिल था। बसंत लाल ने जानबूझकर इस तथ्य को छुपाया और अपने नामांकन पत्र के साथ झूठा शपथ पत्र दिया कि उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

इस मामले में पहले उपमंडल अधिकारी (नागरिक) करसोग ने चुनाव याचिका में कार्रवाई का संचालन किया और 25 अप्रैल 2022 को चुनाव याचिका स्वीकार कर ली गई।

इसके बाद सुनवाई हुई और याचिकाकर्ता का चुनाव रद्द घोषित कर दिया गया। इस निर्णय के खिलाफ याचिकाकर्ता बसंत लाल ने 5 मई 2022 को अपील दायर की, जिसे 1 मई 2023 को खारिज कर दिया गया। मामले में 18 मई 2023 को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत पाने के बाद याचिकाकर्ता प्रधान पद पर बना हुआ था। अब हाईकोर्ट ने उसके चुनाव को रद्द करने के फैसले को सही ठहराया है। (अनंत ज्ञान)

धनोटू एनएच 21 पर जाम हुआ आम

भीम बसेड़ू, महादेव

नाचन विधानसभा क्षेत्र का जंक्शन प्वाइंट कहा जाने वाला धनोटू (राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 21) वर्तमान में यह भीड़भाड़ वाला स्थान शहीद राजेश चौहान चौक धनोटू के नाम से भी जाना जाता है।

धनोटू में यातायात व्यवस्था के पुख्ता न होने से वर्षों से छोटे बड़े वाहनों का आड़ा- तिरछा जमावड़ा लगना आम बात हो गई है। ऐसी स्थिति में कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ती है।

वाहनों के जाम में फंसने की समस्या खासतौर पर तब ज्यादा आती है जब कुछेक प्रदेश के एवं बाहरी बस चालक बस को सड़क पर ही रोककर सवारियां उतारते व चढ़ाते हैं वहीं गाड़ियां आड़ी-तिरछी

धनोटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर जाम का दृश्य।

हालत में लगाकर फिर करसोग संपर्क मार्ग पर भी वाहन दौड़ा दिए जाते हैं।

बुद्धिजीवी लोगों ने प्रदेश सरकार से प्रार्थना की है कि शीघ्र ही धनोटू में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाए।

जोगिंद्रनगर में एक छत के नीचे होंगे सभी विभाग

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर उपमंडल मुख्यालय में मिनी सचिवालय के दूसरे चरण का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर अब सभी विभाग एक की छत के नीचे आ जाएंगे। इससे जहां लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से अपना कार्य करवाने में सहूलियत होगी तो वहीं इधर-उधर भी नहीं भटकना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने गत दो दिवसीय जोगिंद्रनगर प्रवास के दौरान मिनी सचिवालय के दूसरे चरण के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। 23.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस भवन के क्रियाशील हो जाने से अब सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाएंगे। वर्तमान में मिनी सचिवालय के पहले चरण में एसडीएम कार्यालय, नगर परिषद, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, सहायक लोक संपर्क अधिकारी, तहसील कल्याण अधिकारी, निर्वाचन विभाग, सहायक अभियन्ता जल शक्ति विभाग, अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित लगभग एक दर्जन विभागों के कार्यालय कार्य कर रहे हैं।

अब मिनी सचिवालय के दूसरे चरण का कार्य पूर्ण होने पर तहसील कार्यालय, कोषागार, श्रम एवं रोजगार विभाग सहित अन्य कार्यालय भी मिनी सचिवालय परिसर में ही स्थानांतरित हो जाएंगे। ऐसे में उपमंडल मुख्यालय जोगिंद्रनगर में विभिन्न विभागों के कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाने से जहां लोगों को विभिन्न तरह के कार्य करवाने में सुविधा मिलेगी, तो वहीं समय की भी बचत होगी। साथ ही निजी एवं पुराने भवनों में चल रहे कार्यालयों को अब नये भवन में आधुनिक सुविधाओं के साथ काम करने का भी मौका मिलेगा।

मिनी सचिवालय।

सीएम ने जोगिंद्रनगर प्रवास के दौरान किया उद्घाटन

बिना लाइसेंस पटाखा बेचने पर रहेगी रोक

अनंत ज्ञान, पधर। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व पर पधर बाजार में खरीदारी को लेकर अधिक भीड़ के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन उपमंडल पधर मे पटाखे केवल निर्धारित स्थान पर ही बेचे जाएंगे। पंचायत घर डलाह का मैदान, पटवारखाना उरला का पिछला भाग, कुन्नू में हरड़गलू मेले का मैदान, बरोट में लक्कड़ बाजार और पाली में पटवारखाना के पास खुला क्षेत्र।

29 और 31 अक्तूबर को दो दिन के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे और केवल लाइसेंस प्राप्त करने वाले विक्रेताओं को ही आतिशबाजी बेचने की अनुमति होगी यह आदेश 31 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

21 को होगी 1600 मीटर दौड़

मंडी। युवाओं को सेना में भर्ती के लिए तैयार व प्रोत्साहित करने के इरादे से सोमवार को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में करवाई जा रही 1600 मीटर दौड़ का आयोजन प्रेरणा युवक मंडल केहनवाल द्वारा करवाया जाएगा।

जानकारी देते हुए प्रेरणा युवक मंडल केहनवाल के प्रवक्ता राष्ट्रीय धावक चमन लाल ने बताया कि बताया कि इस दौड़ के लिए खिलाड़ी 21 अक्तूबर सोमवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक पंजीकरण करवा लें।

शिक्षा और स्वास्थ्य में रोटरी क्लब के उल्लेखनीय प्रयास : जसवाल

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर रोटरी क्लब की मासिक बैठक में अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने क्लब के पिछले दस वर्षों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोटरी क्लब के अनेकों प्रोजेक्ट क्षेत्रवासियों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 123 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है, जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा सहायता दी गई है। अमर सिंह जसवाल ने कहा कि 'हमारी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। इन दोनों क्षेत्रों में रोटरी क्लब के विभिन्न प्रोजेक्ट्स ने समाज के कमजोर वर्गों की सहायता की है।'

मांगों को नजरअंदाज कर रही प्रदेश सरकार : प्रकाश राणा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने शनिवार को लडभड़ोल में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के हाल ही में जोगिंद्रनगर दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण मांगें उनके सामने रखी गईं, लेकिन इन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रकाश राणा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों में लडभड़ोल आईटीआई के भवन का निर्माण शामिल था, लेकिन इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में जहां डिनोटिफाई की गई योजनाओं को बहाल किया गया है,

जानकारी देते विधायक प्रकाश राणा व अन्य।

वहीं जोगिंद्रनगर की मांगों को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर के अस्पताल को 200 बेड करने की मांग और चौंतड़ा में सीएचसी को अपग्रेड करने का प्रस्ताव भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

वर्तमान में चौंतड़ा सीएचसी एक ही डॉक्टर के सहारे चल रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों को असुविधा हो रही है। राणा ने बताया कि चौंतड़ा के लिए एक मल्टीपर्पज स्टेडियम की मांग भी की गई थी, जिसे पूरा नहीं किया गया।

एक्शन लापरवाह चालकों के खिलाफ मंडी पुलिस ने शुरू किया स्पेशल कैंपेन

लापरवाह चालक का कटा 7500 का चालान, लाइसेंस होगा रद्द

उमेश, सुंदरनगर

जिला मंडी में प्राइवेट बस चालकों लापरवाही को लेकर वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

मंडी-सुंदरनगर हाईवे पर बेलगाम दौड़ रही प्राइवेट बसें, हादसों को दे रही न्योता

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

मामले में पुलिस ने बस चालक का मोटर व्हिहीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 7500 रुपए का चालान काटा गया है। इसके साथ पुलिस ने आरोपी चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को भी कब्जे में लिया है और संबंधित रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग अथॉरिटी से लाइसेंस को रद्द करने के लिए भेजा जा रहा है।

गौरतलब है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' द्वारा यह मामला प्रमुखता से उठाया गया था और पुलिस ने मामले में खबर छपने के उपरांत त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बस को ट्रेस कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। (अनंत ज्ञान)

आखिर क्या है मामला

मंडी-सुंदरनगर हाईवे रूट पर चलने वाली एक प्राइवेट बस का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो नेशनल हाईवे-21 चंडीगढ़-मनाली पर सुंदरनगर नगर परिषद क्षेत्र के नरेश चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरे का था। जहां मंडी से सुंदरनगर जा रही एक प्राइवेट बस चालक द्वारा पीछे से आ रही अन्य प्राइवेट बस से आगे निकलने की होड़ के दौरान अपनी माता के साथ बस से नीचे उतरते समय एक बच्ची की जान को जोखिम में डाल दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इन लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी।

लापरवाह ड्राइवरों के खिलाफ होगी कार्रवाई : एसपी साक्षी

स्थानीय पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि इस तरह के लापरवाह तरीके से ड्राइव करने की काफी शिकायतें भी मिल रही है साथ ही रूटीन में ऐसे चालकों के चालान किए जा रहे है। साथ ही इस प्रकार की लापरवाह ड्राइवरों के खिलाफ मंडी पुलिस द्वारा स्पेशल कैंपेन शुरू कर दिया गया है जिसमें यदि इस प्रकार का संदिग्ध कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

30 तक जमा नहीं करवाए बिजली बिल तो कटेगा कनेक्शन

पंडोह। सहायक अभियंता कार्यालय पंडोह ने प्रेस के माध्यम से जारी बयान में बिजली उपभोक्ताओं से 30 अक्टूबर से पहले अपने सभी प्रकार के बकाया बिलों का भुगतान करने का आग्रह किया है। सहायक अभियंता पंडोह दीना नाथ ने कहा कि बहुत से ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्होंने अपने बकाया बिलों का भुगतान नहीं किया है।

यदि ऐसे उपभोक्ता 30 अक्टूबर तक अपने बिलों का भुगतान नहीं करते हैं तो फिर इनके बिजली के कुनैक्शन काट दिए जाएंगे। उन्होंने अन्य सभी उपभोक्ताओं से भी समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करने की अपील की है।

स्टाइलिश फ्लो सैलून एंड एकेडमी ने शुरू किए विशेष ऑफर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

स्टाइलिश फ्लो सैलून एंड एकेडमी ने करवाचौथ और दीपावली के अवसर पर महिलाओं के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। सैलून की निर्देशिका रूचि ने बताया कि यह ऑफर त्योहारों के समय महिलाओं को सुंदरता और आत्म-विश्वास के साथ तैयार होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

सैलून निर्देशिका रूचि

इन विशेष ऑफर में विभिन्न सेवाओं पर छूट, नई सौंदर्य तकनीकों का अनुभव, और त्योहारों के अवसर पर सजने-संवरने के लिए खास पैकेज शामिल हैं। रूचि ने कहा हमारा लक्ष्य है कि महिलाएं इस पर्व पर अपनी खूबसूरती को निखार सकें और विशेष अवसरों पर बेहतरीन महसूस करें। रूचि ने बताया कि सैलून में प्रोफेशनल ब्यूटी एक्सपर्ट्स द्वारा ग्राहकों को नई तकनीकों और ट्रेंड्स के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस दौरान मेहंदी, नाखून सजाने, हेयर स्टाइलिंग और स्किन केयर जैसी सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह ऑफ़र सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है, और सभी इच्छुक महिलाएं अपॉइंटमेंट बुक करने की सलाह दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

छात्रों को करियर गाइडेंस की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़ेड़ा में चल रहे एनएसएस शिविर के छठे दिन गेस्ट लेक्चर अमनदीप सिंह ने कैडेट्स को भविष्य की संभावनाओं करियर गाइडेंस को लेकर रोचक जानकारी दी। इससे पहले विद्यालय के प्रांगण में पहुंचने पर कैडेट्स द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार, रुचिका शर्मा विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि शामिल थे। अमनदीप सिंह ने कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल कोर्सेज के बारे में जानकारी दी तथा अलग-अलग भविष्य में क्या संभावनाएं हो सकती हैं, उसके बारे में भी जानकारी दी। जमा दो के छात्रों को उन्होंने विशेष तौर पर हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी टेस्ट की तैयारी करने के लिए विशेष प्रकार की कोचिंग देनी पड़ती है। यह विषय चयन पर आधारित करता है कि नौकरी के लिए किस फील्ड में जाना है, इस आधार पर बच्चों को कोचिंग करनी चाहिए।

सुमन राणा ने यूजीसी नेट व स्लेट की परीक्षा की उतीर्ण

अनंत ज्ञान, बंगाणा। राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के 2021-23 बैच के एमकॉम के छात्र सुमन राणा ने यूजीसी नेट व स्लेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचा है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर और महाविद्यालय प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया। बता दें कि सुमन राणा महाविद्यालय बंगाणा पहले बैच के छात्र रहे हैं। उन्होंने नेट और स्लेट की परीक्षा हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से अप्रैल माह में आयोजित की गई थी, साथ में नेट की परीक्षा जून में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा पूरे भारतवर्ष में आयोजित की गई थी। यह महाविद्यालय और कुटलैहड़ के क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि महाविद्यालय के छात्र ने कठिन परीक्षा नेट ओर स्लेट की पास कर यह छात्र कॉलेज में अध्यापक लगने के योग्य हो गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने सुमन राणा को बधाई दी और कॉमर्स विभाग के प्रोफेसर अनिल शर्मा, प्रोफेसर कृष्ण चंद बडोगा व प्रोफेसर कमलेश को बधाई दी है। सुमन राणा ने बताया कि मुझे अपने अध्यापकों विशेष रूप से अनिल शर्मा, प्रो. कृष्ण चंद, प्रो. राम सिंह और प्रो. कमलेश के सही दिशा और निर्देश और प्रेरणा से यह संभव हो पाया है।

महिलाओं को बताईं सरकार की जल्कल्याणकारी योजनाएं

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। समेकित एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अंब के तहत ग्राम पंचायत राजपुरा जसवां में शनिवार को पर्यवेक्षक एवं महिला संरक्षण अधिकारी कमलजीत के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में गांव की महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार की और से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकर्ण योजना का मकसद विकलांग महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना है। इसके तहत महिलाओं को कौशल विकास पशिक्षण दिया जाता है ताकि वे आत्मनिर्भर होकर अपना और अपने परिवार का भरन-पोषण कर सकें। इस मौके पर पंचायत पूर्व पधान सुखदेव सिंह, सुरेश तथा गणमान्य उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता शिविर लगाया

अनंत ज्ञान, ऊना। बाल विकास विभाग हरोली द्वारा मिडिल स्कूल पूबोवाल में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता शिविर लगाया गया, जिसमें वृत्त प्रवेक्षिका पुष्पा देवी ने महिलाओं को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पुष्पा देवी ने महिलाओं को मासिक धर्म में स्वच्छता के संबंध में विस्तार से बताया और इन दिनों में अपनी देखभाल कैसे करनी है, इसके बारे में जानकारी दी। वहीं, उन्होंने बताया कि एक गर्भवती महिलाओं को किस तरह का आहार लेना चाहिए ताकि वह और उनके कोख में पल रहा शिशु स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को संतुलित व पौष्टिक युक्त आहार लेना चाहिए ताकि उनमें किसी तरह की कोई कमजोरी न आए। इस दौरान महिलाओं को सुख आश्रय योजना, बेटी है अनमोल इत्यादि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व्यासा देवी, निशा कुमारी, कान्ता देवी, अलका सहित अन्य मौजूद रहे।

एनएसएस व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच : सिंह

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढ़ेड़ा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हो गया। समापन पर मुख्य अतिथि लॉ कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के सहयोग से ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इससे छात्र जीवन से ही बच्चे में जिम्मेदारी और सेवा की भावना पैदा होती है। समाज में सद्भावना बनाए रखने और आपसी भाईचारे की भावना पैदा करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी हो चुके हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने सात दिनों तक की गई गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी रुचिका शर्मा, ग्राम पंचायत प्रधान नीलम देवी समेत स्कूल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

करवाचौथ को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

अनंत ज्ञान, मुबारकपुर। शिवालिक हिल पब्लिक स्कूल अंब में करवाचौथ के पवित्र त्योहार के उपलक्ष में स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों का अध्यापकों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें स्कूली छात्राओं द्वारा मेहंदी का विभिन्न सुंदर कलाकृतियां प्रस्तुत की गईं। सुंदर मेहंदी कलाकृतियों के लिए स्कूल प्रधानाचार्य सुषमा डडवाल द्वारा सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया, साथ ही उन्हें सभी अध्यापकों व छात्रों को इस करवाचौथ के त्योहार के महत्व बताते हुए करवाचौथ व्रत की शुभकामनाएं दीं।

हिमाचल में सौर ऊर्जा क्रांति का अगुआ बना ऊना जिला

जल विद्युत उत्पादन में अपनी सशक्त पहचान बनाने के बाद प्रदेश अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छूने की दिशा में अग्रसर

राजेश शर्मा, ऊना

जल विद्युत उत्पादन में अपनी सशक्त पहचान बनाने के बाद हिमाचल प्रदेश अब सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छूने की दिशा में अग्रसर है, और ऊना जिला इस ऊर्जा क्रांति का प्रमुख अगुआ बन चुका है। ऊना जिले में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है, जो हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में हरित ऊर्जा पर केंद्रित योजनाओं के चलते जिले में कई सौर परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनसे जिले में न केवल स्थानीय विकास को गति मिलेगी, बल्कि राज्य की ऊर्जा आवश्यकताएं भी पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से पूरी होंगी।

स्थानीय समृद्धि और आत्मनिर्भरता : इन सौर परियोजनाओं से ऊना जिले की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि ये परियोजनाएं ऊना की आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करेंगी, जिससे यहां के निवासियों को रोजगार और विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही ये हिमाचल प्रदेश को एक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

वहीं, ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने भी इस बात पर जोर दिया कि ऊना की सौर ऊर्जा परियोजनाएं जिले के विकास में सहायक होने के साथ ही जिलावासी इन परियोजनाओं से मिलने वाले रोजगार और आर्थिक अवसरों का भरपूर लाभ उठा सकेंगे, जिससे जिले में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। (अनंत ज्ञान)

ऊना जिले में सौर ऊर्जा क्रांति का महत्वपूर्ण विकास किया जा रहा है।

हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर हिमाचल

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में, हिमाचल प्रदेश 2026 तक देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इसके तहत, राज्य सरकार ने 500 मेगावाट सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें ऊना जिले की सौर परियोजनाएं विशेष योगदान देंगी। ऊना जिले में स्थापित सौर परियोजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार एक स्वच्छ और हरित ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रही है, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

320 करोड़ की तीन बड़ी सोलर परियोजनाएं

वर्तमान में ऊना जिले में हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सौजन्य से करीब 320 करोड़ रुपए की लागत की तीन प्रमुख सौर ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं की कुल क्षमता 47 मेगावाट है। इन परियोजनाओं में से एक पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है, जबकि अघलौर और भंजाल में अन्य दो परियोजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है। जून 2024 में, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 32 मेगावाट क्षमता वाली पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ किया। 220 करोड़ रुपए की इस परियोजना से सालाना 6.61 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे राज्य को 19.17 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। इस परियोजना से हर साल 2,532 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी बल मिलेगा। परियोजना के निर्माण के दौरान 19,200 मानव कार्य दिवसों का सृजन हुआ, जिससे स्थानीय रोजगार में भी वृद्धि हुई। ऊना जिले में ही मुख्यमंत्री ने अघलौर और भंजाल में दो सौर परियोजनाओं के नींव पत्थर रखे हैं। अघलौर में 68 करोड़ रुपए की लागत से एक 10 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण हो रहा है। यह परियोजना 19 हेक्टेयर भूमि पर फैली होगी और इससे सालाना 22.73 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। इस परियोजना से राज्य को प्रति वर्ष 8 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। इसके साथ ही, भंजाल में 31 करोड़ रुपए की लागत से 5 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना पर भी कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना 9 हेक्टेयर में फैली होगी और इससे 10.54 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। इन परियोजनाओं से ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ राज्य के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा।

जिला स्तरीय कला उत्सव के विजेता बच्चों का स्वागत

ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यूड़ी की नेहा लगातार दूसरी बार राज्य स्तर पर 3डी पेंटिंग में ऊना जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

प्रधानाचार्य अमर सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन डाइट देहलां में हुआ, जिसमें त्यूड़ी विद्यालय से नेहा, अग्रिम बैंस तथा हिमांशी ने भाग लिया। कला उत्सव में 3डी प्रतियोगिता में नेहा ने महात्मा गांधी जी की मूर्ति बनाई तथा प्रथम स्थान हासिल किया। कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में अग्रिम बैंस ने महाराणा प्रताप तथा उनके घोड़े चेतक की अमर कथा को सुनाया तथा तीसरा स्थान हासिल किया। नेहा पिछले वर्ष भी 3डी पेंटिंग में ऊना जिला का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इस बार फिर से राज्य स्तर के लिए चयनित होना, विद्यार्थी के साथ उसके माता-पिता एवं विद्यालय के लिए गर्व की बात है। विद्यालय पहुंचने पर विजेता बच्चों एवं उनके साथ गए उनके मार्गदर्शक कला अध्यापक कमल किशोर तथा टीजीटी चरण दास का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य ने अन्य विद्यार्थियों से भी हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यालय में स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

करवाचौथ पर छात्राओं ने रचाई मेहंदी

दौलतपुर चौक। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में करवाचौथ के पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार को बीबीए विभाग द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीए और बीसीए की छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों ने सुंदर-सुंदर मेहंदी के डिजाइन बनाए। इसमें प्रथम स्थान पर बीबीए से दीया दूसरे स्थान पर बीसीए से शिवानी और तीसरे स्थान पर बीबीए से मुस्कान रही । कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर युद्धवीर सिंह पटियाल ने करवाचौथ के पर्व पर कॉलेज के समस्त स्टाफ विद्यार्थी वर्ग और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ. लीना शर्मा, डॉ. निधि शर्मा, डॉ. शिवानी, प्रोफेसर रितिका, प्रो. पूनम कुमारी, प्रो. पूनम ठाकुर, प्रो . आंचल, रेखा जसवाल इत्यादि उपस्थित रहीं।

डीसी ने ऊना जिले में असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नियंत्रण के लिए जारी की निषेधाज्ञा

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने ऊना जिले में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत एक निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश नौकरी के बहाने जिले में आने वाले असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने के लिए लागू किया गया है।

जिला दंडाधिकारी ने बताया कि कई लोग बिना अपने पहचान-पत्रों के सत्यापन के ऊना आते हैं और आजीविका कमाने के लिए छोटे व्यापारों और सेवाओं, जैसे शॉल विक्रेता, फेरी वाले, मोची, बर्तन मरम्मत करने वाले या विभिन्न उद्योगों में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत होते हैं। उनकी पृष्ठभूमि की जानकारी के अभाव और बिना सत्यापन के कई बार अपराध की रोकथाम में कठिनाई होती है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसके साथ ही, असामाजिक तत्वों की नौकरी चाहने वालों के वेश में जिले की शांति को भंग करने और जनता के जीवन एवं संपत्ति को हानि पहुंचाने की आशंका भी बनी रहती है, इसलिए, सभी प्रवासी श्रमिकों का रोजगार के लिए सत्यापन अनिवार्य किया गया है।

आदेशों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार या व्यापारी प्रवासी श्रमिकों को उनकी पहचान और पासपोर्ट आकार की फोटो के संबंधित थाना अधिकारी (एसएचओ) के पास सत्यापन के बिना किसी भी गैर-औपचारिक रोजगार या ठेका कार्य में नियुक्त नहीं कर सकेगा। इसके अतिरिक्त, स्वयं रोजगार प्राप्त करने या छोटे व्यापारों में संलग्न होने वाले व्यक्तियों को अपने इरादों की जानकारी संबंधित थाना अधिकारी (एसएचओ) को देनी होगी। सभी धार्मिक स्थल और परिसर, जहाँ ऐसे व्यक्ति आश्रय लेते हैं, को उनके पूरे रिकॉर्ड को रखने का निर्देश दिया गया है।

कोई भी व्यक्ति पुलिस के साथ पंजीकरण कराए बिना इन संस्थानों में नहीं ठहर सकेगा। ऊना जिले के सभी उपमंडलीय पुलिस अधिकारियों को ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने और नियमित रूप से इन गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया गया है। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित प्रवासी श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएसएस) की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

तनोह में हुई अमृत वर्षा, विधायक विवेक शर्मा ने की शिरकत

अनंत ज्ञान, बंगाणा। उपमंडल बंगाणा तनोह में श्री-श्री 1008 बाबा रुद्रानंद जी महाराज डेरा गांव नारी के उत्तराधिकारी श्री हेमानंद जी महाराज ने कार्यक्रम शिरकत करके जनता को प्रभु श्री चरणों की महिमा के बारे में बताया। वहीं कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने भी शिरकत करके आचार्य हेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया।

विधायक विवेक ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद धाम गांव नारी के साथ लाखों भक्तों की श्रद्धा जुड़ी हुई है और मुझे शरद नवरात्र से पूर्व महाराज जी के आश्रम में झंडा रस्म पर जाने का सौभाग्य मिला है और महाराज जी का सानिध्य पाकर हम धन्य हो गए। इससे पूर्व विधायक विवेक शर्मा ने कार्यालय जोगीपंगा में जन समस्याओं को सुना और मौके पर समाधान करने के आदेश विभागीय अधिकारियों को दिए। समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करें ताकि गांव में अंतिम पंक्ति पर खड़े परिवार को सरकार की योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हर घर को पक्का रास्ता और हर गांव को सड़क सुविधा देना है, लेकिन यह हमारा ओर आपका सपना तभी पूरा हो सकता है, जब सत्ता सरकार विधायक और जनता मिलकर काम करेंगे।

हम कार्य की डीपीआर तैयार करवाते हैं और सड़क से लेकर उक्त नामक परिवार के घर तक सड़क या पक्के रास्ते का निर्माण हो रहा है और उक्त कार्य के लिए धन भी स्वीकृत हो जाता है लेकिन बाद में भूमि विवाद को लेकर कार्य लटक जाते हैं और ऐसा विकास खंड बंगाणा में 15 करोड़ की धनराशि कार्यों की लंबित पड़ी है। हर घर को पक्का रास्ता तथा हर गांव को सड़क की सुविधा जरूरी है, इसलिए सभी गांववाासी आपसी मतभेद छोड़कर विकास कार्यों में सरकार का सहयोग करें क्योंकि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के बिकास के लिए धन की कमी नहीं आएगी।

मैंने चार माह के विधायक कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र की हर पंचायत के विकास के लिए 1,10 करोड़ की धनराशि खर्च करवाई है, वहीं चार माह के कार्यकाल में अगर मनरेगा और सड़कों, पुलों, रास्तों और पेयजल योजनाओं को जोड़ा जाएं तो तकरीबन 44 करोड़ की धनराशि विकास के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

बागवानी मंत्री नेगी ने अंब में किया ड्रैगन फल के बगीचे का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, अंब

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अंब में प्रगतिशील बागवान मुश्ताक अली के ड्रैगन फल के बगीचे का दौरा किया। 2019 में स्थापित इस बगीचे ने उच्च गुणवत्ता वाले ड्रैगन फलों की पैदावार के लिए विशेष पहचान बनाई है। उनकी सफलता क्षेत्र में ड्रैगन फल की खेती की संभावनाओं को मजबूत करती है।

नेगी ने पौंग क्षेत्र से चंडीगढ़ जाते समय रास्ते में अंब में रुककर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की और बागवान मुश्ताक अली के बगीचे का निरीक्षण किया। अपने दौरे के दौरान मंत्री ने हिमाचल प्रदेश में ड्रैगन फल की खेती करने वाले पहले किसान मुश्ताक अली के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अली को उनके प्रयासों के लिए एक राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा, जिससे कृषि में नवाचार और समर्पण के महत्व को उजागर करते हुए अन्य किसानों को प्रेरित किया जा सके।

अंब में ड्रैगन फल के बगीचे का निरीक्षणक करते बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

जिले में ड्रैगन फल के बगीचे पौधशाला की स्थापना के लिए सरकारी जमीन तलाशने के दिए निर्देश

नेगी ने ऊना जिले में ड्रैगन फल की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग को सरकारी क्षेत्र में ड्रैगन फल के बगीचे और पौधशाला की स्थापना के लिए सरकारी जमीन की तलाश करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ करने और किसानों-बागवानों को उनकी फसलों में विविधता लाने में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार नवाचारपूर्ण कृषि प्रथाओं के लिए एक सहायक वातावरण बनाने और बागवानी विकास के साथ किसानों के जीवनस्तर में उत्थान के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर जिला ऊना के उपनिदेशक बागवानी डॉ. केके भारद्वाज ने मंत्री को विभाग द्वारा जिले में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान बागवान मुश्ताक अली और शौकत अली के अलावा बागवानी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शिव भूषण, डॉ. रिद्धिमा शर्मा और डॉ. संजय शरेरा भी उपस्थित रहे।

थानाकलां पाठशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन

अनंत ज्ञान, लठियानी। राष्ट्रीय सेवा योजना राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हो गया। समापन पर मुख्यातिथि बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव ने कहा कि लोगों के सहयोग से ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। भरे हुए पेट को रोटी खिलाना ही सेवा नहीं है। हमें भूख से पीड़ित व्यक्ति की निस्वार्थ सेवा ही परम कर्तव्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना से हमें यही सीखने की आवश्यकता है। देश का हर व्यक्ति सेवा भावना से ही अच्छे कार्य करके देश बदलने की राह पर चल पड़ेगा, जिसके माध्यम से ही छात्र-छात्राओं का चौमुखी विकास होता है। शिविर के दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर व अन्य शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं जोगिंद्र देव व विनोद शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल, हंसराज सुमन, बलविंद्र शर्मा, प्रवेश राणा, रजनीश, राकेश पॉल, देवेंद्र सिंह, लवेश ठाकुर, अमित खोसला, विनोद, संदेश, विनय, कमल सिंह, संयोगिता शर्मा, राधिका, नीलम, कांता, रेखा, संदेश, सुमन लता, रामकली के अलावा सभी शिक्षक इस मौके पर मौजूद थे।

सौगात धुंदला के गांव ननावीं के महिला मंडल की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

विधायक ने पांच लाख से निर्मित भवन का किया लोकार्पण

राजेश ठाकुर, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत धुंधला के ननावीं में शनिवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने उक्त गांववासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए पांच लाख से निर्मित महिला मंडल भवन का विधिवत पूजा अर्चना करके उद्घाटन किया और भवन महिला मंडल को समर्पित किया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव में पहुंचने पर विधायक विवेक शर्मा का बैंड बाजों और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान विवेक शर्मा ने कहा कि पंचायत धुंदला के गांव ननावीं में महिला मंडल की वर्षों पुरानी मांग थी और मैंने तत्काल राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा से पांच लाख की धनराशि लेकर उक्त महिला मंडल भवन के निर्माण कार्य के लिए मंजूर करवाए थे, लेकिन लंबे समय से उक्त महिला मंडल भवन का कार्य ठंडे बस्ते में पड़ा रहा, अब चार माह के कार्यकाल में हमने उक्त भक्त का कार्य युद्धस्तर पर करवाकर पूरा करवाया है।

शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य राजनीति करना नहीं, बल्कि जनसेवा करना है। हमने यह तय किया है कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र की 62 पंचायतों के हर गांव तक जाकर उनकी

महिला मंडल भवन का लोकार्पण करते विधायक विवेक शर्मा।

हमने जनता से सीधा संपर्क करके किया समस्याओं का समाधान

हमने 11 जून को विधायक की शपथ ली थी और उसके बाद हमने कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता से सीधा संपर्क करके उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम किया है ताकि जनता की समस्याओं का समाधान हो सके। हमारे लिए राजनीति सुख का साधन नहीं बल्कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। मुख्यमंत्री प्रदेश के हर विधायक, मंत्री से हर दिन के कार्य का हिसाब लेते हैं, ताकि राज्य में जो सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है, वह सार्थक बने। हर दिन कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की दर्जनों समस्याओं का समाधान किया जाता है, जो वर्षों से लंबित पड़ी हैं।

एससीए के नवनियुक्त सदस्यों को शपथ दिलाई

अनंत ज्ञान, बंगाणा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में वर्ष 2024-25 के लिए कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ के मनोनीत कार्यकारी व अन्य सदस्यों के लिए शपथ समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर के द्वारा अध्यक्ष पद के लिए इशिता धीमान को, उपाध्यक्ष प्रिया धीमान को, सचिव तनवि को, सहसचिव रिजुल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इसी तरह प्रत्येक कक्षा के प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई। एनएसएस से नॉमिन्टेड मेंबर्स अनुराग शर्मा और परीक्षा को, एनसीसी से ऋषभ कुमार और स्वाति शर्मा को, स्पोर्ट्स विभाग से नवीन शर्मा और दीप्ति शर्मा को, रोड सेफ्टी से अनिता कुमारी को, रेड रिबन क्लब से अंजलि को, रोवर और रेंजर से अनिरुद्ध और मुस्कान को, कल्चर से शुभम शर्मा और अनामिका को दिलाई गई।

इस अवसर पर केंद्रीय छात्र संघ के एडवाइजरी कमेटी के सदस्य, प्रोफेसर रेखा शर्मा, प्रोफेसर अनिल शर्मा प्रोफेसर सिकंदर नेगी, डॉ. किरण ठाकुर, प्रोफेसर किरण कुमारी, प्रोफेसर कृष्ण चंद, प्रोफेसर कमलेश कुमार, कॉलेज सुपरिंटेंडेंट राकेश पाठक आदि गणमान्य मौजूद रहे।

हरोली में कल बिजली बंद रहेगी

हरोली। विद्युत उपमंडल हरोली के सहायक अभियंता इंजीनियर सुरेश कुमार ने बताया कि 21 अक्तूबर को 132/33/11 केवी उपकेंद्र ऊना के सामयिक परीक्षण तथा मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति सुबह 9से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी इस कारण गांव पालकवाह, भदोडी, कांटे, हरोली, समनाल, रोड़ा, बालीवाल, धर्मपुर, सैंसोवाल, कांगड़, बढ़ेडा, सलोह घालुवाल में बिजली बाधित रहेगी ।

कुल्लू कार्निवल में दिखी देश-विदेश की संस्कृति की झलक

विभिन्न झांकियों के माध्यम से संस्कृति संरक्षण व जागरूकता का दिया संदेश, मुख्यमंत्री सुक्खू ने कुल्लू कार्निवाल को दिखाई हरी झंडी

कमलेश वर्मा, कुल्लू

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के अंतिम दिन लोगों को कुल्लू कार्निवल में देश विदेश की परंपरागत संस्कृति की झलक के दर्शन हुए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू कार्निवाल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। माल रोड पर कुल्लू कार्निवाल का आयोजन किया गया, जिसमें विदेशी सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के सांस्कृतिक दलों ने भी विभिन्न झांकियों के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र और देश की संस्कृति से लोगों को रू-ब-रू करवाया। वहीं, हिमाचल प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा भी इस मौके पर झांकियां निकालकर जागरूकता संदेश के साथ ही प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया।

इस कार्निवल में छह देशों में थाईलैंड, यूएसए, नेपाल, रशिया, म्यामार, उज्बेकिस्तान के सांस्कृतिक दलों के अलावा 8 से अधिक विभागों और महिला मंडलों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विदेशी कलाकारों ने जहां अपने-अपने देश की संस्कृति की छठा बिखेरी तो वहीं, स्थानीय महिला मंडलों ने ग्रामीण संस्कृति को माल रोड पर उतारा, जिसे देखने के लिए माल रोड के दोनों तरफ हजारों लोगों की भीड़ जुटी और एक तरफ चबूतरे पर मुख्यमंत्री सुक्खू, मुख्य सचिव सुंदर सिंह ठाकुर सहित नेताओं और अधिकारियों ने इस झांकी को निहारा।

कुल्लू कार्निवाल में झांकी के माध्यम से अपनी अपनी संस्कृति की झलक से रू-ब-रू करवाते हुए देशी व विदेशी कलाकार।

झांकियों से समाज को जागरूकता का दिया संदेश

इस मौके पर हिमाचल प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से बनाई गई झांकी के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया गया, जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने आजीवी का मिशन से जीवन के सुदृढ़ीकरण का संदेश दिया, जबकि वन विभाग ने वनों और जीव जंतुओं के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई। इसके साथ ही जल शक्ति विभाग ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नमूने के माध्यम से पानी के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग ने सड़क की विकास यात्रा से जीवन परिवर्तन का दृश्य दिखाया। पर्यटन विभाग ने बिजली महादेव मॉडल बनाकर पर्यटन विकास, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा से बचाव, विद्युत बोर्ड ने सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक किया। उद्योग विभाग ने समृद्धि स्थानीय उद्योग की शक्ति के माध्यम से आत्मनिर्भरता, भाषा एवं संस्कृति विभाग ने देव परंपरा का निर्वहन करने के प्रति प्रेरित किया विभाग ने देवी देवताओं का मॉडल बनाकर कुल्लू की समृद्ध देव परंपरा का प्रदर्शन किया।

स्कूलों ने भी निभाई भागीदारी

इस मौके पर जिला मुख्यालय और आसपास के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी कुल्लू कार्निवल में भाग लेकर जागरूकता का संदेश दिया है। किसी ने संस्कृति का संरक्षण तो किसी ने नशे के प्रति जागरूकता और कुछ दलों ने बेटी पर पढ़ाओ बेटी बचाओ काफी संदेश दिया है।

महिला मंडलों ने दिखाई संस्कृति की झलक

इस मौके पर दर्जनों महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में सज धज कर कुल्लू कार्निवल में हिस्सा लिया। उन्होंने इस कार्निवल के माध्यम से ग्रामीण ठेठ संस्कृति का प्रदर्शन किया है उन्होंने इस झांकी के माध्यम से हिमालयी संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के प्रति लोगों को प्रेरित किया है।

छठी सांस्कृतिक संध्या में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

'है अपना दिल तो आवारा न जाने किस पे आएगा' से गूंजा कला केंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकार कुमार साहिल व रमेश ठाकुर के नाम रही। वहीं, देश और विदेश के कलाकारों ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस सांस्कृतिक संध्या में बतौर स्टार कलाकार के रूप में कुमार साहिल ने मंच पर आते ही बचना ए हसीनों लो मैं आ गया..., जानू मेरी जान मैं तेरे कुर्बान सहित एक से बढ़कर एक हिंदी, पंजाबी व पहाड़ी गीत पेश कर दर्शकों को नाचने पर विवश कर दिया।

साढ़े 11 बजे पार्श्व गायक ने नीरज श्रीधर ने प्यार की बातें...हम तो बिगड़े थे गीत से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके

- **कुमार साहिल, रमेश ठाकुर के नाम रही छठी सांस्कृतिक संध्या**
- **विदेशी कलाकारों ने भी दी बेहतरीन प्रस्तुति**
- **मुख्यमंत्री सुक्खू रहे मुख्यातिथि लालड़ी नृत्य भी किया**

अलावा उज्बेकिस्तान के कलाकारों ने अपने देश के झंडे के साथ नृत्य पेश कर दर्शकों को भरपूर मनोरंजन किया। उज्बेकिस्तान के कलाकार ने मिट गई दूरियां फिल्मी गीत से दर्शकों को झुमाया और कलाकार ने लोकल बोली में कैंडे सा तुसे सैब बोलकर दर्शकों को हैरान किया। फ्यूजन डांस ग्रुप ने इस मौके पर बासु देव कटुंबकम की प्रस्तुति देते हुए अलग-अलग प्रांत की संस्कृति की झलक पेश की। ग्रुप के कलाकार अलग अलग भेषभूषा में सज धजकर कार्यक्रम पेश किया।

छठी सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक रमेश ठाकुर ने एक हसीना थी, एक दीवाना था फिल्मी गीत से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की उसके बाद दिला संघे नहीं खेलना, पहाड़ी व फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को नचाया। इस मौके पर सबसे पहले पुलिस बैंड ने प्रस्तुति दी। उसके बाद सूत्रधार कला संगम के कलाकारों परंपरागत कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति दी। इसके बाद बाल कृष्ण, ओम प्रकाश, हरीश, नरेंद्र मेहता, मनाली से सागर, युव राज, रवि रनहोत्र, नितिन कौशल, नरेश भारद्वाज, हरी दत्त भारद्वाज ने भी प्रस्तुति दी।

इस संस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शामिल हुए। उन्हें दशहरा उत्सव समिति की ओर से मुख्य संस्थीय सचिव एवं समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने टोपी, मफलर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ढालपुर मैदान में परंपरागत लालड़ी नृत्य किया मुख्यमंत्री भी इसका हिस्सा बने और नाटी में भी नाचे। रात को करीब एक बजे तक लालड़ी नृत्य चलता रहा, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

फिर मिलने का वादा कर वापस लौटे देवी-देवता

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के अंतिम दिन अपने-अपने देवालयों की ओर रवाना होते देवी-देवता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में सात दिनों तक तपस्वी की जिंदगी बिताने के बाद शनिवार को सभी देवी-देवता एक बार फिर मिलने का वादा करके अपने-अपने देवालय वापस लौट गए।

लंका दहन के साथ ही जिलाभर के देवी-देवताओं ने अपने देवालयों की ओर रुख किया और इसी के साथ इस देवसमागम का समापन भी हुआ। सात दिनों तक जहां अठारह करडू की सौह ढालपुर मैदान सहित पूरी रघुनाथ नगरी रामरास से सराबोर रही, वहीं देव व मानस के इस महामिलन के बाद देवी-देवताओं की विदाई के मंजर ने सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। देवताओं की रवानगी के साथ ही पूरा ढालपुर मैदान एक साल के लिए फिर सूना पड़ गया। आपसी मेल-मिलाप के बाद देवी-देवता एक वर्ष के लिए फिर से अलविदा कहकर अपने देवालय लौट गए। अनूठी परंपराओं के संगम कुल्लू दशहरा उत्सव के अंतिम दिन रघुनाथजी की रथ यात्रा के हजारों लोग गवाह बने। अब एक साल बाद फिर सभी देवी देवताओं का महामिलन होगा। लिहाजा, दशहरा के अंतिम दिन जहां अधिकतर देवी-देवता वापस लौट गए वहीं, कुछ देवी-देवता शुक्रवार को जाएंगे।

रामरास का हुआ आयोजन

परंपरानुसार लंकादहन के बाद विजय की खुशी में कुल्लू में रामरास (भजन-कीर्तन) हुआ। जिसमें रघुनाथ जी के दरबार में प्रसिद्ध देवी हडिंबा, त्रिपुरा सुंदरी व बिजली महादेव, देवता पांचवीर कोट कंढी की घंटियां व अठारह करडू देवी-देवताओं के धड़च्छ के रूप में अपनी-अपनी हाजिरी भरी। पंचवीर कोट कंढी का वाद्ययंत्र बाजा यहां रामराम में मौजूद रहा। वाद्ययंत्र की धून पर देव पूजा के बाद रामरास में रघुनाथजी के भक्त जमकर थिरके।

लंका दहन के साथ देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव संपन्न

कुल्लू। देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का शनिवार को लंका दहन के साथ ही धूमधाम से समापन हुआ। देवताओं के इस महाकुंभ में हजारों लोगों सहित सैकड़ों देवी-देवताओं ने भी डुबकी लगाई। उधर, सीएम ने अंतरराष्ट्रीय लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में दशहरा उत्सव का विधिवत समापन किया। विश्व के सबसे बड़े देव महाकुंभ एवं अनूठी परंपराओं का संगम कुल्लू दशहरा उत्सव में रघुनाथ की रथ यात्रा के बाद विधिवत रूप से लंका दहन के नजारे के हजारों लोग गवाह बने। लिहाजा, सात दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ में सैकड़ों देवी-देवताओं के साथ रघुनाथ जी ने लंका पर चढ़ाई कर रावण परिवार के साथ बुराई का भी अंत किया है। लंका चढ़ाई के लिए हुई रथ यात्रा में यहां पहुंचे सभी देवी-देवताओं ने भाग लिया। लंका दहन के साथ ही अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का समापन हुआ। गोबर के बने रावण मेघनाथ व कुंभकर्ण को तीर से भेदने के बाद लंका में आग लगाई गई। इससे पहले दिन के समय कुल्लू के राजा पालकी में बैठकर ढालपुर के कलाकेंद्र मैदान में पहुंचे और महाराजा के जमलू, पुंडीर, रैलू देवता नारायण व वीर देवता की दराग तथा रघुनाथ जी की छड़ व नृसिंह भगवान की घोड़ी भी राजा के साथ कला केंद्र मैदान पहुंची,जहां खड़की जाच का आयोजन हुआ। इसके बाद ही रथ यात्रा शुरू हुई। राज परिवार के सदस्य महेश्वर सिंह, आदित्य विक्रम सिंह, दानवेंद्र सिंह, हितेश्वर सिंह ने अपनी पारंपारिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर रघुनाथ जी की रथयात्रा की अगुवाई की।

लंका पर चढ़ाई के लिए हजारों लोगों ने खींचा रघुनाथ का रथ

दशहरा उत्सव के अंतिम दिन निकली भगवान रघुनाथ जी की भव्य शोभायात्रा।

खुशी मुख्यमंत्री ने भुंतर में 4.56 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले डबल लेन भुंतर पुल की रखी आधारशिला

सीएम ने कुल्लू को दी 102 करोड़ की विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

मुख्यमंत्री ने जिला कुल्लू के भुंतर में 102 करोड़ रुपए की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने भुंतर में 4.56 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले डबल लेन भुंतर पुल की आधारशिला रखी। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के लिए तेगूबेहड़ में 2.98 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पार्किंग सहित ट्रांजिट आवासों और 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित एकीकृत पुनर्वास केंद्र भुन्तर के नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष के अंतर्गत कुल्लू की तहसील पिरडी में राफ्टिंग केंद्र के नजदीक 3.63 करोड़ रुपए से बाढ़ नियत्रण कार्यों, लोअर शास्त्री नगर से बदाह, कुल्लू और जिला कुल्लू के संवदेनशील स्थानों पर 6 करोड़ रुपए से तटबंध सुरक्षा कार्यों, तहसील भुन्तर में पार्वती नदी के बाएं किनारे पर उठाऊ सिंचाई योजना सोड हाथीथान पम्प हाउस से सरस्वती विद्या मंदिर भुन्तर कालोनी तक 7.97 करोड़ रुपए से भुंतर के संवेदनशील स्थानों पर निर्मित होने

वाले सुरक्षा कार्यों और गौ सदन के तिब्बती स्कूल से कुल्लू के एमसी क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर 8.53 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले बाढ़ नियंत्रण कार्यों की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष के अंतर्गत जिला कुल्लू में भुंतर पुल के निकट पार्वती नदी और ब्यास नदी के संगम स्थल के पास 8.14 करोड़ रुपए के बाढ़ नियंत्रण कार्यों, एमसी कुल्लू में सामूदायिक भवन से तिब्बतीयन स्कूल तक (भूमि, सम्पत्ति, आवासों और वाणिज्यिक सामुदायिक भवनों) के बाढ़ शमन और असुरक्षित स्थानों पर 6.44 करोड़ रुपए से तटबंध सुरक्षा कार्यों, एमसी क्षेत्र तिब्बतीयन स्कूल से हनुमानी बाग तक (भूमि, सम्पत्ति, आवासों और वाणिज्यिक सामुदायिक भवनों) के बाढ़ शमन और असुरक्षित स्थानों पर 6.65 करोड़ रुपए से तटबंध सुरक्षा कार्यों, एमसी भुंतर के संगम घाट से राधा कृष्ण मंदिर तक के असुरक्षित स्थानों (भूमि, सम्पत्ति, आवासों और वाणिज्यिक सामुदायिक भवनों) के बाढ़ शमन और असुरक्षित स्थानों पर 6.14 करोड़ रुपए से तटबंध सुरक्षा कार्यों और भुंतर तहसील के मणिकर्ण की पार्वती नदी पर 7 करोड़ रुपए से होने वाले बाढ़ नियंत्रण कार्यों का भूमि पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत भुन्तर के लिए 22 करोड़ रुपए से पेयजल आपूर्ति योजना के विस्तार कार्यों की आधारशिला रखी। जिला और तहसील कुल्लू में नाबार्ड के अंतर्गत ब्यास नदी से 16 टंकी, फाटी खराहल में शालधारा के लिए 9.62 करोड़ रुपए से निर्मित उठाऊ जलापूर्ति योजना और 2.55 करोड़ रुपए से उठाऊ सिंचाई योजना न्योली-थरमाहन का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने अंतराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा-2024 में देवी-देवताओं को देवताओं की पुरानी वेशभूषा, वाद्ययंत्रों की धुनों, रथों की सजावट व शिविरों की सुंदरता व सफाई रखने के लिए देवी-देवताओं के कारदारों को पुरस्कृत किया। कुल्लू में 100 बिस्तर क्षमता वाले मातृ एवं शिशु अस्पताल को राज्य सरकार सुदृढ़ करेगी ताकि जिला के लोगों को यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कुल्लू दशहरा के आयोजन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, जन प्रतिनिधियों और सभी वर्गों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन सफल हो पाया है। जिला कुल्लू देवी-देवता कारदार संघ ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच लाख रुपए का चेक भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक भुवनेश्वर गौड़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद, कांग्रेस नेता बुद्धि सिंह ठाकुर, खिमी राम, विजय पाल सिंह, एचपीएसआईडीसी के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया आदि उपस्थित थे।

भगवान रघुनाथ जी के शिविर में नवाया शीश

मुख्यमंत्री ने भगवान रघुनाथ के शिविर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कुल्लू कार्निवाल को हरी झंडी दिखाई। इस कार्निवाल में 600 से ज्यादा महिलाओं और कलाकारों ने भाग लिया जिसमें छह अंतराष्ट्रीय दल, विभिन्न स्कूल, विभागों की झांकियां और 30 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हुई।

...सजना है मुझे सजना के लिए

करवाचौथ को लेकर खरीदारी करती महिलाएं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

साजन के लिए सजना व पति की लंबी आयु की दुआ करने को लेकर समर्पित करवाचौथ पर्व रविवार को है। ऐसे में शनिवार को देवभूमि कुल्लू की सुहागिनों ने अपने साजन के लिए सोलह शृंगार के सामान की खरीददारी की लेकिन इस बार करवाचौथ पर महिलाओं का अपने साजन के लिए सजना महंगा हो गया है।

स्थानीय महिलाओं नवनीत, गौरी, रीना व सुहानी ने बताया कि पूजा के सामान से लेकर कॉस्मेटिक, कपड़ों और ज्वेलरी सहित सभी चीजों के दाम में पिछले साल की अपेक्षा वृद्धि हुई है। इस व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहता है, लेकिन घर की रसोई का बजट संभालने वाली महिलाओं के लिए इस बार करवाचौथ को लेकर सामान की खरीददारी करना मुश्किल हो गया है। पर्व पर इस्तेमाल होने वाले सामान जिनमें ब्यूटी किट से लेकर सूट, साड़ियों, शृंगार के अलावा पूजा-पाठ के सामान के दामों में भारी बढ़ोतरी हुई है। शनिवार को करवाचौथ से एक दिन पहले बिंदिया से लेकर चुड़ियां, मेहंदी, मशकारा, काजल, ज्वेलरी, कपड़े सहित अन्य सजने संवरने के सामान की खरीददारी के लिए महिलाओं का मनियारी की दुकानों में तांता लगा रहा। इसके अलावा पूजा के सामान नारियल, करवा, छननी सहित अन्य चीजों की भी खरीददारी की।

सोलन में फेस्टिवल सीजन के मद्देनजर अग्निशमन विभाग मुस्तैद

विभाग ने 24 हाइड्रेंट किए चुस्त-दुरुस्त, विभागीय टीम ने किया निरीक्षण

आर मोहन चौहान, सोलन

फेस्टिवल सीजन के दौरान किसी भी तरह की आगजनी से निपटने को अग्निशमन विभाग मुस्तैद हो गया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में लगे 24 फायर हाइड्रेंट चुस्त दुरुस्त किए गए हैं। इसमें कुछ एक में पानी की लीकेज है, जिन्हें ठीक करने के लिए नगर निगम को लिखा गया है। त्योहारी सीजन शुरू होते ही अग्निशमन विभाग मॉकड्रिल भी करता रहा है, लेकिन व्यापारियों के विरोध के कारण इससे बंद किया गया है। हालांकि, अग्निकांड की दृष्टि से मॉकड्रिल जरूरी होता है। बहरहाल विभागीय टीम ने शहर में संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर हाइड्रेंट और अन्य व्यवस्था को चेक किया।

बाजार के भीड़भाड़ वाली जगहों पर अतिक्रमण न हो, इसके लिए नगर निगम का भी सहयोग लिया जा रहा है।

अग्निकांड की दृष्टि से संवेदनशील सोलन का मॉल रोड।

शहर में फायर हाइड्रेंट को भी चेक करने और उपकरण को ठीक करने का कार्य इन दिनों चला हुआ है।

जिला मुख्यालय सोलन में त्योहारी सीजन को लेकर दमकल और निगम की टीम ने शहर में लगे हाइड्रेंट का निरीक्षण किया है। इसमें सर्कुलर मार्ग पर स्थित गुरुद्वारे के पास हाइड्रेंट को ठीक किया गया। इसके अलावा लक्कड़ बाजार और चौक बाजार में बंसी में टेलर के समीप लगा हाइड्रेंट को भी दुरुस्त किया गया है, जबकि अन्य सभी की हालत फिलहाल काम करने लायक हैं।

दमकल विभाग का कहना है कि जिन क्षेत्रों में हाइड्रेंट खराब थे, वे शहर के अति संवेदनशील इलाके हैं। त्योहारी सीजन के चलते विभाग ने अग्निकांड की संभावित घटनाओं पर काबू पाने के लिए अलर्ट घोषित किया है। दीपावली पर्व पर सभी दमकल कर्मचारी 24 घंटे में दो शिफ्टों में ड्यूटी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

आग की घटनाओं से निपटने के लिए कर्मी 24 घंटे तैयार : चौहान

फायर स्टेशन सोलन के इंचार्ज कमलजीत चौहान ने बताया कि आग की घटनाओं से निपटने के लिए सभी तैयारियां अग्निशमन विभाग ने कर ली हैं। सभी उपकरणों व दमकल वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग का कहना है कि आग की घटनाओं से निपटने के लिए कर्मी 24 घंटे तैयार हैं।

कानूनी सहायता क्लीनिक ने चलाया जागरूकता अभियान

जागरूकता अभियान के दौरान स्कूल ऑफ लॉ के कानूनी सहायता क्लीनिक के सदस्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के कानूनी सहायता क्लीनिक ने नौणी और ओचघाट के गांवों में कानूनी सहायता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को उनके कानूनी अधिकारों, उपलब्ध मुफ्त कानूनी सहायता सेवाओं और व्यावहारिक कानूनी समाधानों के बारे में शिक्षित करना है।

अभियान का समन्वय कानूनी सहायता क्लिनिक की सहायक प्रोफेसर और समन्वयक पूनम के साथ-साथ कानूनी विज्ञान संकाय के सहायक प्रोफेसर और कानूनी सहायता क्लिनिक के सदस्य विनीत कुमार द्वारा किया गया था। आयोजन का उद्देश्य संपत्ति के अधिकार, महिलाओं के अधिकार और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाना था। ग्रामीणों को विवाद या कानूनी मुद्दों के मामले में कानूनी सहायता केंद्रों से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

क्षेत्र के दौरे से पहले, छात्रों को कानूनी सहायता समिति द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा। 30 से अधिक छात्रों ने अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और आसान समझ के लिए स्थानीय भाषा में तैयार किए गए पर्चे और ब्रोशर वितरित किए। सहायक प्रोफेसर पूनम पंत ने कहा कि यह अभियान कानूनी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण आबादी को सशक्त बनाने और न्याय तक उनकी पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

न्यूज ब्रीफ

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर शुरू

दाड़लाघाट। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान सुमन गौतम ने किया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रभात किशोर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और प्रधानाचार्य ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम अधिकारी कुमारी मीनाक्षी ने शिविर संबंधित जानकारी दी। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी गौतम ने शिविर के दौरान की जाने वाली गतिविधियों और दिनचर्या के बारे में अपने विचार साझा किए। प्रधानाचार्य प्रभात किशोर ने स्वंयसेवियों को शिविर में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद दिया। मुख्यातिथि सुमन गौतम ने बच्चों को समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को दूर करने में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता सूरम सिंह, रमेश कुमार, निधि शर्मा, पंकज पाठक, नरेश शर्मा सहित अध्यापक मौजूद रहे।

धुंदन स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में करवाचौथ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने विद्यालय परिवार की सभी महिला कर्मचारियों को पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर अंतर सदन मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक टीम में वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल, शारीरिक अध्यापक मुकेश कुमार और सेवानिवृत प्रवक्ता नरेंद्र कपिला ने भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने सभी प्रतिभागियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने को प्रेरित किया,ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला मुख्यालय नाहन में अग्रोहा के महाराज अग्रसेन की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। नाहन वैश्य सभा द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की अध्यक्षता जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने की तो वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा अंबाला के मुख्य कारोबारी अनुभव अग्रवाल भी मौजूद रहे। एसएफडीए हाल में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि हर्ष महाजन के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महान विचारक महाराजा अग्रसेन की विचारधारा में आज न केवल वैश्य समाज बल्कि पूरा भारत देश विश्व में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। वहीं, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक अलग सोच विचार और चिंतन के धनी थे। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि के द्वारा समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले वैसे समाज के मनीषियों को पारितोषिक भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भी मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वैश्य सभा के अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता के द्वारा सभी का आभार भी व्यक्त किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गोयल के द्वारा किया गया।

रवि बने हिमाचल किसान कांग्रेस के वर्किंग प्रेजिडेंट

अनंत ज्ञान, बीबीएन। ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ जिसमें रवि शर्मा ने पूरी ताकत झोकी और कार्यक्रम को सफल बनाया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया किसान कांग्रेस की हिमाचल इकाई का वर्किंग प्रेजिडेंट का नियुक्ति पत्र दिया ताकि पूरे हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ किसान कांग्रेस भी मजबूत हो सके। रवि शर्मा ने सुखपाल खैरा के द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है, उसे बखूबी निभाया जाएगा और कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन में जिन किसानों पर जबरन मामले दर्ज किए गए, उन्हें रद्द करवाने के लिए जल्द मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की जाएगी।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव की अध्यक्षता में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) की बैठक आयोजित की गई। अजय यादव ने कहा कि आतमा के लिए वर्ष 2024-25 जिला कृषि कार्य योजना के अंतर्गत 1,44,99,434 रुपए बजट स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा कि बजट की राशि में से विभिन्न कार्यों के लिए 36,40,347 रुपए व्यय किए जा चुके हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बजट में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग के अतिरिक्त विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र की नवीनतम तकनीक को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि आतमा का उद्देश्य किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करना, किसानों के प्राकृतिक उत्पादों का सही मूल्य दिलवाना तथा अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। अजय यादव ने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से ज़िला सोलन के लिए कृषि किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर को चुना गया। परियोजना निदेशक आतमा डॉ. योगराज चौहान ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर खंड कृषि सलाहकार समिति सोलन के अध्यक्ष हरदेव, खंड कृषि सलाहकार समिति धर्मपुर के अध्यक्ष मोहन कश्यप, खंड कृषि सलाहकार समिति कुनिहार के अध्यक्ष हरीश कुमार, खंड कृषि सलाहकार समिति नालागढ़ की अध्यक्ष सीमा देवी सहित किसान उपस्थित थे।

एनएसयूआई नेता सुनील के निधन पर शोक व्यक्त

राजगढ़। उपमंडल राजगढ़ के पझौता क्षेत्र के धामला निवासी युवा कांग्रेस नेता सुनील कंवर के निधन से क्षेत्र मे शोक फैल गया है। कांग्रेस पार्टी के पझौता जोन के पूर्व अध्यक्ष सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के नेता रहे सुनील कंवर (41) के निधन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर, पूर्व प्रत्याशी दयाल प्यारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आंनद परमार, पच्छाद कांग्रेस अध्यक्ष रणधीर पंवार, पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान, देवेंद्र शास्त्री, पूर्व जिप उपाध्यक्ष परीक्षा चौहान, पूर्व जिप सदस्य शकुंतला प्रकाश, इंदिरा कश्यप, जिप सदस्य विनय भगनाल, प्रदेश कांग्रेस सचिव अरुण मेहता, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश आर्य, विवेक शर्मा, राजकुमार, विक्रम ठाकुर, इंद्र सिंह, विक्रम कंवर, दिनेश ठाकुर, संजीव तोमर, प्रदीप कंवर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंदर झालटा, सेवा दल जिला अध्यक्ष हरदेव राणा, पच्छाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष भगनाल, पूर्व प्रधान अमर सिंह, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष पच्छाद उषा तोमर, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष राजगढ़ गीता ठाकुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति कंवर, मोनी ठाकुर सहित समस्त पच्छाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जोन अध्यक्षों, युवा कांग्रेस ने उनके निधन पर शौक प्रकट किया है। सभी ने कहा कि सुनील कंवर के निधन को जहां परिवार के लिए दुखद है, वहीं क्षेत्र और पार्टी के लिए भी बड़ी क्षति करार दिया है। जानकारी मिली है कि युवा नेता को अचानक ब्रेन स्ट्रोक होने के चलते पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया, जहां तीन दिन बाद आज सुबह उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे बुजुर्ग पिता, पत्नी ओर बेटे को छोड़ गए हैं।

सोलन में 23 को बिजली आपूर्ति बाधित

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त सूचना के अनुसार 11 के.वी. सोलन नंबर 1 तथा 2 एवं एमइएस फीडर की आवश्यक मरम्मत के दृष्टिगत सोलन के कुछ क्षेत्रों में 23 अक्टूबर, 2024 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 23 अक्तूबर, 2024 को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक सोलन तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त तिथि तथा समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

साइंस मॉडल प्रदर्शनी में पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू प्रथम

अनंत ज्ञान, सोलन

मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजड़ी-जाबली में सब डिवीजन स्तर-1 का दो दिवसीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कसौली सब डिवीजन के तहत आने वाले विभिन्न 48 निजी व सरकारी स्कूलों के जूनियर व सीनियर वर्ग के करीब 297 प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

इसमें सीनियर साइंस मॉडल प्रदर्शनी में आरव सिंह पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू प्रथम, वैष्णव, आनंद पब्लिक स्कूल परवाणू द्वितीय व एकम कौर, पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर रामपुर तृतीय स्थान पर रहे, जबकि जूनियर साइंस मॉडल में जयमन, पाइनग्रोव धर्मपुर प्रथम और अर्बन, एपीएस डगशाई द्वितीय और निर्मित पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू के मॉडल तृतीय स्थान पर रहे। मैथ्स ओलंपियाड में जूनियर वर्ग में दिविज गर्ग, पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू तथा युव महाजन, पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर द्वितीय, मयंक, एपीएस डगशाई तृतीय रहे व सीनियर वर्ग में शौर्य आयशर स्कूल परवाणू प्रथम, वान्या, पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू द्वितीय तथा आरव पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के दौरान छात्रों के मॉडल देखते अतिथि।

इसके अलावा भी कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर अनिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को बच्चों को वैज्ञानिक तौर पर तथा पर्यावरण के प्रति प्रेरित करने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि जाबली एचपीएल उद्योग के संजीव बाटला व महेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

पाइनग्रोव स्कूल एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग 2024-25 में शीर्ष स्थान पर

अनंत ज्ञान, सोलन। पाइनग्रोव स्कूल को गत दिवस शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए हिमाचल प्रदेश और भारत में नंबर 1 सह-एड बोर्डिंग स्कूल का नाम देते हुए, एक प्रसिद्ध शैक्षिक पत्रिका एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा एक प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पाइनग्रोव स्कूल के लिए लगातार द्वितीय वर्ष है, जब पाइनग्रोव स्कूल को द लीला एंबिएंस, गुरुग्राम पुरस्कार समारोह में यह गौरव हासिल किया है। इसके अतिरिक्त, द लॉरेंस स्कूल, सनावर को देश में नंबर 1 लिगेसी को-एड बोर्डिंग स्कूल (100 वर्ष से अधिक पुराना) के रूप में मान्यता दी गई थी। यह शीर्ष रैंकिंग पूरे हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए दोनों विद्यालय पाइनग्रोव स्कूल और द लॉरेंस स्कूल सनावर को अत्यधिक गर्व और सम्मान को दर्शाती है, क्योंकि वे देश के बोर्डिंग स्कूल परिदृश्य का नेतृत्व करते हैं, जिससे हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों की उत्कृष्टता और मजबूत होती है। स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्शन एजे सिंह ने इस उपलब्धि के लिए स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी है।

एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग का सम्मान हासिल करते कार्यकारी निदेशक कैप्शन एजे सिंह।

'सोशल मीडिया अभिशाप या वरदान' विषय पर वाद-विवाद

अनंत ज्ञान, नाहन

हिमाचल प्रदेश विधि महाविद्यालय के विधि विभाग ने वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन रजनीश बंसल ने भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीए.एलएलबी के साथ-साथ एलएलबी. की भी कई टीमें शामिल थीं। सहायक प्रोफेसर, मनीषा, श्वेता, अनूपा, शिल्पा, मनीष भाटिया और अपूर्व ने पूरे वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के वक्तृत्व कौशल को निखारना, विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा देना और समकालीन कानूनी और सामाजिक मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न सेमेस्टर के विधि विद्यार्थियों ने भाग लिया और कानूनी सुधारों से लेकर सामाजिक न्याय के मुद्दों तक के विविध विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप पर बहस जटिल बनी हुई है, जिसमें दोनों पक्षों के पास वैध बिंदु हैं। सोशल मीडिया ने निस्संदेह कनेक्टिविटी, सूचना प्रसार, व्यापार विकास और सामाजिक सक्रियता के मामले में अपार लाभ लाए हैं। हालांकि, इसके काले पहलू-जैसे मानसि स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं, गलत सूचना, लत और गोपनीयता के उल्लंघन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ लॉ के निदेशक/प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अश्विनी कुमार ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान छात्रों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों की सराहना की हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन रजनीश बंसल, विकास बंसल और सीईओ मन्नत बंसल ने भी छात्रों के साथ बातचीत की और कहा कि एक कानून के छात्र होने के नाते यह आवश्यक है कि वे वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपनी अधिकतम भागीदारी दें क्योंकि इससे उनके संचार कौशल में सुधार होगा और वे अपने पेशे में कुशल बनेंगे।

सोशल मीडिया अभिशिप या वरदान विषय पर आयोजित वाद-विवाद कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

नाहन में पटाखे बेचने के लिए स्थान चिन्हित

अनंत ज्ञान, नाहन। दीपावली त्योहार को लेकर बेचे जाने वाली आतिशबाजी चयनित स्थानों पर ही बेची जा सकेगी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों समेत बाजारों में आतिशबाजी बेचने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। इसको लेकर एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने संबंधित विभागों के साथ एक बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा है। नाहन के एसडीएम राजीव संख्यान ने बताया कि दीपावली त्योहार पर नाहन के चौगान मैदान में आतिशबाजी बेची जाएगी। जहां 28 से 31 अक्तूबर तक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसको लेकर नगर परिषद को निर्देश दे दिए गए हैं। नगर परिषद को चौगान में भी सुरक्षा की दृष्टि से स्टॉल लगाते समय 20 फुट की दूरी मेंटेन रखने को कहा है। इसके अलावा चौगान के साथ लगे फायर हाइड्रेंट की समय रहते जांच करें। उन्होंने बताया कि दीपावली त्योहार को लेकर खरीददारी करने आने वाले लोगों को पार्किंग सुविधा भी चौगान मैदान में दिए जाने का प्रस्ताव व्यापार मंडल की ओर से आया है, जिस पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा ददाहू व कालाअंब क्षेत्र में भी खुले स्थान पर बिक्री के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एसएचओ नाहन, कालाअंब, ददाहू, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, नगर परिषद अधिकारी समेत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कंडाघाट में 23 को बिजली बंद रहेगी

सोलन। 33/11 केवी उपविद्युत केंद्र कंडाघाट के रखरखाव के दृष्टिगत कंडाघाट के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपकेंद्र कंडाघाट के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि 23 अक्तूबर को प्रात: 9 से सांय 5 बजे तक वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी भारा, आंजी ब्राह्मणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, बीशा, बाशा, सुरो, जेपी विश्वविद्यालय, कंडाघाट, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग मांगा है।

कांग्रेस किसानों के हकों की लड़ रही लड़ाई : राठौर

अनंत ज्ञान, बीबीएन

देश के 140 करोड़ की जनसंख्या में से सिर्फ डेढ़ करोड़ लोग हैं, जिनका बोलबाला हो रहा है, जबकि बाकी लोग आज कर्ज के तले दबे हुए हैं और केंद्र सरकार उनकी सुनवाई करने की बजाए सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। यह बात राष्ट्रीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंजाब से विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने नालागढ़ में शनिवार को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस की ओर से राष्ट्र स्तरीय किसान सम्मान समारोह में कही।

सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि राष्ट्रीय सत्रीय किसान सम्मान समारोह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दो वर्ष के सफल कार्यकाल को लेकर किया गया, जिसके सफल आयोजन का श्रेय अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के ज्वाइंट को-ऑर्डिनेटर रवि शर्मा को जाता है। केंद्र सरकार के द्वारा काले कानूनों को वापस लेने की बात कही थी लेकिन आज तक उनको वापस तक नहीं लिया गया है। वहीं, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन) अखिलेश शुक्ला ने बताया कि पूरे देश में किसान कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार सुखपाल सिंह खैरा के निर्देशानुसार संगठन को मजबूत बनाने की प्रक्रिया को सक्रिय रूप में अमलीजामा पहना रही है।

राष्ट्र स्तरीय समारोह में मौजूद गणमान्य।

कर्नाटक से विधायक बीआर पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र व झारखंड में होने वाले चुनावों में इस बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हकों की लड़ाई लड़ रही है। इस मौके पर सीपीएस राम कुमार चौधरी, नालागढ़ से विधायक हरदीप बावा, दीपक शर्मा, निर्मल सिंह सिद्धू, राहुल इंदर सिंह सिद्धू, रफीक मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

पझौता कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह

अनंत ज्ञान, सोलन। एसडीएम राजकीय महाविद्यालय पझौता में एकेडमिक वर्ष 2024 -25 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। असिस्टेंट प्रोफेसर आशा रानी ने इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया। प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर विजयेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर सौरभ ठाकुर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर अनिकेत शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। बीए अंतिम वर्ष की छात्रा अंजली वाला अध्यक्ष, बीए अंतिम वर्ष की ही मंजू कुमारी उपाध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की ज्योति वाला महासचिव तथा बीए प्रथम वर्ष की गुंजन शर्मा सहायक सचिव मनोनीत की गईं। इसके अतिरिक्त तीन कक्षा प्रतिनिधि तथा 8 सदस्य भी मनोनीत किए गए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा ने सभी पदाधिकारी को महाविद्यालय में अनुशासन तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग हेतु सचेत किया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

यूजीसी नेट और जेआरएफ परीक्षा में सपना उत्तीर्ण

राजगढ़। राजगढ़ से सटे गांव शाया छबरोन की सपना ने कड़ी मेहनत और लग्न से हाल ही में यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा उतीर्ण करके अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है । सपना की इस उपलब्धि से उनके परिजन और दोस्तों में खुशी की लहर है । सपना के पिता कर्मसिंह एक किसान हैं, जबकि उनकी माता कल्पना देवी एक गृहिणी हैं । वर्तमान में सपना पीएचडी में दाखिले की तैयारियां कर रही है । शिक्षित युवाओं के लिए सपना एक प्रेरणा स्त्रोत बनी हैं। सपना के अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों और अध्यापकों को दिया है । उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि परिजनों और अध्यापकों के बिना ये सफलता पाना उनके लिया असंभव था। सपना ने बताया कि विद्यार्थियों को स्कूल टाइम से ही अपने जीवन उद्देश्य का चुन लेना चाहिए और उस मुकाम पाने के लिए आधुनिकता की चकाचौंध को दरकिनार करके दिन रात कड़ी मेहनत करनी चाहिए। तभी एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलती है ।

आपदा प्रबंधन पर पत्रकारों के लिए कार्यशाला कल

सोलन। अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन अजय यादव ने कहा कि 21 अक्तूबर, 2024 को प्रातः 10.30 बजे स्थानीय मीडिया के लिए आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। अजय यादव ने कहा कि 21 अक्तूबर, 2024 को आयोजित होने वाली आधे दिन की कार्यशाला ज़िला परिषद कार्यालय के सभागार में होगी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का विषय 'आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका' होगा। उन्होंने सभी पत्रकारों से कार्यशाला में भाग लेने का आग्रह किया।

हर्षवर्धन चौहान कल बद्दी प्रवास पर

सोलन। उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 21 अक्तूबर को ज़िला सोलन के बद्दी के प्रवास पर आ रहे हैं। हर्षवर्द्धन चौहान 21 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे बद्दी के मखनुमाजरा स्थित बद्दी यूनिवर्सिटी ऑफ इमर्जिंग साईस एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित फार्मा लैब केम एक्सपो बद्दी फार्मा एंड लैब एक्सबिशन में मुख्यातिथि होंगे।

आयोजन अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव दिल्ली में पद्मश्री विद्यानंद सरैक का उद्बोधन

हिमाचल सांस्कृतिक परिवेश और लोकनृत्य पर किया फोकस

अनंत ज्ञान, सोलन

संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के सोजन्य से आयोजित अंतरराष्ट्रीय नृत्य महोत्सव का आयोजन दिल्ली में किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के उपतहसील पझोता के देवठी मंझगांव के पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने अपने उद्बोधन से सभागार में उपस्थित लोगों को हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सरैक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का भौगोलिक परिवेश और यहां की संस्कृति धरती हिमाच्छादित गगन चुंबी हिमालय की पहाड़ियों से सुसज्जित पश्चिम भाम में तिब्बत और कश्मीर की सुरम्य धरा के मध्य ये छत्तीस पहाड़ी रियासतों का प्रदेश 15 अप्रैल 1948 को राज्य पूर्ण रूप गठन के बाद प्रदेश गठित हुआ था। प्राकृतिक सौंदर्य से ओत-प्रोत यहां की वसुधा असंख्य देवी-देवताओं के मंदिरों की भी धरती रही है। इन मंदिरों के आगोश में यहां के लोगों की सांस्कृतिक धरोहर विरासत पनपी और संवर्धित हुई है।

अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागी।

यहां के देवता आस्था और श्रद्धा के प्रतीक हैं। तीज त्योहारों देवालय के धार्मिक अनुष्ठानों मेलों, उत्सवों को लोगों का मनोरंजन तथा देव आस्था से जोड़ते हैं। यह संस्कृति यहां की पुश्तों की धरोहर है, तभी इस हिमाचल को देवभूमि की संज्ञा दी गई है। ताल स्वर लोक साहित्य के साथ उन अनाम कलाकारों ने अमूल्य निधि हिमाचल के सौंदर्य के साथ सवारी है। ये प्रदेश ऊंची-नीची सुंदर पहाड़ियों से सुसज्जित भू-भाग घने जंगलों, सीढ़ी नुमा खेतों तथा तीव्र गामिनी नदियों की प्राकृतिक छटा से शोभित भाग है। इस भू-भाग को देवभूमि से अलंकृत होने का सौभाग्य है।

इस सांस्कृतिक परिवेश को तीन प्रकार से अध्ययन और अनुभव किया जा सकता है। इन तीनों रूपों में गीत, नृत्य, अभिनय, वादन तथा ललित कलाओं और देव परंपराओं को भी अनाम कलाकारों ने लय ताल और नृत्य की मनोहारी अभिव्यक्ति में परोसा है। हिमाचल का सांस्कृतिक परिवेश और लोक नृत्य पर उन्होंने अपनी बात रखी। उन्होंने इसको तीन भागों में बांटा है-पहला प्राकृतिक सांस्कृतिक स्वरूप जिसको महासवी क्षेत्र का नाम दिया, जो गिरि नदी की दोनों और बसा है।

दूसरा डोगरी बोली का क्षेत्र, जिसमें कांगड़ा-हमीरपुर का नृत्य गिद्दा, ऊना का भंगड़ा। कुल्लू का लोक नृत्य के समान है जिसमें सोलन, शिमला, सिरमौर की झलक नजर आती है। कुल्लू के नृत्य में हरण तलवार, कर्थी, देऊं, फागली मुख्य नृत्य आते हैं। तीसरा जनजातीय किन्नौर का लोक नृत्य, जिसके तीन प्रकार के नृत्य हैं चांग, वाक्यांग, व्यंतयागच्च। लाहौल स्पीति का मास्क, छम लमाओं का माला नृत्य किन्नौरी वेशभूषा में अद्भुत नृत्य हैं।

न्यूज ब्रीफ

महिला पुलिस ने भी हाथों में लगवाई मेहंदी

चंडीगढ़। करवा चौथ महोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर 24 स्थित ओंकार मार्केटिंग पर महिलाओं के लिए मेहंदी शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं के हाथों में सुंदर और आकर्षक डिजाइन की मेहंदी लगाई गई। वहीं चंडीगढ़ पुलिस की लेडी पुलिस कांस्टेबल भी ड्यूटी और नौकरी के साथ रीति-रिवाजों का भी पालन करते हुए मेहंदी लगवाने पहुंची। ओंकार मार्केटिंग के ओनर रविंद्र सिंह बिल्ला ने कहा कि करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए खास माना जाता है। इस पर्व में महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ व्रत रखती हैं और उनके जीवन में समृद्धि की कामना करती हैं। इस दिन पि यां सोलह श्रृंगार करके चंद्रमा की पूजा करती हैं। सोलह श्रृंगार में सबसे ज्यादा महत्व रखती है मेहंदी। सोलह श्रृंगार की सभी सामग्रियां पति की लंबी उम्र और वैवाहिक जीवन में प्यार, भक्ति और प्रार्थना का प्रतीक मानी जाती हैं।

बच्चों से भरी स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त

अनंत ज्ञान, पंचकूला। पंचकूला के मोरनी हिल्स में टिक्क र ताल के पास बच्चों से भरी एक स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा शुक्रवार को हुआ, जब बस तेज रफ्तार में चलते हुए अचानक पलट गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, बस के ड्राइवर की लापरवाही और तेज रफ्तार दुर्घटना का कारण बनी। बस में पंजाब के मालेरकोटला जिले के एक निजी स्कूल, ननकाना साहिब के छात्र सवार थे, जो स्कूल दौरे पर मोरनी गए हुए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए मोरनी के चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल बच्चों को पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित अस्पताल में रेफर किया गया है।दुर्घटना में बस का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव दल के आने से पहले ही बाहर निकाला। उसे भी सेक्टर 6 अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

3 और 4 नंबर रेलवे प्लेटफॉर्म 24 तक बंद

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का काम चल रहा है। प्लेटफॉर्म नंबर एक से छह तक कंकोर्स निर्माण के लिए शनिवार से नंबर 3 और 4 नंबर प्लेटफॉर्म को 24 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इन दोनों प्लेटफॉर्मों से आने और जाने वाली करीब 10 ट्रेनों का प्लेटफॉर्म बदल दिया गया है। अंबाला मंडल के डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि चंडीगढ़ आने-जाने वाली चार ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, जबकि हैवी ट्रैफिक के चलते कुछ ट्रेनों का 19 से 24 अक्तूबर तक घग्गर और मोहाली में स्टॉपेज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

जेडीएस नेता भवानी रेवन्ना को मिली राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेडीएस नेता भवानी रेवन्ना को बड़ी राहत देते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को बरकार रखा। हाईकोर्ट ने भवानी रेवन्ना को अग्रिम जमानत दी थी, जिसके खिलाफ कर्नाटक एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जेडीएस नेता की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और भवानी रेवन्ना को दी गई अग्रिम जमानत में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

धनशोधन मामले में ईडी ने की छापेमारी

हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की जांच के सिलसिले में शनिवार को आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एमवीवी सत्यनारायण और कुछ अन्य के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशाखापत्तनम समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी की टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है।

प्रशांत किशोर ने 2 कैंडिडेटों का किया ऐलान

नई दिल्ली। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने शनिवार को बिहार विधानसभा उपचुनाव के लिए 2 कैंडिडेट का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने गया के इमामगंज से डॉ. जितेंद्र पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, बेलागंज से खिलाफत हुसैन को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। खिलाफत जिले के मिर्जा गालिब कालेज में मैथ्स का प्रोफेसर हैं। जबकि डॉ. जितेंद्र शिशु रोग विशेषज्ञ और कम पैसों में बेहतर इलाज के लिए जाने जाते हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने शनिवार को दोनों के नाम का ऐलान किया। पार्टी अब तक उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इससे पहले जन सुराज ने तरारी से लेफ्टिनेंट जनरल श्री कृष्ण सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

हथियारों और गोला-बारूद पर प्रतिबंध बढ़ाया

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने कैरेबियाई देश हैती में सभी प्रकार के हथियारों और गोला बारूद पर प्रतिबंध लगाने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पर मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों ने जिस प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से मतदान किया, वह उसे हैती में हथियारों और संबंधित सामग्री की अवैध तस्करी और अन्यत्र उपयोग को रोकने के लिए उचित कदम उठाने' ' का अधिकार देता है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिका से, खासकर फ्लोरिडा से तेजी से हैती में अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी कर इसे सीधे तौर पर गिरोह के सदस्यों और अपराधियों को पहुंचाया जा रहा है।

व्यावसायीकरण से शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव : धनखड़

एजेंसी, जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

धनखड़ ने एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं थी। यह त्याग और दान का माध्यम थी, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था। लेकिन अब चिंता का विषय है कि शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया और इसे फायदे के लिए बेचा जा रहा है, जिस कारण इसकी गुणवत्ता पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दे। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे। हम तकनीकी रूप से आगे नहीं रहेंगे तो हमारी आर्थिक प्रगति रुक जाएगी।

भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू शाखा के प्रमुख सुभाष चंद्र नायक ने की 'अनंत ज्ञान' से खास बातचीत, कहा-

सावधान! सोना खरीदने से पहले देखें क्या आप हॉलमार्क सोना खरीद रहे हैं

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) परवाणू शाखा के प्रमुख सुभाष चंद्र नायक ने 'अनंत ज्ञान' के चंडीगढ़ के ब्यूरो चीफ जगदीश शर्मा के साथ खास बातचीत करके लोगों को त्योहारी सीजन में धोखाधड़ी से सावधान रहने के बारे में जानकारी दी। पेश है बातचीत के मुख्यांशः-

बीआईएस के बारे में बताएं?

भारतीय मानक ब्यूरो भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है, जिसे बीआईएस अधिनियमए 2016 के तहत स्थापित किया गया है। ये वस्तुओं के मानकीकरणए अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन के सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए जिम्मेदार है। बीआईएस को मूल रूप से भारतीय मानक संस्थान के रूप में 1947 को स्थापित किया गया था ।

मानक क्या है और इसे कैसे तैयार किया जाता?

मानक एक दस्तावेज है, जिसमें स्थापित दिशानिर्देश, नियम या मानदंड होते हैं, जो गुणवत्ताए सुरक्षाए प्रदर्शन या तकनीकी विनिर्देशों को परिभाषित करते हैं । भारतीय मानक विभिन्न हितधारकों जैसे प्रोद्यौगिकी विशेषज्ञोंए उपभोक्ता निकायों, शिक्षाविदों, उद्योग पेशेवरों, परीक्षण एजेंसियों और सरकारी नियामकों को शामिल करते हुए परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किए जाते हैं। बीआईएस ने स्थापना के बाद, उत्पादों, परीक्षण विधियों, अभ्यास संहिता, विशेष प्रकाशनों को कवर करते हुए 23000 से अधिक मानक प्रकाशित किए हैं।

बीआईएस द्वारा प्रमाणित उत्पाद कौन से हैं?

बीआईएस विभिन्न योजनाओं के तहत भारतीय मानकों द्वारा कवर किए गए उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रमाणित करता है। सबसे लोकप्रिय उत्पाद प्रमाणन योजना और पंजीकरण योजना है। उत्पाद निर्माता मूल्यांकन और उत्पाद परीक्षण की कठोर प्रक्रिया से गुजरने के बाद अपने उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद लाइसेंसधारी अपने अनुरूप उत्पादों को आई एस आई चिन्ह् के साथ चिन्हित करने के हकदार हैं, जो विश्वास और विश्वसनीयता का प्रतीक बन गया है। कुछ उत्पादों के लिए अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है कि सरकारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के तहत आईएसआई चिह्न के बिना उनकी बिक्री प्रतिबंधित है।

क्या बीआईएस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मानक विकसित कर रहा है?

हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंससे हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। बीआईएस ने इसके महत्व को पहचाना है और एआई के विभिन्न पहलुओं को कवर करते हुए कई मानक प्रकाशित किए हैं। अब तक 22 मानक प्रकाशित किए जा चुके हैं और कई और मानक पाइपलाइन में हैं और जल्द ही प्रकाशित किए जाएंगे।

प्रश्न । बीआईएस की हॉलमार्किंग योजना क्या है?

उत्तर। हॉलमार्किंग आभूषण, कलाकृतियां, बुलियन या सिक्कों में सोने और चाँदी जैसी कीमती धातुओं की आनुपातिक सामग्री या सटीक निर्धारण और आधिकारिक रिकॉर्डिंक है। 23 जून, 2021 को भारत सरकार ने कलाकृतियों की 256 जिलों में सोने के आभूषणों पर अनिवार्य हॉलमार्किंग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किया गया, जहां कम से कम एक परख और हॉलमार्किंग केंद्र है। जो जौहरी हॉलमार्क वाले आभूषण बेचना चाहते हैं, उन्हें बीआईएस से पंजीकरण प्राप्त करना होगा। फिर वे बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त परख और हॉलमार्किंग केंद्रों पर हॉलमार्किंग के लिए आभूषण जमा करते हैं, जहां आभूषण का परीक्षण किया जाता है। सभी सोना खरीदने से पहले देखें क्या आप हॉलमार्क सोना खरीद रहे हैं या नहीं।

गौ माता के मुद्दे पर सरकारों का रवैया उदासीन : शंकराचार्य

चंडीगढ़। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के मुद्दे पर भाजपा-कांग्रेस समेत देश भर की सभी पार्टियों का रवैया उदसीन है। इससे भी बढ़ कर उन्हें आरएसएस से भी निराशा मिली। ये कहना था पूज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज 1008 का।

वे आज गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा का नेतृत्व करते हुए चंडीगढ़ के कैम्बवाला गांव स्थित श्री गोपाल गौलोक धाम, गौशाला में पधारे थे, जहां उन्होंने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

शंकराचार्य जी महाराज इस ऐतिहासिक यात्रा के माध्यम से भारत भूमि की ऊपर से सम्पूर्णतया गौहत्या का कलंक मिटाकर गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए प्रयासरत्त हैं। इस ऐतिहासिक यात्रा को विगत दिनों तब एक बडी सफलता मिली जब पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज के निर्देश पर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ सम्भाजी शिंदे ने देसी (रामा) गाय को राज्यमाता घोषित करके केबिनेट की प्रस्ताव की कापी शंकराचार्य जी के चरणों में सौंपी।

राधा रतूड़ी ने नीति आयोग को उपलब्धियों की जानकारी दी

जगदीश शर्मा, देहरादून

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने माननीय उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन बेरी, भारत सरकार की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में उत्तराखंड सरकार द्वारा जनहित में किए गए अभिनव प्रयासो एवं उपलब्धियों की जानकारी आयोग को दी। इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आयोग के समक्ष उत्तराखंड राज्य की विशेष परिस्थितियों के संदर्भ में अपेक्षित बिंदुओं को रखा।

रतूड़ी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रपोषित योजनाओं के लिए वन साइज फिट फॉर ऑल की परिकल्पना पर आधारित होने के कारण योजनाओं के निर्धारित मानको को बदलना तथा शिथिलता प्रदान करने के साथ ही अधिक विकेन्द्रीकरण, नियोजन एवं नीतियों की आवश्यकता है। लैंगिक असमानता को कम करने हेतु उत्तराखंड सीसी एक्ट लागू किए जाने से महिलाओं को लैंगिक समानता का अधिकार प्राप्त होगें। इसके साथ ही राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी और दंगारोधी कानून लागू कर दिए गए हैं। इसी प्रकार लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत आरक्षण तथा सहकारी प्रबंध समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के फलस्वरूप सभी प्रकार की परीक्षाओं में शत-प्रतिशत पारदर्शिता आई है।

पुलिस की रेड के बाद स्पा सेंटर की छत से युवती ने छलांग लगाई, मौत

चंडीगढ़। जीरकपुर के वीआईपी रोड पर स्थित ट्रिपल सी कॉमर्शियल प्रोजेक्ट में चल रहे एक स्पा सेंटर में पुलिस ने छापा मारा। इससे घबराई एक युवती चौथी मंजिल से कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की पुष्टि नहीं कर रही है। फिलहाल स्पा सेंटर पर पुलिस तैनात है और मामले की जांच में जुटी है। इस बारे में मनप्रीत सिंह, एसपी रूरल मोहाली ने बताया कि मामला उनके ध्यान में आया है। जीरकपुर के एक स्पा सेंटर में युवती ने छलांग लगाई है।

युवती सपा सेंटर में काम करती थी और पुलिस के छापे की सूचना मिलते ही डर के मारे युवती ने सपा सेंटर की चौथी मंजिल की पिछली खिड़की से छलांग लगा दी।

किसानों ने किया सीएम हाउस का घेराव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पंजाब में धान की खरीद उचित तरीके से न होने के विरोध में किसान आज दोबारा से चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस का घेराव करने पहुंचे। काफी संख्या में किसान मोहाली के दशहरा ग्राउंड में इकट्ठे हुए। जब वे चंडीगढ़ के लिए निकलने लगे तो पुलिस ने उन्हें चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर ही रोक लिया, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े रहे और वहीं बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे।

पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए जगतपुरा, फेज-2 व वाईपीएस चौक पर बैरिकेड्स लगाकर रास्ते बंद कर दिए। इस दौरान सड़क पर काफी जाम लग गया पुलिस को वैकल्पिक रास्तों से वाहनों को निकालना पड़ा। साथ ही काफी संख्या में हां पर फोर्स तैनात कर दी। कुछ किसानों ने बैरिकेड तोड़कर आगे जाने की कोशिश भी की।

किसानों का कहना है कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है। ऐसे में चंडीगढ़ में प्रदर्शन करने से हमें कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें बिठाकर रखना है, तब तक यह संघर्ष चलता रहेगा। उन्होंने पुलिस मुलाजिमों को कहा कि आप हमें शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि अगर हम गलत करते हैं तो पर्चा दर्ज कर दो।

कुछ किसान नेताओं को लिया हिरासत में

चंडीगढ़ पुलिस ने भी कुछ किसान नेताओं को हिरासत में लिया था, जिससे किसान नेता ज्यादा भड़क गए। उनका कहना है कि हमें चंडीगढ़ सीएम हाउस का घेराव करने का कोई शौक नहीं है, लेकिन मंडियों में किसानों को दिक्कत आ रही है। फसलों के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में उन्हें यह राह चुननी पड़ी है

देश-विदेश

मणिपुर के जिरिबाम गांव में उग्रवादियों ने किया हमला, फिर भड़की हिंसा

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर में उग्रवादियों ने जिरिबाम जिले के एक गांव में हमला कर दिया, जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से तड़के करीब पांच बजे बोरोबेकरा पुलिस थाने के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया।

उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने बमबारी भी की। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई। घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा जा रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिर से हिंसा शुरू होने पर सुरक्षा बल बुजुर्ग लोगों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। जिरिबाम शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर बोरोबेकरा घने जंगलों से घिरा है और एक पर्वतीय क्षेत्र है। पिछले साल मई में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद इस इलाके में ऐसे कई हमले हुए हैं। राज्य में जारी संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए संघर्षरत मेइती और कुकी समुदायों के विधायकों के बीच नयी दिल्ली में बातचीत के कुछ दिन बाद यह हिंसा हुई है।

जीतन राम मांझी की बहू की राजनीति में एंट्री

नई दिल्ली। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होने वाले हैं, जिनमें बेलागंज और इमामगंज सीटें गया जिले से संबंधित हैं। इमामगंज सीट केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। सूत्रों के अनुसार, जीतन राम मांझी के परिवार के कई सदस्य टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिससे चयन प्रक्रिया और जटिल हो गई है। अब हाल ही में खबर सामने आई है कि जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी को इमामगंज सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

गाजा में इसराइल ने किया हमला, 11 लोगों की मौत

एजेंसी, यरुशलम

इसराइल की ओर से गाजा में किए गए ताजा हमले में तीन बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ घंटे पहले किए गए एक अन्य हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए थे। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि इसराइल ने शनिवार सुबह मध्य गाजा में मघाजी शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें मारे गए सभी लोग एक ही परिवार के थे। हमले के बाद इसी अस्पताल में शवों को लाया गया था।

दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह की सुरंगों को निशाना बना रहा इसराइल

तेल अवीव। गाजा में हमास के भूमिगत ठिकानों पर पिछले एक साल से हमला कर रही इसराइली सेना अब दक्षिणी लेबनान में चरमपंथी समूह हिजबुल्ला की भी सुरंगों और उसके अन्य ठिकानों को निशाना बना रही है। हमास ने इसराइल में पिछले साल हमला किया था, जिसके बाद इजराइल ने गाजा में जवाबी कार्रवाई की।

आप' और केजरीवाल भविष्य की मेरी राजनीतिक भूमिकाएं तय करेंगे : सत्येंद्र

एजेंसी, नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनकी भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और इसके संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को धनशोधन के एक मामले में शहर की एक अदालत की ओर से जमानत दिए जाने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार रात को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। जैन से जब भविष्य की उनकी राजनीतिक भूमिका के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं वही करूंगा जो हमारी पार्टी और अरविंद केजरीवाल कहेंगे।

सीतारमण और मेक्सिको के वित्त मंत्री के बीच आर्थिक संबंधों पर चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मेक्सिको के अपने समकक्ष रोजेलियो रामिरेज डे ला ओ से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हित के क्षेत्रों तथा परस्पर आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की।

मेक्सिको सिटी में बैठक के दौरान सीतारमण ने रामिरेज डे ला ओ को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए वित्त और सार्वजनिक साख मंत्री नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। सीतारमण ने विवेकपूर्ण राजकोषीय नीतियों के बाद पिछले छह वर्षों में मेक्सिकन अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन की भी सराहना की। सीतारमण ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से भारत और मेक्सिको के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी का प्रस्ताव रखा और इस बात पर जोर दिया कि 'युवा नवीन और प्रभावी समाधान पेश करने में सक्षम हैं और विचारों के इस तरह के आदान-प्रदान से दोनों देशों को मदद मिल सकती है।' वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि उन्होंने बुनियादी ढांचे से संबंधित खर्च के साथ-साथ कारोबारी सुगमता पर भारत के निरंतर ध्यान को भी साझा किया, जिसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 1,500 पुराने कानूनों और लगभग 6,000 अनुपालन नियमों को हटाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को मेक्सिको सरकार के साथ अपने अनुभव साझा करने और भारत के डिजिटल परिवर्तन के आधार पर सहयोग की संभावनाएं तलाशने में खुशी होगी।

आरजी कर मामला
डॉक्टरों का आमरण अनशन 15वें दिन भी जारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में पीड़िता को न्याय दिलाने तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कनिष्ठ चिकित्सकों का आमरण अनशन शनिवार को 15वें दिन भी जारी है।

अभी तक, अनशन कर रहे छह चिकित्सकों की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल आठ चिकित्सक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं और उन्होंने राज्य सरकार से गतिरोध खत्म करने के लिए 21 अक्तूबर तक कदम उठाने की मांग की है।

दिल्ली में बिगड़ा प्रदूषण स्तर, मुंडका और बवाना में एक्यूआई 366 पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली में शनिवार सुबह धुंध की परत छायी रही और शहर की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे 24 घंटे का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में वायु गुणवत्ता बदतर रही।

आंकड़ों के अनुसार, मुंडका और बवाना में एक्यूआई 366, वजीरपुर में 355, जहांगीरपुरी में 347 और आनंद विहार में 333 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बेहद खराब' तथा 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 51 प्रतिशत दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में आज आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए गिरफ्तार पांच आरोपियों ने मांगे थे 50 लाख रुपए

मुंबई। बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने खुलासा किया कि इस मामले में हाल में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने हत्या के लिए 50 लाख रुपए मांगे थे, लेकिन भुगतान को लेकर असहमति और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता के रसूख को देखते हुए उन्होंने हत्या को अंजाम देने से बाद में मना कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने (हाल में गिरफ्तार पांच आरोपियों ने) पूर्व विधायक सिद्दीकी की हत्या में शामिल लोगों को आवश्यक सामग्री और अन्य प्रकार की मदद दी थी। सिद्दीकी की हत्या मामले में शूटरों को हथियार और रसद सहायता उपलब्ध कराने के आरोप में शुक्रवार को पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या अब नौ हो गई है, जबकि तीन लोग फरार हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि सप्रे के नेतृत्व वाले गिरोह ने राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए मध्यस्थ से 50 लाख रुपए की मांग की थी लेकिन सौदे पर असहमति के कारण यह बात नहीं बन पाई।

स्पोर्ट्स विंडो

गोल्फ : गगनजीत भुल्लर ने थाईलैंड में संयुक्त बढ़त हासिल की

हुआ हिन (थाईलैंड)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने ब्लैक माउंटेन गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन 66 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त हासिल की।

भुल्लर ने पहले दिन 65 का कार्ड खेला था और अब वह थाईलैंड के फॉर्म में चल रहे सुतीपात प्रतीपिएनचाई के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हैं। अन्य भारतीयों में खालिन जोशी और करणदीप कोचर कट हासिल करने में सफल रहे। जोशी संयुक्त 13वें और कोचर संयुक्त 56वें स्थान पर हैं। जोशी ने 66 और कोचर ने 67 का कार्ड बनाया।

तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन की तैयारियां जोरों पर : कर्नल रावत

ईटानगर। भारतीय सेना और अरुणाचल प्रदेश सरकार की संयुक्त मेजबानी में 24 अक्तूबर को आयोजित होने वाले तवांग अंतरराष्ट्रीय मैराथन के दूसरे सत्र की तैयारियां जोरों पर हैं। रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थल पर आयोजित होने वाले इस मैराथन को 'क्वीन ऑफ हाई-एल्टीट्यूड रन' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यह सीमावर्ती शहर तवांग में नागरिक-सैन्य सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती केट क्रॉस

नई दिल्ली । इंग्लिश स्टार गेंदबाज केट क्रॉस अपनी बेहतरीन मीडियम बॉलिंग के अलावा अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए सेवाएं दे रही यह खूबसूरत गेंदबाज सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

भारत करेगा एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी

नई दिल्ली। भारत एक से 10 दिसंबर तक पहली बार एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जिसका आयोजन इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट के 20वें चरण का आयोजन पहले कजाखस्तान के अल्माटी में होना था, लेकिन अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण इसका स्थल बदलना पड़ा। भारत के अलावा ईरान, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, कजाखस्तान, हांगकांग और सिंगापुर टूर्नामेंट में भाग लेने वाले मजबूत देश हैं। एशियाई हैंडबाल महासंघ के तकनीकी सहायक निदेशक अब्दुल्लाह अल थेयब ने कहा, ''भारत में एशियाई महिला हैंडबाल चैंपियनशिप के 20वें चरण की मेजबानी करने को लेकर हम बहुत खुश हैं। यह टूर्नामेंट भारत की क्षमता को दर्शाता है। '' भारत इस एशियाई टूर्नामेंट में 8वीं बार शिरकत कर रहा है जबकि देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो बार 2000 और 2022 में छठा स्थान हासिल करना रहा है।

भारत के तीन खिलाड़ी ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण सत्र के लिए चुने गए

नई दिल्ली। जमीनी स्तर की फुटबॉल पहल 'यूनाइटेड वी प्ले' के भारत में आयोजित चौथे सत्र से चुने गए पांच फुटबॉल खिलाड़ी मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रशिक्षण लेंगे। इसमें तीन भारतीय खिलाड़ी हैं। इस आयोजन में 18 शहरों के 15,000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसका समापन चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल गैरी नेविल की उपस्थिति में एक भव्य समापन समारोह में हुआ। इसके फाइनल के बाद पीसी लालचुआनवमा (मिजोरम), श्रीजल किस्कू (भुवनेश्वर), मोहम्मद अयान (लखनऊ), भक्त बहादुर परियार (नेपाल) और चानसोन चैयथम (बैंकॉक) को चयनित किया गया।

बेंगलुरु टेस्ट | शतक से चूके विकेटकीपर बल्लेबाज पंत, टीम इंडिया की दूसरी पारी 462 रनों पर सिमटी

न्यूजीलैंड जीत से 107 रन दूर

एजेंसी, बेंगलुरु

सरफराज अहमद (150) और ऋषभ पंत (99) की बीच चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी के दौरान भारत ने तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को मैच पर शिकंजा कसना शुरू किया था, लेकिन तेज गेंदबाजों ने नई गेंद से 54 रन के अंदर सात विकेट झटककर न्यूजीलैंड की शानदार वापसी कराई।

भारत की दूसरी पारी 462 रन पर सिमटी, जिससे न्यूजीलैंड को जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य मिला। सरफराज ने अपनी 195 गेंद की पारी में 18 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि पंत ने 105 गेंद की पारी में 9 चौके और पांच छक्के जड़े।

न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया ही था कि पहले ओवर के दौरान खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने मैच को रोक दिया। इसके बाद तेज बारिश होने लगी और दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। टीम अब तक चार गेंद की अपनी दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सकी। क्रीज पर उसके दोनों सलामी बल्लेबाज टॉम लाथम और डेवोन कॉनवे मौजूद हैं।

खराब रोशनी के कारण मैच रोकने के अंपायरों के फैसले से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खफा भी दिखे। उन्हें मैदानी अंपायरों से थोडे सख्त लहजे में बात करते भी देखा गया।

बारिश से प्रभावित दिन के खेल के दौरान भारतीय पारी के 80वें ओवर के बाद कप्तान लाथम ने नई गेंद लेने का फैसला किया और उनके तेज गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया।

अनुभवी टिम साउथी ने सरफराज को आउट कर पंत के साथ उनकी शानदार साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नए गेंदबाज विलियम ओ'राउरकी ने सात गेंद के अंदर पंत और लोकेश राहुल (12) को आउट कर भारत पर फिर से दबाव बना दिया। गेंद पंत के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटों से टकरा गयी जबकि राहुल विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल द्वारा लपके गए।

रन 99 | गेंद 105 | चौके 09 | छक्के 05

पारी के दौरान शॉट खेलते पंत।

सरफराज खान ने लगाया भारत के लिए 550वां टेस्ट शतक

सरफराज खान ने जो टेस्ट शतक लगाया वो भारत की तरफ से क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 550वां शतक रहा। भारत की तरफ से पहला टेस्ट शतक लाला अमरनाथ ने 1933 में लगाया था। लाला अमरनाथ ने ये शतक इंग्लैंड की टीम के खिलाफ जड़ा था। वहीं सरफराज खान इस टेस्ट शतक के बाद कुछ खास भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए।

पहला शतक	लाला अमरनाथ (बनाम इंग्लैंड, 1933)
50वां शतक	पॉली उमरीगर (बनाम पाकिस्तान, 1961)
100वां शतक	सुनील गावस्कर (बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1977)
150वां शतक	सुनील गावस्कर (बनाम पाकिस्तान, 1983)
200वां शतक	मोहम्मद अजरुद्दीन (बनाम इंग्लैंड, 1990)
250वां शतक	सचिन तेंदुलकर (बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1998)
300वां शतक	सचिन तेंदुलकर (बनाम वेस्टइंडीज, 2002)
350वां शतक	वीवीएस लक्ष्मण (बनाम पाकिस्तान, 2007)
400वां शतक	राहुल द्रविड़ (बनाम न्यूजीलैंड, 2010)
450वां शतक	अजिंक्य रहाणे (बनाम श्रीलंका, 2015)
500वां शतक	विराट कोहली (बनाम वेस्टइंडीज, 2018)
550वां शतक	सरफराज खान (बनाम न्यूजीलैंड, 2024)

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			46/10
न्यूजीलैंड (पहली पारी)			402/10
भारत (दूसरी पारी)	**रन**	**गेंद**	**4/6**
जायसवाल स्टं. ब्लंडेल ब. ऐजाज	35	52	6/0
रोहित ब. ऐजाज	52	63	8/1
कोहली क. ब्लंडेल ब. फिलिप्स	70	102	8/1
सरफराज क. ऐजाज ब. साऊथी	150	195	18/3
पंत ब. विलियस	99	105	9/5
राहुल क. ब्लंडेल ब. विलियस	12	16	2/0
जडेजा क. यंग ब. विलियस	05	15	1/0
अश्विन पगबाधा ब. हेनरी	15	24	1/0
कुलदीप (नाबाद)	06	20	0/0
बुमराह क. ब्लंडेल ब. हेनरी	00	04	0/0
सिराज क. साऊथी ब. हेनरी	00	02	0/0
अतिरिक्त	18		
कुल : (99.3 ओवर)	462/10		

विकेट पतन : 1-72, 2-95, 3-231, 4-408, 5-433, 6-438, 7-441, 8-458, 9-462, 10-462.

गेंदबाजी : साऊथी 15-2-53-1, हेनरी 24.3-3-102-3, विलियस 21-4-92-3, ऐजाज 18-3-100-2, फिलिप्स 15-2-69-1, रचिन 6-0-30-0.

न्यूजीलैंड (दूसरी पारी)	रन	गेंद	4/6
लाथम (नाबाद)	00	04	0/0
कॉनवे (नाबाद)	00	00	0/0
अतिरिक्त	00		
कुल : (0.4 ओवर)	--		

गेंदबाजी : बुमराह 0.4-0-0-0.

रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक आईएमएल संचालन परिषद में शामिल

मुंबई। पूर्व महान खिलाड़ी विवियन रिचर्ड्स, सुनील गावस्कर और शॉन पोलक कोइंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) टूर्नामेंट के संचालन परिषद का सदस्य घोषित किया गया।

भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा सहित पूर्व खिलाड़ियों की भागीदारी वाले छह देशों के इस टी-20 टूर्नामेंट का उद्घाटन सत्र 17 नवंबर से आठ दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। आईएमएल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' यह त्रिमूर्ति (रिचर्ड्स, गावस्कर और पोलक) आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेगी।

सुल्तान जोहोर कप : भारत की जूनियर पुरुष टीम ने जापान को 4-2 से हराया

एजेंसी, जोहोर (मलेशिया)

आमिर, गुरजोत और आनंद ने किए भारत के लिए गोल

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां जापान को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए आमिर अली (12वें मिनट), गुरजोत सिंह (36वें), आनंद सौरभ कुशवाह (44वें) और अंकित पाल (47वें) ने जबकि जापान के लिए त्सुबासा तनाका (26वें) और राकुसी यामानाका (57वें) ने गोल किए।

भारत के पूर्व गोलकीपर और जूनियर टीम के कोच पीआर श्रीजेश अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आ रहे थे। यह मैच शुरू से ही काफी रोमांचक रहा। भारत ने आक्रामक खेल दिखाया और वह शुरू से ही गोल करने के मौके बनाने की कोशिश करता रहा। भारतीय प्रयासों को तब सफलता मिली जब मैच के 12वें मिनट में आमिर अली ने जापान के रक्षकों को छकाकर मैदानी गोल करके भारत का खाता खोला।

जापान ने वापसी करने के लिए अच्छे प्रयास किया और वह तब इसमें सफल रहा जब 26वें मिनट में त्सुबासा तनाका ने बराबरी का गोल किया। गुरजोत ने मध्यांतर के छह मिनट बाद मैदानी गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत को इसके कुछ मिनट बाद दिलराज सिंह के शानदार खेल से पेनल्टी कार्नर मिला जिसे आनंद सौरभ कुशवाह ने अपने ताकतवर ड्रैगफ्लिक से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। जापान के गोलकीपर किशो कुरोदा के पास उनके करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था।

भारत ने अंतिम क्वार्टर में भी एक गोल किया। अंकित पाल ने 47वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर रिबाउंड से यह गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। राकुसी यामानाका ने अंतिम हूटर बजने से तीन मिनट पहले जापान के लिए दूसरा गोल किया, लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

नेपाल के अमन थापा ने जीती पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

जुन्गा में बीते चार दिनों से चल रहे फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का शनिवार को समापन हो गया जिसमें देश और विदेश से आए 40 पैराग्लाइडर पायलटों ने भाग लिया।

फ्लाइंग फेस्टिवल के अंतिम दिन पैराग्लाईडिंग के सेमीफाइनल और फाईनल मुकाबले हुए जिसमें कुल 64 उड़ाने भरी गई। इस चार दिवसीय पैराग्लाईडिंग चैंपियनशिप में नेपाल के अमन थापा ने दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करके सवा दो लाख इनाम व ट्रॉफी अपने नाम की। बीते वर्ष भी अमन थापा ने प्रथम पुरस्कार जीता था। इसी प्रकार चंबा खजियार से अक्षय कुमार द्वितीय और धर्मशाला से मोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे । प्रदेश सरकार के मिडिया सलाहकार नरेश चौहान और भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को सम्मानित किया।

आंशिका राष्ट्र स्तरीय ताइक्वांडो के लिए चयनित

संजीव चौहान, टौणी देवी

गोल्डन गर्ल के नाम से प्रसिद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह की आंशिका ठाकुर का देवास मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय के टूर्नामेंट ताइक्वांडो गेम्स के लिए चयन हुआ है।

यह स्कूल व जिला व प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इससे पहले अंशिका ठाकुर ने हिमाचल राज्य स्तरीय खेलों में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल जीता था व जिला स्तरीय खेलों में भी गोल्ड मैडल जीता था और जूडो और ताइक्वांडो में भी गोल्ड जीता है, तभी से इसे गोल्डन गर्ल के नाम से जाना जाता है जो तीन सालों से स्कूल का नाम रोशन कर रही है। प्रधानाचार्य और स्कूल स्टाफ ने बच्ची और कोच डीपी होशियार सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

मौजूदा पीढ़ी के जिम्नास्टों में जुनून की कमी : दीपा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने मौजूदा पीढ़ी के ज्यादातर खिलाड़ियों में जुनून की कमी पर निराशा जाते हुए उनसे वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साह के साथ जिम्नास्टिक को अपनाने की सलाह दी। दीपा ने इस महीने की सात तारीख को संन्यास की घोषणा की थी।

रियो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर मामूली अंतर से पदक चूकने वाली दीपा नियमित रूप से अत्यधिक कठिन प्रोडुनोवा वॉल्ट करके लोगों को प्रभावित करती थीं। दीपा ने जब पूछा गया कि भारतीय महिला जिम्नास्टों में दीपा और प्रणति नायक के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई और पदक क्यों नहीं जीत पा रहा है तो उन्होंने कहा, ''दीपा में जुनून था, प्रणति के साथ भी ऐसा ही है।''

उन्होंने कहा, '' मैं मौजूदा पीढ़ी (जिम्नास्ट) में यह जुनून ज्यादा नहीं देख रही हूं। मुझे लगता है कि वे अल्पकालिक, तत्काल सफलता की तलाश में हैं।'' त्रिपुरा की 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो खेलों के वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रहकर सुर्खियां बटोरी थीं जहां वह सिर्फ 0.15 अंक से ओलंपिक पदक से चूक गई थी।

क्रिकेट | महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप खिताब के लिए न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से

आज दुनिया को मिलेगा नया वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी, दुबई

सोफी डिवाइन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की स्वर्णिम पीढ़ी के खिलाड़ियों के पास वैश्विक आईसीसी ट्रॉफी पर हाथ रखने का आखिरी मौका होगा, जब टीम टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस फाइनल मैच से टी-20 विश्व का नया चैंपियन मिलना तय है क्योंकि दोनों टीमों ने इससे पहले कभी भी इस प्रारूप का खिताब नहीं जीता है।

न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 2000 में एकदिवसीय विश्व कप जीता था, लेकिन मौजूदा टीम का कोई भी सदस्य उस ऐतिहासिक खिताबी जीत का हिस्सा नहीं था।

इस आयोजन के शुरू होने से पहले लगातार 10 मैचों में हार के कारण न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ था, लेकिन डिवाइन के नेतृत्व में इस समूह ने शानदार वापसी की। टीम को सुजी बेट्स, अमेलिया केर और ली ताहुहू जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी का फायदा मिला। यह संभवत: आखिरी बार है डिवाइन, बेट्स और ताहुहू किसी वैश्विक टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलेंगे।

35 वर्षीय डिवाइन के नाम सफेद गेंद प्रारूप में 7000 से अधिक रन हैं, जबकि 37 वर्षीय बेट्स के नाम 10,000 से अधिक रन हैं। तेज गेंदबाज ताहुहू 34 साल की है। उन्होंने वनडे में 112 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 93 विकेट चटकाए हैं। यह खिलाड़ी विश्व कप ट्रॉफी के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

दक्षिण अफ्रीका भी पिछले साल की कसक को दूर कर खिताब को अपने नाम करना चाहेगा। पिछले साल घरेलू मैदान पर विश्व कप फाइनल में उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों शिकस्त मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में टूर्नामेंट में अहम मौकों पर अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाया है और जब बल्लेबाजों के प्रदर्शन में गिरावट आई तो गेंदबाजों ने टीम को मैच जिताया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भी ऐसा ही नजारा दिखा जब गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाजों को रोककर कम स्कोर वाले मैच को अपने नाम किया। केर के नाम टूर्नामेंट में अब 12 विकेट है।

मैच : शाम 7 : 30 बजे से

संभावित टीमें

न्यूजीलैंड। सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, इसाबेला गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फ्रैन जोनास, लेह कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोसमरी मायर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहू में से।

दक्षिण अफ्रीका। लौरा वोलवार्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्कसन, मिके डी रिडर (विकेटकीपर), अयांदा, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), मारिजान कैप, अयाबोंगा खाका, सुने लुस, नॉनकुलुले म्लाबा, सेशनी नायडू, तुमी सेखुखुने, क्लो ट्रायॉन में से।

इशान किशन भारत-ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए तैयार

एजेंसी, नई दिल्ली

इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने वाले विकेटकीपर इशान किशन के भारत-ए टीम में वापसी करने की काफी संभावना है।

किशन को घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) को प्राथमिकता देने के कारण बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। किशन इस सत्र में घरेलू क्रिकेट में वापसी पर झारखंड का नेतृत्व कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो चार दिवसीय 'टेस्ट' के अलावा वह सीनियर टीम के साथ एक 'इंट्रा-स्क्वाड' अभ्यास मैच में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्तूबर से तीन नवंबर तक मैके और फिर सात से 10 नवंबर तक एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट मैदान) में होंगे। बीसीसीआई ने हालांकि अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन में से किसी एक को टीम का नेतृत्व करने की उम्मीद है।

अभिमन्यु ने अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक बनाए हैं। वह सीनियर टीम में वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल हो सकते हैं क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैचों में से एक के दौरान ब्रेक लेंगे।

दीपक चाहर के पांच विकेट से हिमाचल 98 रन पर सिमटा

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश के पांच विकेट झटके जिससे मेजबान टीम पहली पारी में टीम 98 रन पर सिमट गई और राजस्थान ने उसे फॉलो ऑन दिया।

भारत के 32 साल के चाहर ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए, जिससे हिमाचल प्रदेश की टीम राजस्थान के पहली पारी में 334 रन के जवाब में 100 रन के अंदर सिमट गई।

स्टंप तक हिमाचल प्रदेश ने दो विकेट गंवाकर 147 रन बना लिए और वह अब भी 89 रन से पीछे चल रहा है।

हिमाचल प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में मजबूत शुरूआत की जिसमें सलामी बल्लेबाज शुभम अरोड़ा और प्रशांत चोपड़ा ने 103 रन की भागीदारी निभाई।